# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, बुधवार 25 मार्च 2026





जीवेत शरदः शतम्
25 मार्च
आदरणीय
मध्यप्रदेश के लोकप्रिय जनसेवक मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन यादव जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
विकास वीरानी
पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष, भोपाल
जिला प्रभारी भाजपा, सीहोर
विरेन्द्र तिवारी
हरीश कुमार राम
विनय सिंह
महेन्द्र नामदेव
सुनील यादव
अध्यक्ष - भोजपाल महोत्सव मेला समिति
बधाईकर्ता : सुनील यादव (अध्यक्ष) - भोजपाल महोत्सव मेला समिति भोपाल

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, बुधवार 25 मार्च 2026


*भीम एप से बिना पिन होगा पेमेंट*

### बायोमीट्रिक से 5,000 रुपए तक कर सकेंगे यूपीआई पेमेंट




**नई दिल्ली।** भीम एप में नया फीचर आया है, जिससे बिना पिन के भी पेमेंट की जा सकती है। दरअसल, नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनपीसीआई भीम शेष पेज 2 पर










**सप्तम दिवसः मां कालरात्रि**



ज्वाला कराल अति उग्रम शेषा सुर सूदनम। त्रिशूलम पातु नो भीते भद्रकाली नमोस्तुते।

## मैहर में असिस्टेंट प्रोफेसर ने चलती बस में की अश्लीलता

**मैहर।** अमरपाटन स्थित शासकीय स्नातकोत्तर (पीजी) महाविद्यालय के एक असिस्टेंट प्रोफेसर द्वारा बस में महिला से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता ने अपने मोबाइल से घटना का



वीडियो भी बना लिया। जो वायरल है। पुलिस ने मंगलवार को असिस्टेंट प्रोफेसर आलोक सिन्हा को आरोपी बनाते हुए एफआइआर दर्ज कर ली। आरोपी दिल्ली का निवासी है और मैहर में अकेले रहकर 2015 से अमरपाटन में कार्यरत है। घटना सामने आने के बाद महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

### पश्चिम एशिया संकट के बीच राष्ट्रपति ट्रंप ने पीएम मोदी को लगाया फोन, बातचीत के दौरान पीएम बोले

# होर्मुज पर जताई चिंता, कहा- होर्मुज जलडमरूमध्य का खुला सुरक्षित और सुगम बने रहना पूरी दुनिया के लिए बेहद जरूरी



नरेंद्र मोदी और डोनाल्ड ट्रंप एआई इमेज

## मिडिल ईस्ट पर सरकार ने आज बुलाई सर्वदलीय बैठक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच भारत और अमेरिका के बीच उच्च स्तर पर अहम बातचीत हुई है। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बात की और दोनों ने क्षेत्र की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की।

खास तौर पर होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला रखने की जरूरत पर दोनों नेताओं ने गंभीरता से विचार किया, क्योंकि यह वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण मार्ग है। अमेरिकी राजदूत की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच हुई बातचीत में पश्चिम एशिया के हालात और समुद्री सुरक्षा पर फोकस रहा। दोनों नेताओं ने माना कि होर्मुज जलडमरूमध्य का खुला रहना जरूरी है ताकि वैश्विक व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति बाधित न हो। बातचीत के दौरान भारत ने तनाव कम करने और जल्द से जल्द शांति बहाल करने की जरूरत पर जोर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य का खुला, सुरक्षित और सुगम बने रहना पूरी शेष पेज 2 पर

*अब ये युद्ध अपनी समाप्ति की ओर जा रहा है। क्योंकि, पूरी दुनिया के सामने इस वक्त ऊर्जा संकट छा गया है। सारी टेक्नोलॉजी बैठने लगी है। लिहाजा, अब संवाद का दौर शुरू हो गया है*

*▶▶ 9 अप्रैल तक जंग खत्म करना चाहता है अमेरिका*

*▶▶ ईरान बोला- ट्रंप डेडलाइन नहीं तय कर सकते हैं*



ईरान के बुशहर में परमाणु ऊर्जा संयंत्र के पास धमाके हुए थे

**ईरानी मीडिया का दावा**

### एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमला हुआ

ईरानी मीडिया ने दावा किया है कि मंगलवार को दो गैस संयंत्रों और एक पाइपलाइन को निशाना बनाया गया। यह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पावर इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमला न करने की टिप्पणी शेष पेज 2 पर

### *ईरान के नए सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई अमेरिका से बातचीत के लिए तैयार*

**ट्रंप ने बातचीत का किया था दावा**

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने इस बातचीत के एक दिन पहले दावा किया था कि अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत हो रही है और कई मुद्दों पर सहमति बनने की स्थिति है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष समझौता चाहते हैं और अगर बातचीत सही दिशा में आगे बढ़ी तो कुछ ही दिनों में समाधान शेष पेज 2 पर

### *ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची और अमेरिका के मध्यस्थ स्टीव विटकॉफ के बीच बातचीत*

**ईरान ने किया था सभी दावों से इनकार**

हालांकि ईरान ने ट्रंप के इन सभी दावों को सिरे से खारिज कर दिया था। ईरान के शीर्ष नेताओं ने साफ कहा कि अमेरिका के साथ कोई बातचीत नहीं हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह फर्जी खबरें फैलाकर तेल बाजार और वैश्विक माहौल को प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है। ईरान का शेष पेज 2 पर

**अमेरिका और ईरान के बीच बैक-चैनल बातचीत आगे बढ़ी**

*ट्रंप ने कहा है कि ईरान के साथ वार्ता जारी है। अगले 5 दिनों तक ईरान पर हमला नहीं करेंगे। इस दौरान आगे का प्लान बनाएंगे कि क्या करना है। अमेरिका 9 अप्रैल तक जंग खत्म करना चाहता है। हालांकि, ईरानी अधिकारियों ने अल जजीरा से बातचीत में कहा कि ट्रंप के पास डेडलाइन तय* शेष पेज 2 पर ▶▶ पढ़ें पेज 10 भी



### गैस बुकिंग पर फिर नए नियम, जनता की बढ़ेंगी मुश्किलें

## डबल सिलेंडर होने पर 25 नहीं अब 35 दिन बाद होगी 'बुकिंग'

**उज्जवला योजना वाले उपभोक्ताओं को 45 दिन के गैप पर सिलेंडर**



**नई दिल्ली।** एलपीजी की किल्लत के बीच गैस बुकिंग को लेकर फिर नए नियम आ गए हैं। तेल कंपनियों ने इन्हें लागू कर दिया है। इसके तहत अब ऐसे घरों को 35 दिन बाद गैस सिलेंडर मिलेगा जहां पहले से दो सिलेंडर हैं। इसी तरह उज्जवला योजना वाले उपभोक्ताओं को 45 दिन के गैप पर सिलेंडर का नियम आ गया है। एलपीजी की सप्लाई में बढ़ती दिक्कत के बाद यह कदम उठाया गया है। हालांकि, एक सिलेंडर वालों के लिए नियम पहले जैसे ही रहेगा। यानी उन्हें 25 दिन के गैप पर सिलेंडर मिलेगा। सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि एलपीजी एसोसिएशन नए नियमों को तत्काल लागू कर दिया गया है। सभी एजेंसियों पर इस बाबत सूचना आ गई है। इसमें कहा गया है कि अब जिनके पास एक सिलेंडर है, सिर्फ उन्हें 25 दिन बाद सिलेंडर मिलेगा। जारी नए नियम शहरी, ग्रामीण और दुर्गम सभी क्षेत्रों में लागू होंगे। अब उपभोक्ता तय समय सीमा पूरी होने के बाद ही अगली गैस रिफिल बुक कर सकेंगे, इससे पहले बुकिंग करने पर सिस्टम द्वारा बुकिंग स्वतः ब्लॉक कर दी जाएगी। पढ़ें पेज 09 भी

**ऑयल कंपनियों ने कहा**

### नए नियम से सभी को उपलब्ध होंगे सिलेंडर

ऑयल कंपनियों का कहना है कि इस नई व्यवस्था से गैस वितरण प्रणाली में पारदर्शिता आएगी और सभी उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे निर्धारित समय सीमा के बाद ही गैस रिफिल बुक करें।


### *एलपीजी की कमी के कारण लोग इंडक्शन उपयोग कर रहे*

## खाना पकाते समय बम की तरह फटा इंडक्शन



*बाल-बाल बचा परिवार*

**नरसिंहपुर।** एलपीजी सिलेंडर की किल्लत के बीच लोग जिस इलेक्ट्रिक इंडक्शन को सुरक्षित विकल्प मान रहे थे, वही अब जोखिम का कारण बनता दिख रहा है। नरसिंहपुर जिले के ग्राम खैरीनाका में मंगलवार दोपहर एक इंडक्शन चूल्हा अचानक फट गया, जिससे किचन में अफरा-तफरी मच गई। घटना के समय गृहिणी हेमा जाट अपने दो बच्चों के साथ किचन में मौजूद थीं। वह बेटे के स्कूल से लौटने के बाद उसके लिए इंडक्शन पर खिचड़ी बना रही थीं। जैसे ही उन्होंने बर्तन उतारने की कोशिश की, अचानक तेज धमाका हुआ। यह इंडक्शन महज छह महीने पहले खरीदा था, जिस शेष पेज 2 पर



### अमेरिकी बिजनेसमैन ने राजस्थान रॉयल्स को 15 हजार करोड़ में खरीदा

**नई दिल्ली।** आईपीएल इतिहास की सबसे बड़ी डील सामने आई है, जहां राजस्थान रॉयल्स को एक अमेरिकी बिजनेसमैन ने रिकॉर्ड कीमत में खरीद लिया है। यह सौदा करीब 15000 करोड़ रुपए से भी ज्यादा में हुआ है, जिसने क्रिकेट जगत में हलचल मचा दी है। दरअसल, अमेरिका में बसे एंटरप्रेन्योर काल सोमानी ने एक बड़े निवेशक समूह (कंसोर्टियम) के साथ मिलकर राजस्थान रॉयल्स को लगभग 1.63 बिलियन डॉलर यानी करीब 15300 करोड़ रुपए में खरीद लिया है। पढ़ें पेज 12 भी



### चिन्नास्वामी स्टेडियम में 11 सीटें रहेंगी खाली

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाड़ी पिछले साल टीम की जीत के जश्न के दौरान भगदड़ में मारे गए 11 लोगों की याद में आईपीएल 2026 के मैच से पहले अभ्यास के दौरान 11 नंबर की जर्सी पहनेंगे। इसके अलावा फ्रेंचाइजी ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 11 सीटें खाली रखने की योजना भी बनाई है। आरसीबी ने पिछले साल ट्रॉफी जीती थी। स्टेडियम में जश्न के दौरान भगदड़ मच गई जिसमें 11 लोगों की जान चली गई थी। जिसकी आलोचना हुई थी। पढ़ें पेज 12 भी






हरिभूमि

# भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 25 मार्च 2026

3 पशु, मत्स्य पालन, कृषि आधारित उद्योगों के...



4 युद्ध के बीच यही स्वदेशी की ताकत... हम पर्व मना...



# शहर सरकार के एक दर्जन से ज्यादा पुराने वादे अब भी अधूरे, नए बजट में फिर किए

## सीमाओं पर 7 हेरिटेज गेट, गीता भवन, स्वीमिंग पुल, पार्कों के विकास के लिए भारी भरकम राशि का प्रावधान किया, लेकिन जमीन पर नहीं उतरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम के 2026-27 का बजट भले ही पिछले वित्तीय वर्ष 2025-26 की तुलना में 327 करोड रुपए ज्यादा का हो, लेकिन बीते बजट का नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष के आंकलन के अनुसार निगम आधी राशि भी विकास पर खर्च नहीं कर पाया। एक दर्जन से ज्यादा पुराने वादे ही धरातल पर नहीं उतरे। मौजूदा बजट में वे ही पुराने वादे कर लिए गए जो बीते बजट में शामिल रहे हैं। शहर की सीमाओं पर 7 हेरिटेज गेट, गीता भवन, स्वीमिंग पुल, पार्कों के विकास के लिए भारी भरकम राशि का प्रावधान किया, लेकिन यह काम अब भी अधूरे हैं। राजधानी में सिटी बसों के लिए महापौर स्मार्ट पास शुरू करने की घोषणा पर भी अमल नहीं हुआ। क्योंकि एक साल में बसों का संचालन ही शुरू नहीं हो सका। निगम वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट का आधा हिस्सा भी खर्च नहीं कर पाया। यानि 1500 करोड़ रुपए से भी कम राशि शहर सरकार राजधानी के विकास पर खर्च कर पाई। बची 55 प्रतिशत राशि लैप्स हो गई।

*नेता प्रतिपक्ष का तर्क-3611 करोड़ में से 1500 करोड़ हो सके खर्च, बाकी 55% राशि लैप्स*





फाइल फोटो

### नए बजट में कई पुरानी घोषणाएं भी की गईं शामिल

सोमवार को महापौर मालती राय द्वारा पेश किए गए बजट में पिछले बजट में शामिल कई घोषणाएं शामिल हैं। पिछले बजट में नगर निगम सीमा को जोड़ने वाले मुख्य मार्गों पर हेरिटेज प्रवेश द्वार निर्माण के लिए 3000 लाख का प्रावधान किया, लेकिन यह धरातल पर नहीं आ सका। महिला शक्तिकरण के लिए विशेष निधि 1500 लाख, जल संरचना-हरित क्षेत्र के विकास के लिए 300 लाख, अयोध्या बायपास पर स्वीमिंग पुल के लिए 400 लाख, स्वच्छ भारत मिशन के तहत 500 लाख का प्रावधान, शहर में गीता भवन के लिए 2000 लाख का प्रावधान किया, लेकिन यह योजनाएं आकार नहीं ले पाईं।

### पुराने वादे, जो नहीं हो सके पूरे

- प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के लिए 10 हजार से बढाकर जरूर 15 हजार रुपए राशि नए बजट में की गई।
- इतवारा में मीट मार्केट छह साल बाद भी नहीं बना।
- गोविंदपुरा इंडस्ट्रीयल एरिया में खेल मैदान एक साल में भी आकार नहीं ले सका।
- सिटी बसों के महापौर पास, नई बसें चलीं ही नहीं।
- पार्कों के विकास के लिए 1200 लाख।
- पीएम आवास योजना के कार्यान्वयन के लिए 40000 लाख का प्रावधान।
- छोला दशहरा मैदान के विकास के लिए 1000 लाख।
- रोड और चौराहों के विकास के लिए 1500 लाख
- अमृत 2.0 के लिए 7546 लाख। (यह काम वर्तमान में चल रहा है)
- नाला-नाली निर्माण के लिए 20000 लाख। (यह काम चल रहा है)
- विश्राम घाटों 500 व कब्रिस्तानों के लिए 200 लाख का प्रावधान।

### सामुदायिक भवनों की हालत नहीं सुधरी, वीरान पड़े

राजधानी में सामुदायिक भवनों को व्यवस्थित करने की घोषणाएं व बजट में राशि का प्रावधान किया, लेकिन इनके हालात नहीं सुधरे। इंद्रपुरी में 40 लाख से बना भवन धूल खा रहा है तो सोनागिरी में अतिक्रमण से घिरा है और खंडहर हो चुका है। अप्सरा टॉकीज के पास एक भवन वीरान है। ऐसे दो दर्जन से ज्यादा भवन हैं जिनकी देखरेख तक नहीं हो रही है।

### महापौर का तर्क- सभी वादे पूरे होंगे, हम गंभीरता से प्रयास कर रहे हैं...

महापौर मालती राय का कहना है कि नए और पुराने सभी वादे पूरे होंगे। नगर सरकार का यह वास्तविक और विकासशील बजट है। विकास के कामों में किसी तरह की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

### नेता प्रतिपक्ष बोलीं,55% लैप्स

नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी का कहना है कि बीते बजट की 45%राशि ही शहर सरकार खर्च कर पाई, बाकी राशि लैप्स हो गई। पिछले बजट को ही मौजूदा बजट के रूप में पेश किया गया है।

### पूर्व महापौर बोलीं- शहर का विकास होना चाहिए...

पूर्व महापौर विभा पटेल का कहना है कि हम तो चाहते हैं शहर का विकास होना चाहिए। जहां तक बजट और घोषणाओं की बात है तो जो वादे किए गए थे या किए हैं उन्हें पूरा करना चाहिए।

---

### सरकारी आवास कराए खाली, सुंदर नगर में बेदखली की कार्रवाई



**भोपाल।** राजधानी के टीटी नगर क्षेत्र में सरकारी आवासों को खाली करवाने की कार्रवाई निगम अमले ने की। संपदा संचालनालय और जिला प्रशासन की कार्रवाई में सहयोग करते हुए निगम अमले ने सरकारी आवासों से परिवारों को हटाया और घरेलू सामान जप्त किया। वहीं छोला दशहरा मैदान सुंदर नगर में एक घर पर बेदखली की कार्रवाई भी की और पानी के बर्तन, प्लास्टिक की टंकी, फर्नीचर, पंखा, हेलमेट, सूटकेस, बर्तन, मिक्सर, वाशिंग मशीन, अलमारी, पुराने बैग आदि जप्त किए। निगम के अतिक्रमण विरोधी अमले ने बोट क्लब पर कार्रवाई करते हुए 3 ट्रक सामान जप्त किया। वहीं, कोलार सर्वधर्म, चूना भट्टी, आलोक धाम, डीमार्ट, सौम्या चौराहा, सलैया, जवाहर चौक, सरस्वती नगर, भदभदा, सूरज नगर, साक्षी ढाबा, नीलबड़, कान्हा टॉवर, शाहपुरा शैतान सिंह चौराहा, शाहपुरा झील, नारायण नगर, नूतन कॉलेज, एमपी नगर, रानी कमलापति स्टेशन, आईएसबीटी, प्रेस काम्प्लेक्स, अमराई, बागसेवनिया, साकेत नगर, ओम नगर चौराहा, प्रभात चौराहे पर कार्रवाई की।

## भोपाल जिला कोर्ट में साले ने की हाथापाई

# जिला कोर्ट में पूर्व सांसद के बेटे को जड़े थप्पड़, वकीलों ने घेरा तो मांगी माफी

पारिवारिक विवाद में पत्नी की ओर से पैरवी करने से था नाराज

वकीलों ने घेरा तो पुलिस ने पीछे के दरवाजे से सुरक्षित निकाला बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पारिवारिक विवाद में पत्नी की तरफ से भोपाल के पूर्व भाजपा सांसद आलोक संजर के अधिवक्ता पुत्र अनंत संजर द्वारा पैरवी करने से नाराज होकर मंगलवार को साले विद्युत भटनागर ने जिला न्यायालय में गाली-गलौज करते हुए हमला कर घायल कर दिया। इस हमले में अनंत संजर को चेहरे एवं आंख के पास चोट आई है। आरोपी साले विद्युत भटनागर के पिता और अनंत संजर के पिता पूर्व भाजपा सांसद आलोक संजर भी अधिवक्ता हैं। अनंत के साले विद्युत भटनागर का अपनी पत्नी से दहेज प्रताड़ना एवं भरण-पोषण का मामला जिला न्यायालय में विचाराधीन है। पारिवारिक विवाद में जीजा द्वारा पत्नी की पैरवी करने से आरोपी अनंत संजर से नाराज था। मंगलवार को न्यायालय में आरोपी और उसकी पत्नी के बीच काउंसलिंग होना थी। हमले में अनंत को चेहरे एवं आंख के पास चोट आई है। अनंत संजर की ओर से आरोपी साले विद्युत भटनागर के खिलाफ थाना एमपी नगर में शिकायती आवेदन भी दिया गया है ।

### एकत्रित हुए अधिवक्ता, पिटाई से बचने कुटुंब न्यायालय में घुसा आरोपी



जिला कोर्ट में मौजूद पुलिस बल।

हमले की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में अधिवक्ता न्यायालय परिसर में एकत्रित हो गए। पिटाई से बचने आरोपी कुटुंब न्यायालय के रूम में घुस गया और जज से बचाने की गुहार लगाई। जज के आदेश पर जिला कोर्ट में भारी पुलिस बल बुला लिया। दोपहर 2 से लेकर देर रात 9:30 बजे तक अधिवक्तागण आरोपी को उनके हवाले करने की मांग करते रहे। वरिष्ठ अधिवक्ताओं की समझाइश पर आरोपी ने अनंत संजर और अधिवक्ताओं से माफी मांगी। इसके बाद अधिवक्ताओं का क्रोध शांत हुआ। पुलिसकर्मियों ने वकीलों के आक्रोश से बचाने आरोपी को पीछे के द्वार से सुरक्षित बाहर निकाला।

### पूर्व सांसद बोले- कानून अपना काम करे

पूर्व सांसद आलोक संजर ने कहा कि वे विवाद नहीं चाहते, लेकिन कानून अपना काम करे। घटना के बाद कोर्ट परिसर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और पुलिस मामले की जांच में जुटी है। इधर, एमपी नगर पुलिस का कहना है कि शिकायत मिली है। जांच के बाद मामले पर कार्रवाई की जाएगी।



कुटुंब न्यायालय के बाहर एकत्रित वकील।

## दो एजेंसी नहीं कर सकीं निष्पादन, तीसरी की मंजूरी अटकी

# आदमपुर खंती के 33 एकड़ में 6 लाख टन कचरे का पहाड़ निगम के लिए बना मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रायसेन रोड से लगी आदमपुर खंती के 33 एकड़ के दायरे में 6 लाख टन कचरे का लगा ढेर निगम प्रशासन के लिए मुसीबत बन गया है। लेगेसी वेस्ट के निष्पादन के लिए 55 करोड़ रुपए की टेंडर प्रक्रिया को निगम परिषद ने भी मंजूरी नहीं दी। इसके लिए निगम आयुक्त को अधिकृत किया गया है। अब निर्णय निगम आयुक्त करेंगी। खंती क्षेत्र में दो साल में आठ बड़ी आगजनी की घटनाएं हो चुकी हैं। जबकि बीते दिनों भी आग लगने की घटना हो चुकी है। ऐसे में निगम प्रशासन की चिंता बढ़ रही है। उक्त मामले लेकर निगम आयुक्त का कहना है कि लेगेसी वेस्ट हटना चाहिए। अब आगे क्या हो सकता है इसके लिए विचार-विमर्श करने के बाद निर्णय लेंगी।

पूर्व में आदमपुर में लेगेसी वेस्ट के निष्पादन के लिए मेसर्स ग्रीन रिसोर्स सालिड वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी को 2020 में वर्क आर्डर जारी किया गया था, लेकिन एजेंसी द्वारा मई 2024 की तय समय-सीमा में काम पूरा नहीं करने पर अनुबंध निरस्त कर दिया गया था। इस काम के लिए दोबारा नई एजेंसी के चयन के लिए टेंडर बुलाए गए। मई-2025 में मेसर्स सुसज्जा जेवी आनंद आटो को वर्क आर्डर जारी किया गया, लेकिन उक्त एजेंसी ने काम ही शुरू नहीं किया। इसे देखते हुए तत्कालीन आयुक्त ने एग्रीमेंट निरस्त कर दिया। इस काम के जनवरी-26 में टेंडर बुलाए गए। इस काम के लिए एक मात्र एजेंसी ने टेंडर डाला। मेसर्स सौराष्ट्र इनवायरो प्रोजेक्टस प्राइवेट लिमिटेड को करीब 55 करोड़ रुपए के टेंडर का प्रस्ताव मेयर-इन-कौंसिल की अनुशंसा सहित निगम परिषद को मिला, लेकिन प रिषद की बैठक में इसे नामंजूर कर दिया गया और उक्त मामले को लेकर निगम आयुक्त को अधिकृत कर दिया।

गर्मी में हर साल लगती है 4 से 5 बार आग, इसलिए निगम चिंतित

टेंडर प्रक्रिया को परिषद की मंजूरी नहीं, निगम आयुक्त को किया अधिकृत



आदमपुर खंती का फाइल चित्र।

### 605105 मीट्रिक टन लेगेसी वेस्ट का अनुमान

टेंडर प्रक्रिया के दौरान 605105 मीट्रिक टन लेगेसी वेस्ट का अनुमान लगाया गया था। जो 33 एकड क्षेत्रफल में है। सितंबर-25 से जनवरी-26 तक 116495 मीट्रिक टन ठोस अपशिष्ट एकत्र हुआ। वर्तमान में खंती स्थल पर 721600 मीट्रिक टन लेगेसी वेस्ट मौजूद है।

### निगम आयुक्त का तर्क-पेपर वर्क तैयार करेंगे

निगम आयुक्त संस्कृति जैन का कहना है कि आदमपुर खंती में लेगेसी वेस्ट हटना चाहिए। परिषद ने मुझे अधिकृत किया है। अब पेपर वर्क तैयार करेंगे। विचार-विमर्श के बाद निर्णय लिया जाएगा।

---

## वाहन चालक लगा रहे दो किमी का चक्कर

# बोर्ड ऑफिस से ज्योति टॉकीज का मार्ग बंद, दो घंटे रेंगते रहे सैकड़ों वाहन



बोर्ड ऑफिस चौराहे पर लगा जाम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से ज्योति टॉकीज के पास धंसी सड़क की मरम्मत की जा रही है। इसके चलते बोर्ड ऑफिस से ज्योति टॉकीज की ओर जाने वाले मार्ग पर यातायात व्यवस्था अस्थायी रूप से यातायात पुलिस की ओर से बंद कर दिया गया है, इसके चलते यहां पर पिछले 12 दिनों से यहां पर जाम की स्थिति बन रही है।

मंगलवार को भी बोर्ड ऑफिस से एमपीनगर थाना क्षेत्र की ओर से जाम की स्थिति बन गई। इसके चलते शाम 5 बजे से 7 बजे तक वाहन चालक जाम में फंसे रहे। दो घंटे तक वाहन रेंगते-रेंगते नजर आए।



ज्योति टॉकीज की ओर का बंद मार्ग।

### डीबी मॉल के सामने से दिया गया वैकल्पिक रास्ता

डायवर्जन के तहत बोर्ड ऑफिस से ज्योति टॉकीज की ओर जाने वाले चार पहिया और भारी वाहन डीबी मॉल के सामने से दाहिने की ओर जाना पड़ रहा है। इसके बाद ये वाहन थद्वाराम कॉम्पलेक्स मार्ग से होकर ज्योति टॉकीज की ओर जाना पड़ रहा है।

### डेढ़ से दो किमी का चक्कर लगाना पड़ रहा

डायवर्जन के चलते इस मार्ग से गुजरने वाले दो-पहिया चार पहिया सहित भारी और सवारी वाहनों के लिए करीब डेढ़ से दो किमी का चक्कर लगाना पड़ रहा है। इसके चलते वाहन चालाकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

# टीबी को खत्म करने बनाना होगा जनआंदोलन

## विश्व टीबी दिवस पर 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीबी खत्म करने इस अभियान को सिर्फ सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनआंदोलन बनाना होगा। प्रदेश में आधुनिक तकनीक और प्रीडिक्टिव एनालिसिस के जरिए 13 हजार से ज्यादा फोकस क्षेत्रों की पहचान की गई है, जहां सघन स्क्रीनिंग की जाएगी। एआई तकनीक और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के जरिए अब टीबी की पहचान और इलाज को और तेज किया जाएगा, जिससे मरीजों को समय पर उपचार मिल सके।

यह बात मंगलवार को विश्व टीबी दिवस के अवसर पर गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) से 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान की शुरुआत करते हुए उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कही। उन्होंने कहा कि टीबी उन्मूलन के लिए समाज के हर वर्ग की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे मरीजों को जांच और इलाज के लिए प्रेरित करें और निक्षय पोषण योजना में सहयोग दें। टीबी का समय पर पता चलने से इसका इलाज आसान हो जाता है। इसलिए जागरुकता और शुरुआती जांच बेहद जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान टीबी मरीजों को निक्षय पोषण योजना के तहत फूड बास्केट वितरित किए गए। साथ ही टीबी जागरुकता क्विज में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया।



जीएमसी डॉक्टर्स से जानकारी लेते डिप्टी सीएम।

### एआई से की 13 हजार क्षेत्रों की पहचान

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की एमडी सलोनी सिडाना ने बताया कि इस बार अभियान को ज्यादा प्रभावी बनाने आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। एआई आधारित प्रीडिक्टिव एनालिसिस से प्रदेश में 13 हजार 428 फोकस क्षेत्रों की पहचान की गई है। इन क्षेत्रों में विशेष रूप से सघन स्क्रीनिंग, जांच और इलाज की व्यवस्था की जाएगी। प्रदेश में 86 ऐसी मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे दूरदराज और घनी आबादी वाले इलाकों में भी तेजी से जांच संभव होगी।

## 11:30 बजे से पोर्टल पर दिखने लगेगा रिजल्ट

# 5वीं-8वीं के परीक्षा परिणाम आज होंगे जारी, क्यूआर कोड से कर सकेंगे लिंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के कक्षा पांचवी और आठवीं के विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा बुधवार को जारी किए जाएंगे। विद्यार्थी सुबह 11.30 बजे से अपना परीक्षा परिणाम पोर्टल पर देख सकेंगे। इसके लिए राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा क्यूआर कोड भी जारी किया गया है। राज्य शिक्षा केंद्र से मिली जानकारी अनुसार 25 मार्च को परीक्षा परिणाम घोषणा की प्रक्रिया सुबह 11 बजे से राज्य शिक्षा केन्द्र कार्यालय के सभाकक्ष में संचालित की जाएगी। इसके बाद सुबह 11:30 बजे परीक्षा परिणाम पोर्टल पर जारी किया जाएगा। विद्यार्थी, अभिभावक एवं शिक्षकगण राज्य शिक्षा केन्द्र की वेब पोर्टल पर अपना रोल नंबर/समग्र आईडी डालकर रिजल्ट देख सकेंगे। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा वेब पोर्टल की लिंक भी क्यूआर कोड के माध्यम से उपलब्ध कराई गई है।

विगत 20 से 28 फरवरी के बीच प्रदेश में कक्षा 5वीं एवं 8वीं की परीक्षा बोर्ड पैटर्न पर कराई गई थी। जिसमें शासकीय, निजी शालाओं एवं पंजीकृत मदरसों के कक्षा 5वीं के 12 लाख 76 हजार से अधिक तथा कक्षा 8वीं के 10 लाख 92 हज़ार से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए थे।

## रीवा, सागर संभाग में कुछ जगह बौछारें, आज भी पारा बढ़ते क्रम में रहेगा

# भोपाल में कल से फिर बदलेगा मौसम, तीन दिन तक बादल-बौछारों की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के कई जिलों में कल के बाद फिर मौसम बदलेगा। विशेषकर प्रदेश के उत्तरी हिस्सों में आंधी-बारिश का दौर चलेगा। मध्य और पश्चिमी तथा उत्तर पूर्वी हिस्सों में भी बौछारों की उम्मीद है। इससे पहले तापमान बढ़ते क्रम में दर्ज होगा। मंगलवार को दोपहर से शाम के बीच रीवा और सागर संभाग के जिलों में कुछ जगह बौछारों का दौर चला। इस बीच कुछ जिलों में तापमान में मामूली कमी आई, जबकि शेष जिलों में पारा औसतन एक डिग्री तक बढ़ा है। भोपाल में 34.4 डिग्री पर थमा रहा। यह सामान्य से 1.1 डिग्री कम है। मौसम केंद्र के अनुसार अभी तापमान में 2 से 3 डिग्री तक बढ़त होगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी तापमान में बढ़त होगी। अब 26 से 28 मार्च के बीच कुछ जिलों में बारिश होगी।

### मध्य, पश्चिमी,उत्तर पूर्वी हिस्सों में भी बौछारों की उम्मीद

### भोपाल में 34.4 डिग्री पर पारा रात में 1.3 डिग्री की गिरावट



राजधानी के 6 नंबर के पास दोपहर 2.30 बजे कॉलेज से लौटती छात्राएं।

### इसलिए होगी बारिश

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार एक ऊपरी हवा का चक्रवात पाकिस्तान और आसपास सक्रिय है। मध्य प्रदेश के बीच में भी एक सकुर्लेशन सक्रिय है। एक ट्रफ मप्र से मध्य से बने सकुर्लेशन से लेकर उत्तरी महाराष्ट्र, विदर्भ और मराठवाड़ा तक बनी हुई है। साथ ही उत्तर भारत में करीब 12 किमी की ऊंचाई पर एक जेट स्ट्रीम 167 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पर है। अब दो पश्चिमी विक्षोभ, एक 26 और दूसरा 28 मार्च को सक्रिय हो रहा है। इससे प्रदेश में विशेषकर उत्तरी हिस्से में कल से हल्की से मध्यम आंधी-हल्की बारिश का दौर चल सकता है।

### धूप की तेजी बढ़ी दोपहर में गर्मी

मंगलवार को शहर के दिन के तापमान में कोई बदलाव नहीं रहा। हवाओं की रफ्तार कम रहने से पारा थमने के बावजूद दोपहर में गर्मी का अहसास अधिक महसूस किया गया। रात का पारा दशमलव 8 डिग्री बढ़कर 17.8 डिग्री रहा, जो सामान्य से 1.3 डिग्री कम है। इससे अभी रात में गर्मी का असर कम महसूस किया जा रहा है। रात के तापमान में अगले दो से तीन दिन ज्यादा बदलाव नहीं होगा।

भोपाल
बुधवार, 25 मार्च 2026
चैत्र मास शुक्ल पक्ष –7
वर्ष : 12, अंक : 352
पृष्ठ : 18 मूल्य : 4.00 **

**मौसम**
अधि. 33
न्यून. 22

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


12 15 हजार करोड़ में बिकी राजस्थान..

विचार पेज
06 चरैवेति दर्शन के 'अनन्य साधक'


## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वृंदावन में संत वृंद को सिंहस्थ-2028 के लिए किया आमंत्रित

# भगवान श्रीकृष्ण के विराट व्यक्तित्व में सांदीपनि आश्रम का योगदान महत्वपूर्ण

- मुख्यमंत्री ने वृंदावन में जीवनदीप आश्रम लोकार्पण कार्यक्रम को किया संबोधित
- कहा- जीवनदीप आश्रम होगा आशा करुणा और सेवा का प्रकाश स्तंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मथुरा-गोकुल के समान मप्र भी सनातन के विचार को बनाए रखने और उसके विस्तार में योगदान देता रहा है। उज्जयिनी में वर्तमान में सिंहस्थ-2028 के लिए तैयारियां जारी हैं। उन्होंने जीवनदीप आश्रम के लोकार्पण में आए समस्त संत वृंद को सिंहस्थ-2028 के लिए आमंत्रित किया।


जीवनदीप आश्रम में 'सनातन धर्म और जीवन दर्शन' पुस्तक का विमोचन करते हुए

### मप्र से मथुरा-वृंदावन-गोकुल का जीवंत संपर्क

*मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र से मथुरा-वृंदावन-गोकुल क्षेत्र का 5000 वर्ष से जीवंत संपर्क रहा है। भगवान श्रीकृष्ण ब्रज में पराक्रम करने के बाद शिक्षा ग्रहण करने उज्जैन के सांदीपनि आश्रम आए थे। इस नाते विश्व के सम्मुख भगवान श्री कृष्ण का जो विराट व्यक्तित्व आया उसमें उज्जयिनी का योगदान रहा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव वृंदावन में जीवनदीप आश्रम के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, श्री पंच दस नाम जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर जीवनदीप पीठाधीश्वर स्वामी यतींद्र आनंद गिरि, महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि, साध्वी ऋतंभरा सहित समस्त* ▶▶ शेष पेज 2 पर

### संघ प्रमुख डॉ. भागवत बोले- घुसपैठियों को रोजगार मत दो, ये लोग गड़बड़ी करते हैं

संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने संतों का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। संघ प्रमुख ने धर्मांतरण पर कहा- जो लोग पहले हिंदू थे, अब दूसरे संप्रदायों में चले गए हैं, उन्हें वापस लाने की कोशिशें जारी हैं। अगर वो खुद ही वापस आना चाहते हैं तो हमें दरवाजे खुले रखने चाहिए। समाज का दायित्व है कि जैसे ही किसी घुसपैठिए का पता चले, अधिकारियों को बताएं। वैसे तो हमें भेदभाव नहीं करना है, लेकिन जो देश में चोरी-छिपे आए हैं, कभी-कभी बड़ी गड़बड़ियों का कारण बनते हैं, ऐसे लोगों के लिए हमें स्पष्ट रहना होगा कि हम उन्हें


डॉ. मोहन भागवत

रोजगार नहीं देंगे। समाज और प्रशासन को मिलकर ऐसे प्रयास करने चाहिए कि धर्मांतरण और घुसपैठ को रोका जाए। संघ प्रमुख ने हिंदुओं को तीन बच्चे पैदा करने की अपनी सलाह फिर से दोहराई। उन्होंने कहा- डॉक्टर मानते हैं कि अगर किसी ▶▶ शेष पेज 2 पर

## सुप्रीम कोर्ट ने एससी-एसटी एक्ट पर सुनाया बड़ा फैसला

# ईसाई धर्म अपनाने के बाद एससी एसटी का खत्म हो जाएगा 'दर्जा'

*अदालत ने कहा कि हिंदू धर्म, सिख धर्म और बौद्ध धर्म के अलावा किसी अन्य धर्म को मानने वाला व्यक्ति अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं माना जा सकता*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक अहम फैसले में कहा कि धर्म परिवर्तन करने वाला व्यक्ति अनुसूचित जाति का दर्जा पूरी तरह से खो देता है। सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट का फैसला बरकरार रखा है। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि अगर कोई व्यक्ति उदाहरण के लिए ईसाई धर्म अपना लेता है और ईसाई धर्म के अनुसार जीवन जी रहा है तो उसे अनुसूचित जाति का व्यक्ति नहीं माना जा सकता।

अदालत ने कहा कि हिंदू धर्म, सिख धर्म और बौद्ध धर्म के अलावा किसी अन्य धर्म को मानने वाला व्यक्ति अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं माना जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने कहा सांविधानिक आदेश, 1950 में साफ कहा गया है कि खंड-3 में बताए गए धर्मों के अलावा किसी भी धर्म में धर्मांतरण करने पर जन्म के बावजूद, अनुसूचित जाति का दर्जा तुरंत समाप्त हो जाता है। यह आदेश एक ऐसे व्यक्ति के मामले में दिया गया, जिसने ईसाई धर्म अपना लिया था और अब पास्टर के तौर पर काम कर रहा है, लेकिन उसने कुछ लोगों के खिलाफ एससी-एसटी (अत्याचार रोकथाम) कानून के तहत मामला दर्ज कराया था। मामला ▶▶ शेष पेज 2 पर

**सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट का फैसला बरकरार रखा**



### सांविधानिक आदेश, 1950 ये कहता है?

खंड-3 में बताए गए धर्मों के अलावा किसी भी धर्म में धर्मांतरण करने पर जन्म के बावजूद, अनुसूचित जाति का दर्जा तुरंत समाप्त हो जाता है

### हाईकोर्ट ने एससी-एसटी एक्ट की धाराओं को हटाने का आदेश दिया

*30 अप्रैल 2025 को आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि ईसाई धर्म में जाति व्यवस्था नहीं है। ऐसे में पीड़ित व्यक्ति एससी-एसटी कानून के प्रावधानों का लाभ लेने का पात्र नहीं है। इसके बाद हाईकोर्ट ने एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज धाराओं को खत्म करने का आदेश दिया था। हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ* ▶▶ शेष पेज 2 पर

### सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा?

## अपीलकर्ता ईसाई धर्म का पालन करता है

सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा कि इस मामले में ये अहम नहीं है कि अपीलकर्ता ईसाई धर्म से अपने मूल धर्म में धर्मांतरित हो गया है या उसे उसके मूल समुदाय द्वारा स्वीकार किया गया है या नहीं। बल्कि सबूतों से ये सिद्ध होता है कि अपीलकर्ता ईसाई धर्म का पालन करता है और एक दशक से अधिक समय से बतौर पादरी काम कर रहा है। वह गांव के घरों में नियमित तौर पर रविवार की ▶▶ शेष पेज 2 पर


प्रशांत कुमार मिश्रा | एनवी अंजारिया

### कोर्ट से मिली थी इच्छा मृत्यु की इजाजत

## 13 साल तक कोमा में रहे थे एम्स में हरीश राणा का निधन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में निष्क्रिय इच्छामृत्यु (पैसिव यूथेनेशिया) की अनुमति पाने वाले पहले व्यक्ति हरीश राणा का मंगलवार को निधन हो गया है। 13 वर्षों से कोमा जैसी अवस्था में रह रहे हरीश राणा ने दिल्ली स्थित एम्स में अंतिम सांस ली। हरीश राणा का मामला देश में गरिमा के साथ मृत्यु के अधिकार (राइट टू डाई विद डिग्निटी) पर एक ऐतिहासिक निर्णय माना गया था। हरीश राणा को सुप्रीम कोर्ट ने विशेष अनुमति देते हुए उनकी सम्मानपूर्वक मृत्यु के लिए एम्स प्रबंधन को जीवनरक्षक उपचार हटाने (लाइफ सपोर्ट विदड्राल) की इजाजत दी थी। गाजियाबाद के हरीश राणा ने एम्स के विशेषज्ञों की देखरेख में अंतिम सांस ली। एक ▶▶ शेष पेज 2 पर


■ सभी जीवन रक्षक प्रक्रियाएं हटा ली गई थीं

### रामलला और हनुमान गढ़ी के करेंगे दर्शन

## राममंदिर बनने के बाद पहली बार अयोध्या जाएंगे दिग्विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह 26 मार्च को अयोध्या जा रहे हैं। राम मंदिर के निर्माण के बाद यह उनका पहला अयोध्या दौरा होगा। खास बात यह है कि सिंह ने मंदिर निर्माण के दौरान ही घोषणा की थी कि जब प्रभु श्री राम का भव्य मंदिर पूरी तरह बनकर तैयार हो जाएगा, वे तभी दर्शन करने जाएंगे। अब जबकि मंदिर का मुख्य निर्माण कार्य पूर्णता की ओर है, वे अपना संकल्प पूरा करने पहुंचेंगे। दिग्विजय सिंह ने राम मंदिर निर्माण के लिए 1 लाख 11 हजार 111 रुपए की निधि समर्पित की थी। उन्होंने हमेशा कहा कि वे राम भक्त हैं, लेकिन राजनीति और आस्था को अलग रखते हैं। दिग्विजय सिंह 26 मार्च को ▶▶ शेष पेज 2 पर


■ मंदिर पूरा होने पर दर्शन करने का लिया था संकल्प

### इंदौर में ब्रेन डेड युवक का अंगदान

## लिवर-किडनी का ट्रांसप्लांट 3 मरीजों को मिला नया जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

इंदौर में शुजालपुर के रहने वाले अनुपम नालमे (34) के ब्रेन डेड होने के बाद उसके परिवार ने अंगदान का फैसला लिया। मंगलवार को बने 67वें ग्रीन कॉरिडोर के जरिए लिवर और दोनों किडनी तीन मरीजों को ट्रांसप्लांट की गईं। नालमे को 20 मार्च को घर पर सीवियर ब्रेन हेमरेज हुआ था। उन्हें पहले वी-वन हॉस्पिटल और फिर 22 मार्च को सीएचएल केयर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने दो बार जांच के बाद ब्रेन डेड घोषित किया। मुस्कान ग्रुप के सेवादारों की काउंसलिंग के बाद परिवार ने अंगदान की सहमति दी। मंगलवार दोपहर लिवर और एक किडनी सीएचएल हॉस्पिटल में भर्ती 44 और 34 वर्षीय ▶▶ शेष पेज 2 पर


■ अब तक का 67वां ग्रीन कॉरिडोर बना




### सोनिया गांधी की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में भर्ती



**नई दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी की तबीयत अचानक बिगड़ गई है। उनको दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में देर रात भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि उन्हें डॉक्टरों की एक टीम की निगरानी में रखा गया है। दो महीने पहले भी उन्हें अस्पताल में भर्ती होना पड़ा था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, चेस्ट की समस्या की वजह से सोनिया गांधी को भर्ती कराया गया है।

### पीआईएल की लिस्टिंग में देरी

## सीजेआई की बेंच ने कहा कुछ तो गड़बड़ चल रहा है



**रजिस्ट्री की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल 10 अप्रैल को सुनवाई**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अपनी रजिस्ट्री की कार्य प्रणाली पर ही सवाल उठा दिए हैं। मामला एक जनहित याचिका (पीआईएल) से जुड़ा है, जिसे अगली सुनवाई के लिए एक साल से भी ज्यादा समय से लटका कर रखा जा रहा है। संबंधित पीआईएल पर आखिरी सुनवाई पिछले साल फरवरी में हुई थी और उसके बाद इसे सुप्रीम कोर्ट की बेंच के सामने ▶▶ शेष पेज 2 पर

### खंडवा में अनोखा विरोध प्रदर्शन

## घुटनों के बल लेटकर कलेक्टोरेट पहुंचे लोग



**जनसुनवाई में गाकर विरोध सीमांकन के आश्वासन के बाद लौटे**

**खंडवा।** यहां अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के खिलाफ मंगलवार को सूरजकुंड वार्ड के रहवासियों और नेता प्रतिपक्ष ने अनोखे अंदाज में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी घुटनों के बल चलते और लेटते हुए जनसुनवाई तक पहुंचे, जिससे पूरे कलेक्टोरेट परिसर में हलचल मच गई। प्रदर्शनकारी कलेक्टोरेट के हॉल में भी घुस गए, जहां उन्होंने ▶▶ शेष पेज 2 पर

### रेलवे के नए नियम: किसी भी स्टेशन से कराया जा सकता है टिकट कैंसिल

## 8 घंटे से कम वक्त में टिकट कैंसिल किया तो नहीं मिलेगा उसका 'रिफंड'

**टिकट को यात्रा से 72 घंटे पहले रद्द किया जाता है तो अधिकतम रिफंड मिलेगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रेलवे ने टिकट कैंसिलेशन से जुड़े नए नियम जारी किए हैं। इन नियमों के मुताबिक अगर आखिरी समय में टिकट कैंसिल किया गया तो कोई रिफंड नहीं मिलेगा।

अगर यात्री ट्रेन टिकट अपने निर्धारित यात्रा समय से 8 घंटे से कम समय पहले रद्द करते हैं तो उन्हें कोई रिफंड नहीं दिया जाएगा। कैंसिलेशन के लिए पेनल्टी अवधि की जानकारी देते हुए बताया गया कि अगर टिकट को यात्रा से 72 घंटे पहले रद्द किया जाता है तो अधिकतम रिफंड मिलेगा। अगर टिकट 72 से 24 घंटे के बीच रद्द किया जाता है तो किराए का 25% काटा जाएगा। जबकि 24 से 8 घंटे के बीच रद्द करने पर 50% पैसा काट लिया जाएगा। टिकटिंग सेवाओं में सुधारों पर बात करते हुए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ▶▶ शेष पेज 2 पर


फाइल फोटो

### रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि ये अहम कदम उठाए

1. तत्काल बुकिंग के लिए आधार आधारित OTP लागू किया गया है
2. एजेंटों के लिए पहले 30 मिनट तक तत्काल टिकट बुकिंग पर रोक लगाई गई है
3. गैर-प्रामाणिक (फर्जी) यूज़र्स को हटाने के लिए एंटी-बॉट सिस्टम जोड़ा गया है
4. इसके अलावा, 3 करोड़ संदिग्ध आईडी पहले ही डीएक्टिवेट की जा चुकी हैं

**विभिन्न राज्यों में 27 अफसरों की ड्यूटी लगने के बाद राज्य सरकार ने वापस आने तक के लिए चार्ज दिया**

# विधानसभा चुनावों में प्रेक्षक बनाए गए आईएएस अफसरों की जगह जीएडी ने अन्य अफसरों को अतिरिक्त प्रभार सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र कॉडर के 27 भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अफसरों को असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल व पुडुचेरी में होने वाले विधानसभा चुनावों में आब्जर्वर पद पर ड्यूटी लगाई गई है।

यह सभी अफसर मप्र से रवाना हो गए। उन्होंने अपने-अपने स्थानों पर ज्वॉनिंग दे दी है। सामान्य प्रशासन विभाग जीएडी कार्मिक ने इन सभी अफसरों की जगह अन्य अफसरों को चुनाव कार्य से वापस आने तक के लिए अतिरिक्त प्रभार सौंपा है।

## अयुक्त नगर तथा ग्राम निवेश बनोठ का कार्य नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव शैलेंद्र सिंह देखेंगे



आदिम जाति क्षेत्र विकास योजनाएं के संचालक सत्येंद्र सिंह का कार्य आयुक्त रेशम मोहित बिंदस को, अयुक्त नगर तथा ग्राम निवेश श्रीकांत बनोठ का कार्य नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव शैलेंद्र सिंह देखेंगे। आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग का कार्य परियोजना संचालक स्किल डेवलपमेंट गिरीश शर्मा को दिया गया है। प्रमुख राजस्व आयुक्त अनुभा श्रीवास्तव का कार्य आयुक्त उद्योग दिलीप कुमार को दिया गया है। संचालक कौशल विकास बसंत कुर्रे का कार्य अवधेश शर्मा को, स्वास्थ्य विभाग के संचालक दिनेश श्रीवास्तव का कार्य प्रबंध संचालक पब्लिक हेल्थ कॉरपोरेशन मयंक अग्रवाल को दिया गया है।

### संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास भार्गव का कार्य प्रबंध संचालक कृषि विपणन बोर्ड पुरुषोत्तम को सौंपा

राज्य सहकारी विपणन संघ के प्रबंध संचालक अभिजीत अग्रवाल का कार्य अपर प्रबंध संचालक कृषि विपणन बोर्ड अनुराग सक्सेना देखेंगे। संचालक पंचायत राज छोटे सिंह का कार्य हृदयेश श्रीवास्तव को दिया गया है। आयुक्त आदिवासी विकास तरूण राठी का कार्य आयुक्त हस्त शिल्प मदन विभीषण नागरगोजे को दिया गया है। संचालक राज्य शिक्षा केंद्र हरजिंदर सिंह का कार्य आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती शिल्पा गुप्ता, आयुक्त सह संचालक पिछड़ा वर्ग सौरभ कुमार सुमन का कार्य प्रबंध संचालक मत्स्य महासंघ अनुराग चौधरी, आयुक्त सह पंजीयक सहकारी संस्थाएं मनोज पुष्प की जगह सहकारिता की उप सचिव शीला दाहिमा, संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास उमाशंकर भार्गव का कार्य प्रबंध संचालक कृषि विपणन बोर्ड कुमार पुरुषोत्तम देखेंगे।

### इन अधिकारियों को भी सौंपी जिम्मेदारी

संचालक वाल्मी सरिता बाला प्रजापति का कार्य उप सचिव हृदयेश श्रीवास्तव को दिया गया है। इसी तरह आयुक्त हाउसिंग बोर्ड गौतम सिंह की जगह नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव शैलेंद्र सिंह, आयुक्त सह संचालक संस्थागत वित्त राजीव रंजन मीणा का कार्य आयुक्त कोष एवं लेखा भास्कर लक्षकार, राज्य आजीविका मिशन की सीईओ हर्षिका सिंह का कार्य रोजगार गारंटी परिषद के सीईओ अवि प्रसाद को, ग्रामीण विकास प्राधिकरण के सीईओ दीपक आर्य का कार्य अवि प्रसाद को सौंपा गया है। गृह विभाग के अपर सचिव आशीष भार्गव का कार्य सामान्य प्रशासन विभाग के अपर सचिव सुभाष द्विवेदी को, महिला एवं बाल विकास विभाग की आयुक्त निधि निवेदिता का कार्य आयुक्त संचालक भारतीय चिकित्सा पद्धति उमा महेश्वरी को, सामान्य प्रशासन विभाग के अपर सचिव अजय कटेसरिया का कार्य प्रबंध संचालक पब्लिक हेल्थ सर्विसेज मयंक अग्रवाल को, खनिज निगम के प्रबंध संचालक फ्रैंक नोबल ए का कार्य जल निगम के प्रबंध संचालक बीएस चौधरी कोलसानी को, राज्य पर्यटन विकास निगम के प्रबंध संचालक दिलीप कुमार का कार्य पर्यटन विकास निगम के अपर प्रबंध संचालक अभय अरविंद बेडेकर को सौंपा गया है।

---

**खबर संक्षेप**

### आईएएस संजीव श्रीवास्तव बने मप्र में संचालक जनगणना

**भोपाल।** भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) ने लोक निर्माण विभाग के अपर सचिव संजीव श्रीवास्तव को मध्यप्रदेश में जनगणना कार्य करने का दायित्व सौंपा है। इस संबंध में डीओपीटी ने आदेश जारी कर दिया। आदेश के अनुसार वर्ष 2011 बैच के आईएएस अधिकारी श्रीवास्तव को मध्यप्रदेश में जनगणना कार्य संपन्न कराने के लिए संचालक जनगणना निदेशालय भोपाल के पद पर पदस्थ किया है। उन्हें प्रतिनियुक्ति पर केंद्र सरकार में पदस्थ किया गया है।

### अमृत सरोवरों के जल क्षेत्र में 128% वृद्धि, देश में प्रथम स्थान पर मप्र

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में जल संरक्षण को लेकर चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। पिछले वर्षों में अभियान के दो चरणों में प्रदेश में 6 हजार 393 अमृत सरोवरों में पहले चरण में 5 हजार 839 अमृत सरोवर बनाए गए हैं। वहीं दूसरे चरण में 554 अमृत सरोवरों का निर्माण कार्य प्रगतिरत है। मप्र मिशन अमृत सरोवर के तहत देशभर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पहले स्थान पर है। इसकी जानकारी आईआईटी दिल्ली और ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से संचालित भू प्रहरी परियोजना की रिपोर्ट से सामने आई है।

---

## इस वर्ष से यशोदा योजना के माध्यम से स्कूली बच्चों को प्रदाय किए जाएंगे दूध के पैकेट

# पशु, मत्स्य पालन, कृषि आधारित उद्योगों के प्रोत्साहन से मप्र बनेगा नंबर-1 राज्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारत सभी क्षेत्रों में निरन्तर आगे बढ़ रहा है। दुनिया का कोई ऐसा देश नहीं, जहां संकट आया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल से भारतीय नागरिकों की घर वापसी सुनिश्चित न की गई हो। मप्र सरकार विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को दतिया जिले में आयोजित राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भगवान श्री बलराम को नमन करते हुए कहा कि किसान हमारे देश के भाग्य विधाता हैं। इसके लिए अनेक योजनाओं की सौगात दी जा रही है। अब हमारे किसान नरवाई प्रबंधन के लिए मशीनों से भूसा भी बना रहे हैं, जिससे उन्हें गेहूं और भूसा, दोनों से कमाई का सुनहरा मौका मिला है।

### मुख्यमंत्री दतिया जिले के भांडेर में राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन में हुए शामिल

**दतिया जिले में विकास कार्यों का लोकार्पण, भूमि-पूजन हितग्राहियों को वितरित किए कृषि यंत्र**



हितग्राहियों को राशि का चेक सौंपते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

### सीएम ने दतिया को करोड़ों की सौगातें दी

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र बहुत जल्द देश का नंबर-1 राज्य बनेगा। मुख्यमंत्री ने किसान सम्मेलन में दतिया को 62.23 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने 62.23 करोड़ लागत के 12 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इसमें भव्य सांदीपनि विद्यालय, दैवीय स्थल रतनगढ़ में यात्री निवास, स्टेडियम सहित अन्य विकास कार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने सम्मेलन में हितग्राहियों को कृषि यंत्र, पशुपालन, खाद्य प्र-संस्करण के लिए हितलाभ भी वितरित किए।*

### अब बुंदेलखंड अंचल से कोई किसान नहीं करेगा पलायन

डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में सिंचाई का रकबा बढ़ाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। सिंचाई का रकबा अब बढ़कर 55 लाख हेक्टेयर तक पहुंच चुका है। पिछले 2 साल में सिंचित भूमि का रकबा लगभग दस लाख हेक्टेयर बढ़ गया है। केन-बेतवा लिंक नदी जोड़ो परियोजना के माध्यम से बुंदेलखंड अंचल और आसपास के जिलों के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल मिलेगा। अब बुंदेलखंड अंचल से कोई किसान पलायन करने को विवश नहीं होगा।

### किसान फसल काटने के बाद खेतों में नरवाई को न जलाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसान फसल काटने के बाद खेतों में नरवाई को न जलाएं, इससे भूमि की उर्वरा शक्ति क्षीण होती हैं। राज्य सरकार भूसा निर्माण के लिए हितग्राहियों को हैप्पी सीडर मशीनें प्रदान कर रही है। किसान भूसा बनाकर पास की गोशालाओं में बेचें। अब किसानों को गेहूं के साथ-साथ भूसे का भी पैसा मिलेगा। लघु कृषकों को समय पर किराए पर कृषि यंत्र मिल जाएं और उनकी खेती अच्छी हो जाए। इसके लिए विधानसभा स्तर पर कस्टम हायरिंग सेंटर यानी कृषि यंत्रों की किराए की दुकान खोली जा रही हैं।

### दूध उत्पादन के साथ बढ़ेगी प्रदेश के किसानों की आय

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने पशुपालन से किसानों की आय बढ़ाने के लिए डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना की शुरुआत की है। प्रदेश में दूध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने का संकल्प लिया है। कामधेनु योजना में 25 गाय पालने पर 40 लाख रुपए प्रति इकाई स्थापित करने की योजना में राज्य सरकार ने 10 लाख का अनुदान देने का निर्णय लिया है। इसी शैक्षणिक सत्र से यशोदा योजना में बच्चों को दूध के पैकेट भी वितरित किए जाएंगे।

### नरवाई एवं पराली प्रबंधन पर आधारित प्रदर्शनी देखी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्मेलन में विभिन्न विभागों दकी ओर से लगाई गई नरवाई एवं पराली प्रबंधन पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में लगभग 20 से ज्यादा स्टॉल लगाए गए। प्रदर्शनी में हैप्पी सीडर सुपरसीडर, खाद के लिए शासन से शुरू की गई ई-टोकन प्रणाली, प्राकृतिक खेती, मिलेट्स, तथा शासन की विभिन्न योजनाओं को दर्शाया गया। इस कार्यक्रम में अनेक जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

---

## मुख्यमंत्री आज अपने जन्मदिन पर वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में रिलीज करेंगे कछुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपने जन्मदिन पर वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में बुधवार 25 मार्च को बामनेर नदी में एक दर्जन कछुओं को रिलीज करेंगे। मुख्यमंत्री टाइगर रिजर्व में चीतों के पुनर्वास के लिए सॉफ्ट रिलीज बोमा का भूमिपूजन भी करेंगे। टाइगर रिजर्व में चीतों के अनुकूल भूमि उपलब्ध है।

इस प्रकार की भूमि दक्षिण अफ्रीका में पाई जाती है। शीघ्र ही कूनो अभयारण्य से चीतों को लाकर यहां बसाया जाएगा। अभयारण्य में चिड़ियां की 240 प्रजातियां पाई जाती हैं, जो आकर्षण का केन्द्र बनी हुई हैं।

वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व मप्र का सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व है, जो मप्र के 3 जिलों सागर, दमोह और नरसिंहपुर के 72 ग्रामों को जोड़ते हुए कुल क्षेत्रफल 2339 वर्ग किमी का आकार लिए हुए है। मप्र का यह 7वां और भारत का 54वां टाइगर रिजर्व है। वर्ष 2023 में इसे टाइगर रिजर्व घोषित किया गया था। टाइगर रिजर्व में वर्तमान में 32 टाइगर मौजूद हैं। इस अभयारण्य को मुख्य रूप से भेड़िया की भूमि माना जाता है। यहां पर सर्वाधिक भेड़िए पाए जाते हैं।

टाइगर रिजर्व में विभिन्न प्रजाति के पशु-पक्षी पाए जाते हैं, जिसमें टाइगर, पैंथर, भेड़िया, भालू, सियार, लकड़बग्घा, लोमड़ी, सुअर, नीलगाय, जंगली सुअर, चौसिंगा, काला हिरण, चिंकारा, कछुआ और मगरमच्छ सहित पशु-पक्षी मौजूद हैं। वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में पर्यटन के के साथ रोजगार की अपार संभावनाएं हैं।

## मुख्यमंत्री वितरित करेंगे सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना के क्रय अनुबंध

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 'सूर्य-मित्र कृषि फीडर' योजना में चयनित विकासकों को विद्युत क्रय अनुबंध वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री निवास में अनुबंध वितरण कार्यक्रम बुधवार 25 मार्च को सुबह 11.30 बजे आयोजित किया गया है। अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव ने बताया कि राज्य शासन की सूर्य-मित्र कृषि फीडर योजना में ग्रिड से जुड़े पृथक कृषि विद्युत फीडर्स तथा मिश्रित विद्युत फीडर्स से संचालित कृषि पम्पों को सौर ऊर्जा से बिजली उपलब्ध कराने के लिए विद्युत फीडरों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जा रहे हैं। योजना में सम्पूर्ण फीडर और विद्युत सब-स्टेशन का सोलराइजेशन किया जाएगा। मप्र ऊर्जा विकास निगम के एमडी अमनवीर सिंह बैंस ने बताया कि सोलराइजेशन के लिए निविदाओं में विकासकों ने भागीदारी की।

---

**विभागीय इंजीनियरों को कारण बताओ नोटिस**

## गुणवत्ता में लापरवाही पर दो कंपनियां हुईं ब्लैकलिस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने प्रदेश में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से माह में दो बार औचक निरीक्षण की व्यवस्था की है। इसके तहत 23 मार्च को मुख्य अभियंताओं के 7 दलों ने प्रदेश के सीहोर, पांढुर्णा, भिण्ड, बड़वानी, मऊगंज, उज्जैन एवं पन्ना जिलों में चल रहे निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुल 35 कार्यों का रेंडम आधार पर परीक्षण किया गया।

इनमें से 21 कार्य लोक निर्माण विभाग (सड़क एवं पुल), 5 कार्य पीआईयू (भवन), 6 कार्य मप्र सड़क विकास निगम, 2 कार्य मप्र भवन विकास निगम तथा एक कार्य राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित थे। निरीक्षण दलों ने प्रस्तुत प्रतिवेदनों की समीक्षा बैठक मप्र सड़क विकास निगम के प्रबंध संचालक भरत यादव की अध्यक्षता में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई। बैठक में प्रमुख अभियंता (सड़क, पुल) केपीएस राणा, प्रमुख अभियंता (भवन) एसआर बघेल, सहित सभी मुख्य अभियंता, अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री एवं निरीक्षणकर्ता अधिकारी मौजूद थे। समीक्षा बैठक में निरीक्षण प्रतिवेदनों के आधार पर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।

### शुभ कंस्ट्रक्शन को ब्लैक लिस्ट करने की प्रक्रिया शुरू

शहडोल जिले में शहडोल–चुहरी–लफड़ा–मायका रोड के नवीनीकरण कार्य की स्थिति संतोषजनक नहीं पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार मेसर्स शुभ कंस्ट्रक्शन को ब्लैक लिस्ट करने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने को कहा गया है। छिंदवाड़ा जिले के परासिया में कन्या शिक्षा परिसर के निर्माण कार्य की प्रगति धीमी पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार मेसर्स ओम एसोसिएट्स, रायपुर को नोटिस जारी कर 30 मई 2026 तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण नहीं होने की स्थिति में अनुबंधानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

### पुल-पुलियों की मरम्मत को प्राथमिकता

प्रमुख अभियंता (ईएनसी) राणा ने बैठक में निर्देश दिए गए कि पुराने निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनुपालन को आगामी बैठकों से पूर्व सुनिश्चित किया जाए तथा उनकी समीक्षा अगली औचक निरीक्षण बैठक में की जाएगी। सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का निराकरण संतोषजनक रूप से करते हुए शिकायतकर्ता को अवगत कराने तथा आगामी माह की ग्रेडिंग में सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही पुल-पुलियों की मरम्मत को प्राथमिकता देने, रोड सेफ्टी एवं ब्रिज सेफ्टी ऑडिट शीघ्र पूर्ण करने तथा लोक पथ ऐप में प्राप्त शिकायतों का निराकरण चार दिवस की समय-सीमा में करने के निर्देश भी दिए गए। निर्माण स्थलों पर लगाए जाने वाले कार्य प्रगति बोर्ड में संबंधित एजेंसी एवं अधिकारी का नाम स्पष्ट रूप से अंकित करने को भी कहा गया।

---

## ग्वालियर में नेशनल टेलेंट हंट के प्रथम चरण का शुभारंभ, युवाओं में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्वालियर

- चंबल एवं ग्वालियर संभाग से 80 से अधिक प्रतिभागियों ने आयोजन में भाग लिया

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा ग्वालियर में नेशनल टेलेंट हंट के प्रथम चरण का सफलतापूर्वक शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर ग्वालियर एवं चंबल संभाग से 80 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लेते हुए साक्षात्कार दिया। इस प्रतिभा खोज अभियान के अंतर्गत प्रतिभागियों का साक्षात्कार राष्ट्रीय प्रवक्ता द्वारा लिया गया। चयनकर्ताओं ने प्रतिभागियों के उत्साह, आत्मविश्वास एवं प्रतिभा की सराहना करते हुए इसे एक सकारात्मक पहल बताया। कार्यक्रम का सफल संचालन टैलेंट हंट समन्वय समिति सदस्य विधायक के द्वारा किया गया। नेशनल टेलेंट हंट का मुख्य उद्देश्य कांग्रेस की विचारधारा से प्रेरित युवाओं की प्रतिभा को एक सशक्त मंच प्रदान करना एवं उन्हें आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराना है। यह पूरी प्रक्रिया अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के दिशा निर्देश अनुसार पूरी निष्पक्षता से पूर्ण की जा रही है, जिसके परिणाम स्वरूप बहुत ही ओजस्वी, विद्वान एवं प्रतिभाशाली प्रवक्ता,रिसर्च कोऑर्डिनेटर और पब्लिसिटी इंचार्ज समर्पित कार्यकर्ता के रूप में पार्टी को प्राप्त होंगे।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर हनुमान चालीसा का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जन्मदिन 25 मार्च की पूर्व संध्या पर जिला भोपाल के अरेरा मंडल वार्ड 45 के संयोजक महेंद्र वर्मा व अरेरा मंडल अध्यक्ष अभिषेक पुरोहित के नेतृत्व में शिवाजी नगर स्थित श्री केसरी नंदन हनुमान मंदिर में श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ हनुमान चालीसा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं ने प्रभु श्री हनुमान जी के समक्ष प्रार्थना करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सफल नेतृत्व की कामना की। पार्टी कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति, खुशहाली एवं निरंतर विकास के लिए सामूहिक रूप से प्रार्थना की तथा विश्वास व्यक्त किया कि उनके कुशल मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहेगा।

**18 विधानसभा के 9 जिलों में मंडलम की नियुक्ति**

## 41 नगर अध्यक्ष एवं 4 जिलों की जिला कांग्रेस कार्यकारिणी बनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर संगठन को और अधिक मजबूत, सक्रिय एवं जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण नियुक्तियां की गई हैं।

संगठन महासचिव डॉ. संजय कामले ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 41 नगर अध्यक्षों की नियुक्ति के साथ-साथ 4 जिलों अशोकनगर, खंडवा ग्रामीण, झाबुआ एवं कटनी ग्रामीण की जिला कांग्रेस कार्यकारिणी का गठन किया गया है। इसके अतिरिक्त 9 जिलों की 18 विधानसभा क्षेत्र के मंडलम स्तर पर संगठनात्मक नियुक्तियां की हैं। उन्होंने कहा कि नियुक्तियों का उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना तथा आमजन से सीधा संवाद करना है। नव-नियुक्त पदाधिकारी अपने दायित्वों का निष्ठा एवं समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे तथा पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

---

## सवर्ण समाज अधिकारी कर्मचारी संगठन के शर्मा और धामी बने प्रदेश उपाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सवर्ण अधिकारी एवं कर्मचारी संगठन मप्र में संगठनात्मक विस्तार कर नई नियुक्ति की गई है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर अजय तिवारी ने प्रांतीय संरक्षिका आईएएस वीणा घाणेकर तथा प्रांतीय सलाहकार सदस्य आईएस नरेंद्र सिंह परमार की सहमति से राज शर्मा एवं राजू धामी को संगठन का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष अजय तिवारी ने कहा कि संगठन कर्मचारियों के हितों के संरक्षण के लिए लगातार कार्य कर रहा है।

**इंदौर में मप्र कांग्रेस के प्रभारी चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष पटवारी ने बैठक की**

# अब जमीनी स्तर से लिए जाएंगे संगठनात्मक निर्णय मंडल बूथ स्तर तक संगठन को किया जाएगा मजबूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर



इंदौर स्थित गांधी भवन में मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की उपस्थिति में जिला कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक हुई।

इसके साथ ही इंदौर जिला कांग्रेस (ग्रामीण) के मंडलम अध्यक्षों की भी बैठक आयोजित की गई। बैठकों में संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने, कार्यकर्ताओं की भूमिका को मजबूत करने तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने संगठनात्मक मजबूती पर जोर देते हुए कार्यकर्ताओं के साथ विस्तृत संवाद किया। उन्होंने भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों और निर्णयों की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता इंदौर की जनता की सशक्त आवाज बनें और एकजुट होकर संघर्ष करें। उन्होंने कहा कि संगठन की वास्तविक ताकत बूथ स्तर पर होती है, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय भागीदारी और जिम्मेदारी सुनिश्चित की जाए।

### दूषित जल से मौतें, जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी ने अपने संबोधन में इंदौर में जहरीले पानी से हुई 35 लोगों की मौत का गंभीर मुद्दा उठाते हुए भाजपा सरकार पर कड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी घटना के बावजूद जिम्मेदारों पर कोई कार्रवाई नहीं होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और अमानवीय है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2028 में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर इस घटना के दोषियों को कानून के दायरे में लाकर जेल भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि इंदौर की जनता के साथ हुए अन्याय का जवाब आगामी चुनाव में जरूर दिया जाएगा। पटवारी ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि जिस सरकार ने इंदौर की जनता को जहरीला पानी दिया है, उसे सत्ता से हटाना अब जनता का संकल्प बन चुका है। कांग्रेस पार्टी इंदौर जैसे स्वच्छ शहर को एक जवाबदेह और पारदर्शी नगर निगम देने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठकों में यह भी तय किया गया कि संगठनात्मक निर्णय अब जमीनी स्तर से लिए जाएंगे और मंडल एवं बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत किया जाएगा, ताकि कांग्रेस एक सशक्त और जनआधारित संगठन के रूप में उभरे।

मन्नत पूरी होने पर कई श्रद्धालु, ओम स्वास्तिक, हाथ का पंजा, पीतल का घंटा आदि यहां लगाते हैं

# माता मंदिर : खजूर के पेड़ से प्रकट हुई थीं शीतला माता, मातारानी हर भक्त की पूरी करती है मुरादें, मां काली व मां दुर्गा विराजमान




माता मंदिर स्थित शीतला माता मंदिर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शक्ति रूपेण संस्थिता
देवी मंदिरों की परिक्रमा

नए शहर के माता मंदिर क्षेत्र में बना प्राचीन शीतला माता मंदिर लोगों की आस्था का केन्द्र है। मंदिर में मां शीतला पिंडी के स्वरूप में है। वहीं यहां मां काली, मां दुर्गा भी विराजमान है। नवरात्र के साथ साल भर यहां भक्ती की भीड़ लगती रहती है। सबसे प्राचानी दुर्गा मंदिर में शीतल वस्तु अर्पित करने से मुंहमांगी मुराद पूरी होती है। मुराद पूरी होने पर कई श्रद्धालु, ओम स्वास्तिक, हाथ का पंजा, पीतल का घंटा आदि यहां लगाते हैं।


माता शीतला।

## सपना देकर प्रकट हुई थीं माता रानी


पं. राजीव

मंदिर के मुख्य पुजारी पं. राजीव चतुर्वेदी बताते हैं कि मंदिर का इतिहास नवाबी दौर के भी पहले का है। यहां शीतला माता खजूर के पेड़ के नीचे प्रकट हुई थी। उन्होंने उनके परदादा को रात में सपना दिया था। जिसके बाद वहां पर खुदाई कराई गई। तो मां रानी खजूर के पेड़ के निची से प्रकट हुई। बाद में मढ़िया बनाकर पूजा अचार्ना होने लगी। यहां आने वाले लोग की मुरादे पूरी होने लगी। किसी को संतान, तो किसी को अच्छी नौकरी मिली। इसके आसपास के क्षेत्र को माता मंदिर के नाम से ही पहचाना जाता है। मंदिर के पुजारी राजीव चतुर्वेदी ने बताया कि यहां पर आम दिनों में 150 से 200 की संख्या में भक्त पहुंचते हैं। नवरात्रि में यह संख्या दोगुनी हो जाती है, तो वहीं मुख्य सड़क पर होने के कारण आने-जाने वाले वाहन चालक व लोग दूर से मां शीतला, काली के दर्शन कर रहे हैं। रोजाना चार से पांच लोग नई गाड़ी खरीदने पर मंदिर में पूजा कराने आते हैं।

## कई सालों से आ रही हूं


गीता, श्रद्धालु

माता मंदिर क्षेत्र में रहने वाली श्रद्धालु गीता खिबानी ने बताया कि वह कई सालों से माता रानी के दर्शन करने आ रहे है। उनके घर-परिवार की माता रानी में बड़ी आस्था है। मां से जो भी मांगते हैं माता रानी हर मुरादें पूरी करती है।

## मंदिर में कलावा बांधते हैं


रोहन, श्रद्धालु

माता मंदिर के पास रहने वाले श्रद्धालु रोहन खंडेलवाला बताया कि वह कई सालों से माता रानी के दर्शन के लिए आ रहा है। मन्नत के लिए माता रानी के मंदिर में कलावा बांधते है।

**मंदिर के नाम से है क्षेत्र की पहचान**

नवाबी शासनकाल के इस मंदिर की विशेषता यह है कि मातारानी की प्रतिमा आज भी खजूर के पेड़ में विराजित है। शुरुआत में मंदिर छोटा था, इसके बाद मां काली की प्रतिमा विराजित की गई। वर्तमान में मंदिर प्रांगण में भगवान राम व शनि दरबार है। मंदिर के कारण आसपास का इलाका माता मंदिर के नाम से जाना जाता है। मंदिर के पास का चौराहा भी माता मंदिर के नाम से जाना जाता है।

## खबर संक्षेप

### बीयू: पीएचडी कोर्स के लिए 30 तक करना होगा आवेदन

**भोपाल।** बीयू ने पीएचडी के कोर्स वर्क आवेदन के लिए तारीख निर्धारित की है। इसके साथ ही कोर्स वर्क के लिए शुल्क की जानकारी भी दे दी गई है। विवि द्वारा जारी अधिसूचना पीएचडी प्रवेश सत्र-2024-2025 के शेष अभ्यार्थी एवं सत्र-2025-2026 के अभ्यार्थियों की आरएसी साक्षात्कार के बाद पात्र अभ्यार्थियों को कोर्सवर्कके लिए पंजीयन कराया जाना है। कोर्स वर्क रजिस्ट्रेशन के लिए अभ्यार्थी नामांकन शाखा से नामांकन प्राप्त कर विवि की वेबसाईट पर 18 से 30 मार्च के बीच आवेदन करना है। इसके लिए पंजीयन शुल्क 5000/- एक बार में सभी अभ्यार्थियों को देना होगा। विवि पुस्तकालय की कॉशनमनी 06 माह के लिए 5000/- रूपए रिफंडेबल, विवि शिक्षण शुल्क 750/- प्रति माह, पुस्तकालय शुल्क 200/- प्रति माह देना होगा।

### संत समिति अध्यक्ष बोले, किसी भी धर्मगुरु की हत्या स्वीकार्य नहीं

**भोपाल।** ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत की पर अखिल भारतीय संत समिति मध्यप्रदेश के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष स्वामी अनिलानंद ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि किसी भी धर्मगुरु की हत्या स्वीकार्य नहीं है। स्वामी अनिलानंद ने इस मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा, जो व्यक्ति किसी समाज का धर्मगुरु होता है, अगर उसके ऊपर कोई आंच आती है, तो उसके अनुयायी आवाज जरूर उठाएंगे। इसी तरह कुंभ के दौरान चर्चा में आई मोनालिसा की शादी को लेकर स्वामी अनिलानंद ने कहा किसी भी समाज में हैं चाहे मुस्लिम समाज में हैं या हिंदू समाज में तो आपको उसी समाज में विवाह करना चाहिए। समाज अगर आपको सम्मान देता है, आपको आगे बढ़ाता है, तो आपको ऐसा कोई कदम नहीं उठाना चाहिए जिससे समाज के सम्मान पर आंच आए। उन्होंने कहा कि मोनालिसा जैसे व्यक्ति, जो कुंभ से चर्चा में आई और उसके बाद जिस तरह से वह ट्रोल हुई, उसके बाद उन्होंने केरल में मुस्लिम समाज में शादी की इससे पूरे समाज के मुंह पर कालिख पोतने जैसा है।

बरखेड़ी स्थित जय मां कालका दरबार में नवरात्रि उत्सव के छठवें दिन किया गया मां कालका का विशेष श्रृंगार

मंदिर को सुंदर और सुगंधित फूलों से सजाया गया

# नवरात्रि उत्सव: मां कालका का फूलों से विशेष श्रृंगार, ज्वारे एवं अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बरखेड़ी स्थित जय मां कालका दरबार में नवरात्रि उत्सव के छठवे दिन मंगलवार को मां कालका का विशेष श्रृंगार किया गया, मंदिर को कई प्रकार के फूलों से सजाया गया। सेवक प्रकाश मालवीय ने बताया कि दरबार मे ज्वारे एवं अखंड ज्योति प्रज्जवलित की गई है। पंडित रवि शर्मा द्वारा दुर्गा सप्तशती का पाठ जारी है, वहीं महिलाओं के द्वारा माता के भजनों की प्रस्तुति दी। देर रात्रि ने माँ कालका की आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। नवमीं पर हवन,कन्या पूजन एवं दशमी पर ज्वारे विसर्जन एव भंडारा आयोजित किया जाएगा।


मां कालका

**श्याम नगर से निकली 521 मीटर की भव्य चुनरी यात्रा, विश्व शांति और सामाजिक जागरुकता का संदेश**

**भोपाल।** शहर में आस्था, भक्ति और सामाजिक सरोकारों का अद्भुत संगम उस समय देखने को मिला। दरअसल नवरात्रि के दौरान माता रानी के भक्तों द्वारा श्याम नगर चूना भट्टी के पास माँ कालिका मंदिर तक 521 मीटर लंबी विशाल चुनरी यात्रा निकाली गई। माता दुर्गा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं सामूहिक आरती के साथ यात्रा का शुभारंभ हुआ।


विशालकाय चुनरी यात्रा।

**कात्यायनी माता के आकर्षक स्वरूप का पूजन कर अखंड दीप जलाए**


अखंड दीप प्रज्जवलित।

**भोपाल।** रायसेन रोड स्थित पटेल नगर के जागृत एवं दर्शनीय तीर्थ स्थल दादाजी धाम मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर्व अत्यंत श्रद्धा, विश्वास एवं धर्मभावना के साथ मनाया जा रहा है। नवरात्रि के छठवें दिन मंगलवार माँ कात्यायनी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना संपन्न की गई। अखंड दीप जलाए गए।

चैत्र छठ पूजा पर सरस्वती मंदिर छठ घाट पर भव्य आयोजन

## अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किए

**भोपाल।** लोक आस्था के महापर्व चैत्र छठ पूजा का आयोजन 24 मार्च (मंगलवार) को सायंकाल सरस्वती मंदिर छठ घाट, बरखेड़ा में भव्य रूप से छठ मैया की उपासना की गई। इस अवसर पर निर्मित कुंडों में छठव्रती श्रद्धालुओं ने स्वच्छ एवं पवित्र प्रकृति प्रदत्त वस्तुओं एवं ठेकुआ लडुआ इत्यादि पकवानों से जल में खड़े होकर अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर पूजा-अर्चना की। छठ पर्व के पावन अवसर पर बिहार सांस्कृतिक परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं की उत्कृष्ट व्यवस्था सुनिश्चित की गई।


सूर्य को अर्घ्य अर्पण।

## पीएम आवास योजना की किस्त के लिए दर-दर भटक रही पीड़िता

**मप्र मानव अधिकार आयोग ने जिला पंचायत सीईओ को दिए जांच के निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल जिले के बैरसिया जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले नलखेड़ा गांव में एक पीडिता को करीब 7 महीनों से पीएम आवास योजना की किस्त पाने के लिये लगातार जनपद पंचायत के चक्कर लगाना पड़ रहा है, लेकिन अब तक पीडिता को कोई राहत नहीं मिल सकी है। मामला मप्र मानव अधिकार आयोग तक पहुंचने के बाद मामले में आयोग ने संज्ञान लिया है। आयोग संज्ञान में आया है कि आर्थिक रूप से कमजोर पीडिता कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों से मिल चुकी है, लेकिन हर बार पीडिता को जल्द भुगतान का आश्वासन देकर वापस भेज दिया जाता है, लेकिन उनकी समस्या का समाधान अब तक नहीं हुआ है।

## एम्स के शोधार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन, यंग साइंटिस्ट कांग्रेस में मिला प्रथम पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा तीन दिवसीय यंग साइंटिस्ट कांग्रेस का आयोजन किया गया, जिसमें एम्स भोपाल के जैव रसायन विभाग की चार पीएचडी शोधार्थी शामिल हुए। वृषाली डी. पाटिल को कोविड-19 से जुड़े श्वसन एवं जठरांत्र संबंधी संक्रमणों में हर्बल चिकित्सा पर उनके उत्कृष्ट शोध के लिए प्रथम पुरस्कार एवं यंग साइंटिस्ट अवार्ड एमपी से सम्मानित किया गया। उनका यह शोध डॉ. रश्मि चौधरी और डॉ. जगत आर कनवार के मार्गदर्शन में किया गया। इसके अलावा डॉ. अशोक कुमार के मार्गदर्शन में शोध कर रही जाह्नवी शर्मा तथा डॉ. रश्मि चौधरी के मार्गदर्शन में



कार्यरत जिरहा सलीम एवं ऋतंभरा देशमुख को ट्रेनिंग ऑफ यंग साइंटिस्ट्स कार्यक्रम के अंतर्गत फेलोशिप प्रदान की गई।

## मध्यप्रदेश राज्य पुलिस सेवा पेंशनर्स एसोसिएशन का होली मिलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश राज्य पुलिस सेवा पेंशनर्स एसोसिएशन का होली मिलन व द्वैमासिक स्नेह मिलन समारोह वृंदावन गार्डन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्था के नव निर्वाचित पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी के सदस्यों की घोषणा की गई एवं परिचय कराया गया संस्था के अध्यक्ष केबी शर्मा, उपाध्यक्ष सलीम खान, सचिव नरेंद्र सक्सेना, सहसचिव एस के पंथी, वित्त सचिव मोहित वरवंडकर,



मीडिया प्रभारी शंभू नाथ मुखर्जी एवं कार्यकारिणी के सदस्य गिरीश बोहरे, जवाहर पटले, प्रशांत शर्मा नवीन अवस्थी एवं डीपी जुगादे को बनाया गया है।

**रॉयल गणगौर महोत्सव में झलकी राजस्थानी और लोक संस्कृति**

स्वदेशी जागरण मंच की मध्य भारत प्रांत प्रमुख सीमा भारद्वाज की रही विशेष उपस्थिति

# युद्ध के बीच यही स्वदेशी की ताकत... हम पर्व मना रहे



महोत्सव में पारंपरिक परिधानों में महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के गौर तरुण पुष्कर, रायसेन रोड पर 'द यूनिटी सोशल वेलफेयर फाउंडेशन' ने 'रॉयल गणगौर महोत्सव 2026' का आयोजन किया। समारोह की मुख्य अतिथि डॉ. नंदिता पाठक एवं नेहा बग्गा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच की मध्य भारत प्रांत प्रमुख सीमा भारद्वाज की विशेष उपस्थिति रही। महोत्सव में पारंपरिक वाद्य यंत्रों और मंगल गीतों के साथ निकाली गई गणगौर सवारी ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। महोत्सव में महिलाओं ने सोलो और ग्रुप डांस के जरिए राजस्थानी और लोक संस्कृति की झलक पेश की। पारंपरिक परिधानों में रैंप वॉक किया।

**प्रतियोगिताओं के विजेता पुरस्कृत**


महोत्सव में स्वदेशी जागरण मंच की मध्य भारत प्रांत प्रमुख सीमा भारद्वाज व अन्य महिला पदाधिकारी।

आयोजन के लिए अतिथियों ने फाउंडेशन की अध्यक्ष प्रिया शर्मा की सराहना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों का सम्मान किया गया और प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। संस्थापिका प्रिया शर्मा ने अतिथियों और अलकेश्वरी ठाकुर, मंजू सिंह, जयश्री शुक्ला, अजी कोशी, शिवानी दीक्षित, भारती मरकाम, चंचल सरवैया, सोनम सिंह, साधना और पूजा साहू का आभार व्यक्त किया।

**जब भी बाजार जाएंगे, सामान स्वदेशी लाएंगे: सीमा भारद्वाज**

समारोह में स्वदेशी जागरण मंच की मध्य भारत प्रांत प्रमुख सीमा भारद्वाज ने कहा कि सभी महिलाएं अपने घरों में जाकर चेक करें कि कितना सामाना स्वदेशी है और कितना सामान विदेशी। उन्होंने महिलाओं से पूछा कि क्या भारत का पैसा विदेश में जाना चाहिए। सभी महिलाओं ने हाथ उठाकर कहा नहीं। सीमा भारद्वाज ने कहा कि स्वदेशी की ताकत इस समय पूरी दुनिया देख रही है। जब पश्चिमी एशिया में अमेरिका-इजराइल-इरान युद्ध चल रहा है, तब भी हमारे समाज में पर्व और त्यौहार लगातार समारोह पूर्वक और उल्लास से मनाए जा रहे हैं। उन्होंने वहां मौजूद महिला समूह से नारा लगवाया कि जब भी बाजार जाएंगे, सामान स्वदेशी लाएंगे।

## गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग, मुस्लिम समाज ने किया प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

इतवारा चौराहे पर गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग को लेकर ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के बैनर तले मुस्लिम समाज ने प्रदर्शन किया। गौ माता के सम्मान में मुस्लिम समाज मैदान में जैसे नारे लगाए गए। इस दौरान बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग मौजूद थे। प्रदर्शन के दौरान कमेटी के संरक्षक शमशुल हसन ने कहा कि उनके मजहब इस्लाम में गाय का मांस खाना और उसका वध करना हराम माना गया है। हमारे नबी का फरमान है कि न हम गाय को काट सकते हैं और न ही उसका मांस खा सकते हैं। गाय का दूध और घी हमारे लिए उपयोगी बताया गया है, जिसका हम नियमित इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने देश में गाय और बछड़ों को लेकर बन रहे तनावपूर्ण हालात पर चिंता जताते हुए कहा कि इस मुद्दे को गलत दिशा में ले जाया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### रणवीर बने अजमल दुबई के ब्रांड एंबेसडर



**नई दिल्ली।** अजमल दुबई ने रणवीर सिंह को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की घोषणा की है, जो " योर अनसीन पावर " नामक अपने नवीनतम अभियान के लांच के साथ एक साहसिक नए अध्याय की शुरुआत का प्रतीक है। यह सहयोग अजमल की समृद्ध परफ्यूमरी विरासत को एक समकालीन आवाज के साथ जोड़ता है, जो नई पीढ़ी के फ्रेगरेंस प्रेमियों के साथ गूंजता है।

### आदित्य बिड़ला फैशन ने अपना 75वां स्टोर खोला

**मुंबई।** आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड ने ओन्ड नामक एक नया जेन-जी केंद्रित वैल्यू फैशन ब्रांड लांच किया है, जो किफायती और ट्रेंडी कपड़े प्रदान करता है। आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड के जेन-जी केंद्रित फैशन ब्रांड ओन्ड ने भारत भर में 75 स्टोर्स के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। ब्रांड ने मुंबई में अपने दो नए स्टोर्स लांच करते हुए इस प्रमुख बाजार में प्रवेश किया है, ब्रांड प्रमुख और फैशन-फॉरवर्ड बाजारों में अपनी मजबूत उपस्थिति बनाना जारी रखे हुए है।

### सैमसंग गैलेक्सी एम17ई 5जी की बिक्री शुरू

**गुरुग्राम।** सैमसंग ने गैलेक्सी एम17ई 5जी की बिक्री की घोषणा की। गैलेक्सी एम17ई 5जी एक स्मूथ डिस्प्ले, लंबे समय तक चलने वाली बैटरी, कुशल प्रदर्शन, सक्षम कैमरा और इंटेलिजेंट सॉफ्टवेयर के साथ आता है और युवा भारतीय उपभोक्ताओं की गतिशील जरूरतों को पूरा करता है। गैलेक्सी एम17ई सैमसंग. कॉम, अमेजन और चुनिंदा रिटेल आउटलेट्स पर 13999 रुपए की शुरुआती कीमत पर बिक्री के लिए उपलब्ध होगा।

### टाटा मोटर्स की कारें एक अप्रैल से महंगी होंगी

**मुंबई।** टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड (टीएमपीवी) ने घोषणा की कि वह अपने यात्री वाहनों (आईसीई पोर्टफोलियो) की कीमतों में 1 अप्रैल 2026 से बढ़ोतरी करेगी। कंपनी के अनुसार, यह मूल्य संशोधन लगातार बढ़ती इनपुट लागतों के प्रभाव को आंशिक रूप से संतुलित करने के लिए किया जा रहा है। कुल मिलाकर आईसीई पोर्टफोलियो में कीमतों में औसतन 0.5 फीसदी की बढ़ोतरी होगी, हालांकि वास्तविक वृद्धि अलग-अलग मॉडलों और वेरिएंट्स के अनुसार भिन्न हो सकती है।

### आईएचसीएल ने टीपीएस डब्ल्यूटी के लिए फंड जुटाया

**मुंबई।** इंडियन होटल्स कंपनी (आईएचसीएल) ने पथ्य के चार वर्ष पूरे होने के अवसर पर आईएचसीएल ने भारत एकसाथ वॉकथॉन के साथ सस्टेनेबल वृद्धि के लिए प्रतिबद्धता दोहराई। यह एक 3 किलोमीटर की वॉक है जिसमें 14 देशों की 200 से ज्यादा जगहों पर ऐसोसिएट्स, उनके परिवार, स्थानीय साझेदार, विक्रेता और समुदाय एकजुट होते हैं। वॉकथॉन से प्राप्त धन का उपयोग ताज पब्लिक सर्विस वेलफेयर ट्रस्ट को सहयोग देने में किया जाता है जिससे सामाजिक प्रभाव हेतु आईएचसीएल का दृष्टिकोण और ज्यादा मजबूत होता है।

### टाटा एआईए लाइफ ने तीन नए फंड लांच किए

**मुंबई।** टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस ने आज तीन नए फंड लांच किए हैं। ये फंड निवेशकों को भारत की विकास क्षमता और वैश्विक तकनीकी प्रगति का लाभ उठाने का एक अनूठा अवसर प्रदान करते हैं, टाटा एआईए लार्ज मिड कैप इनोवेशन फंड, टाटा एआईए लार्ज मिड कैप इनोवेशन पेंशन फंड और टाटा एआईए ग्लोबल एआई एंड टेक्नोलॉजी लीडर्स को इस तरह बनाया गया है ताकि निवेशक भारत की नई और आधुनिक कंपनियों और दुनिया भर में हो रही तकनीकी तरक्की से होने वाले मुनाफे का फायदा उठा सकें।

# मारुति सुजुकी का बड़ा निवेशः गुजरात प्लांट के पहले चरण में 10,189 करोड़ खर्च करेगी, देश में पांचवां मैन्युफैक्चरिंग प्लांट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मारुति सुजुकी इंडिया ने कहा कि वह गुजरात में अपने नए मैन्युफैक्चरिंग प्लांट के पहले चरण में 2.5 लाख यूनिट उत्पादन क्षमता स्थापित करने के लिए 10,189 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। कंपनी ने बताया कि उसके बोर्ड ने गुजरात के खोराज इंडस्ट्रियल एस्टेट स्थित प्लांट में सालाना 2.5 लाख वाहनों की क्षमता जोड़ने के पहले चरण को मंजूरी दे दी है। यह देश में कंपनी का पांचवां मैन्युफैक्चरिंग प्लांट होगा। मारुति सुजुकी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा कि इस प्लांट की पहली चरण की क्षमता 2029 तक जोड़ी जाएगी, जो बाजार की स्थिति पर निर्भर करेगी। कंपनी ने बताया कि पहले चरण में 10,189 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा, जो आंतरिक संसाधनों से किया जाएगा।



मैन्युफैक्चरिंग प्लांट

### 2.5 लाख यूनिट सालाना क्षमता

कंपनी के अनुसार इसमें 2.5 लाख यूनिट सालाना क्षमता वाले कार मैन्युफैक्चरिंग प्लांट के साथ-साथ भविष्य के प्लांट्स के लिए साझा इंफ्रास्ट्रक्चर और सुविधाओं पर भी निवेश शामिल है। फिलहाल कंपनी की कुल उत्पादन क्षमता करीब 24 लाख यूनिट सालाना है, जो गुरुग्राम, मानेसर, खरखौदा (हरियाणा) और हंसलपुर (गुजरात) में स्थित प्लांट्स में फैली हुई है। कंपनी के पास कुल 26 लाख यूनिट सालाना उत्पादन की क्षमता है। इसमें पहले का सुजुकी मोटर गुजरात यूनिट का उत्पादन भी शामिल है, जिसे कंपनी में विलय कर लिया गया है।

#### गुजरात में उत्पादन क्षमता बढ़ाने पर फोकस

ऑटोमेकर ने बताया कि उसकी मौजूदा उत्पादन क्षमता पूरी तरह उपयोग में है। इस साल जनवरी में कंपनी के बोर्ड ने गुजरात में उत्पादन क्षमता बढ़ाने और जमीन खरीदने के लिए 4,960 करोड़ रुपए के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। बोर्ड ने गुजरात इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन से खोराज इंडस्ट्रियल एस्टेट में जमीन खरीदने को भी मंजूरी दी थी। 2024 में सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष तोशिहिरो सुजुकी ने घोषणा की थी कि मारुति सुजुकी इंडिया गुजरात में अपना दूसरा मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित करने के लिए 35,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी, जिसकी उत्पादन क्षमता 10 लाख यूनिट सालाना होगी।

एनपीसीआई, आईबीए और डीएवाई-एनआरएलएम के साथ साझेदारी

## बैंक ऑफ बड़ौदा बना एसएचजी सदस्यों को यूपीआई पर ओडी सुविधा देने वाला पहला बैंक

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

बैंक ऑफ बड़ौदा ने घोषणा की कि बैंक द्वारा सत्यापित प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) खाताधारक महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के सदस्यों के लिए यूपीआई पर क्रेडिट लाइन के तहत ओवरड्राफ्ट (ओडी) सुविधा दिये जाने की शुरुआत की है और इस डिजिटल क्रेडिट नवाचार को क्रियान्वित करने वाला देश का पहला बैंक बन गया है। इस पहल के तहत 5,000 की ओवरड्राफ्ट सुविधा तक बाधारहित डिजिटल एक्सेस प्रदान किया जा रहा है, जिससे वित्तीय समावेशन को गति मिलेगी और महिलाओं के नेतृत्व में आर्थिक सशक्तिकरण को मजबूती मिलेगी।

### यूपीआई पर डिजिटल ऋण प्रदान

महिला एसएचजी सदस्यों के लिए यूपीआई पर क्रेडिट लाइन सक्रिय करने वाली इस परियोजना का शुभारंभ शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री तथा ग्रामीण विकास मंत्री द्वारा हैदराबाद में आयोजित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत 25वीं केंद्रीय स्तरीय समन्वय समिति (सीएलसीसी) बैठक में किया गया। राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई), भारतीय बैंक संघ (आईबीए) और दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) के सहयोग से प्रारंभ की गई। यह सुविधा यूपीआई पर क्रेडिट लाइन के इंटीग्रेशन के माध्यम से डिजिटल ऋण प्रदान करती है। पात्र सदस्य अपने ओवरड्राफ्ट का डिजिटल रूप से उपयोग एवं चुकौती, मर्चेंट क्यूआर के माध्यम से ओडी क्रेडिट लाइन से भुगतान करने तथा शेष राशि एवं लेनदेन हिस्ट्री देखने के लिए किसी भी यूपीआई-एनेबल्ड अनुप्रयोग के माध्यम से अपने एसएचजी सदस्य ओडी खाते को लिंक कर सकते हैं, जिससे शाखा जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

### पारदर्शी एक्सेस की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

बैंक ऑफ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक, संजय मुदालियर ने कहा कि बैंक ऑफ बड़ौदा महिला एसएचजी सदस्यों के लिए यूपीआई पर क्रेडिट लाइन ओवरड्राफ्ट सुविधा प्रदान करने में अग्रणी बनकर गौरवान्वित महसूस कर रहा है, यह डिजिटल वित्तीय समावेशन में एक परिवर्तनकारी मीलस्तंभ है। एनपीसीआई, आईबीए और डीएवाई-एनआरएलएम के सहयोग से यह पहल जमीनी स्तर पर महिला उद्यमियों को औपचारिक ऋण तक बाधारहित और पारदर्शी एक्सेस प्रदान कर सशक्त बनाती है। यह पहल छोटी राशि के ऋणों के लिए एक वृद्धिशील फ्रेमवर्क तैयार कर रही है और देशभर में महिलाओं के नेतृत्व में आर्थिक विकास को सुदृढ़ कर रही है। जबकि सोहिनी राजोला, कार्यकारी निदेशक- ग्रोथ, एनपीसीआई ने कहा कि एनपीसीआई लोगों में यूपीआई की स्वीकार्यता को बढ़ाते हुए भारत भर में वित्तीय सेवाओं तक पहुंच का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा महिला एसएचजी सदस्यों के लिए यूपीआई ओडी सुविधा पर क्रेडिट लाइन की शुरुआत औपचारिक ऋण तक सुविधाजनक और पारदर्शी एक्सेस सक्रिय करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

बाजार में बन गया 'कैश इज किंग' का माहौल

## निवेशक सोना, चांदी और शेयर बेचकर कैश इकट्ठा कर रहे


एआई इमेज

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच सोना-चांदी से लेकर शेयर बाजार तक में गिरावट देखने को मिल रही है। ऐसे में काफी निवेशकों ने सोना, चांदी और इक्विटी जैसे जोखिम वाले असेट्स से तेजी से पैसा निकालना शुरू कर दिया है और नकदी (कैश) को प्राथमिकता दे रहे हैं। बाजार में इस समय कैश इज किंग का माहौल बन गया है। गौरतलब है कि निवेशकों ने इसे इस उम्मीद से खरीदा था कि इसमें तेजी जारी रहेगी, लेकिन जनवरी 2026 के बाद जो इसकी कीमत धड़ाम हुई है, उससे चांदी अभी तक संभल नहीं पाई है। स्थिति यह है कि यह अपने पीक से आधी भी नहीं बची है यानी चांदी की कीमत अपने उच्चतम स्तर से आधी से भी ज्यादा गिर गई।

### चार लाख रु. से ऊपर पहुंच गई थी कीमत

जनवरी में चांदी में इस कदर तेजी थी कि यह देखते ही देखते प्रति किलो 4 लाख रुपए से ऊपर निकल गई थी। 29 जनवरी को एमसीएक्स पर चांदी 4.39 लाख रुपए प्रति किलो पर थी, जो अभी तक का ऑल टाइम हाई था। मगर अब चांदी में लगातार गिरावट आ रही है।

### अब निवेशकों को रुला रही चांदी

स्थानीय सराफा व्यापारी नवनीत अग्रवाल के अनुसार पिछले साल एक समय ऐसा था कि चांदी सभी को चौंका रही थी। इसकी कीमत में रोजाना जबरदस्त तेजी आ रही थी, लेकिन यह अब निवेशकों को रुला रही है। इसकी कीमत में लगभग रोजाना गिरावट आ रही है। साल 2025 में चांदी की कीमतों में 170 फीसदी तक उछाल आया था। यही नहीं, चांदी में यह तेजी जनवरी 2026 में भी जारी रही। जनवरी खत्म होने से कुछ पहले दिनों तक इसमें 70 फीसदी से ज्यादा की तेजी आ गई थी, लेकिन उसके बाद चांदी के भाव में गिरावट की उल्टी गिनती शुरू हुई। इसमें चार दिनों में इतनी गिरावट आई कि निवेशकों के साथ बाजार विश्लेषक भी हैरान रह गए। इसमें अभी तक गिरावट बनी हुई है।

सीआईआई वार्षिक शिखर सम्मेलन बैठक आज

## भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता विकास की रणनीति पर केंद्रित होगा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई), पश्चिमी क्षेत्र की वार्षिक बैठक और सीआईआई का वार्षिक शिखर सम्मेलन 25 मार्च को होगी। बैठक का मुख्य एजेंडा विकास, नवाचार और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को गति देना होगा। इस बैठक में उद्योग जगत के लीडर्स, नीति निर्माता और विशेषज्ञ एक साथ मिलकर देश के विकास के अगले चरण को गति देने में पश्चिमी भारत की भूमिका पर चर्चा करेंगे।

### सीआईआई की वार्षिक बैठक में भागीदार

मुंबई में आयोजित सीआईआई की वार्षिक बैठक में बतौर वक्ता राजीव मेमानी - अध्यक्ष, सीआईआई और क्षेत्रीय प्रबंध भागीदार, ईवाई अफ्रीका इंडिया, आर मुकुंदन -प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, टाटा केमिकल्स, डॉ. नौशाद फोर्ब्स - सह-अध्यक्ष, फोर्ब्स मार्शल, चंद्रजीत बनर्जी -महानिदेशक, सीआईआई, सुनील माथुर -प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, सीमेंस इंडिया, ऋषि कुमार बागला-अध्यक्ष, सीआईआई पश्चिमी क्षेत्र और सीएमडी, बीजी इलेक्ट्रिकल्स एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया, वीर एस आडवाणी-सीएमडी, ब्लू स्टार, पी खंबाटा- अध्यक्ष, रसना, इप्सिता दासगुप्ता -वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एचपी इंक. (भारत, बांग्लादेश और श्रीलंका), आकाश पासी- अध्यक्ष, जेडएफ ग्रुप इंडिया, अर्जुन चौगुले- प्रबंध निदेशक, चौगुले ग्रुप, मिलन नाग- अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, केके गुनगुन, स्वाति सालगांवकर - अध्यक्ष, वी. एम. सालगांवकर और भाई, शिप्रा खन्ना-सेलिब्रिटी मास्टरशेफ और सांस्कृतिक राजदूत, रणजीत सिंह दिसाले-वैश्विक शिक्षक पुरस्कार प्राप्तकर्ता, भरत अग्रवाल- अध्यक्ष, विश्वकर्मा विश्वविद्यालय, किनिता कदाकिया पटेल-मेटाबोलिक रीसेट और खेल पोषण विशेषज्ञ मौजूद होंगे। इस चर्चा में विनिर्माण, नवाचार, स्थिरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा जैसे विषय शामिल होंगे।

यह शोध भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत बनाने में निभाएगा

## तेल उत्पादन बढ़ाने के लिए एमआईटी-डब्ल्यूपीयू के शोधकर्ताओं ने एआई और मशीन लर्निंग आधारित विकसित किए उन्नति मॉडल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी (एमआईटी-डब्ल्यूपीयू), पुणे के शोधकर्ताओं ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) आधारित उन्नत मॉडल विकसित किए हैं, जो पुराने तेल भंडारों (मैच्योर फील्ड्स) से अधिक तेल निकालने और भविष्य के उत्पादन का सटीक अनुमान लगाने में मदद कर सकते हैं। यह शोध भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के साथ ऊर्जा की मांग लगातार बढ़ रही है। देश की कुल ऊर्जा खपत में तेल और गैस की हिस्सेदारी लगभग 32-37 फीसदी है और सरकारी आंकड़ों के अनुसार कच्चे तेल के आयात पर करीब 161 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च किए गए। ऐसे में मौजूदा तेल क्षेत्रों से उत्पादन बढ़ाना एक रणनीतिक प्राथमिकता बन गया है। एमआइटी डब्ल्यूपीयू में पेट्रोलियम इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर डॉ. राजीब कुमार सिन्हाराय के नेतृत्व में, और उनके पीएचडी छात्र डॉ. ऋषिकेश के. चव्हाण के साथ, एक शोध टीम ने मशीन लर्निंग मॉडल विकसित किया है, जो जटिल तेल भंडारों के लिए सबसे उपयुक्त एन्हांस्ड ऑयल रिकवरी तकनीकों की पहचान कर सकता है। यह मॉडल दुनियाभर के कई तेल क्षेत्रों के डेटा पर प्रशिक्षित किया गया है और इसने 91 फीसदी सटीकता के साथ सर्वोत्तम रिकवरी विधि का अनुमान लगाया। डॉ. राजीब कुमार सिन्हाराय ने कहाकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तेल और गैस उद्योग में भंडार प्रबंधन को पूरी तरह बदलने की क्षमता रखता है। हमारा उद्देश्य ऐसे डेटा-आधारित टूल्स विकसित करना है, जो ऑपरेटरों को बेहतर निर्णय लेने और उत्पादन का अधिक सटीक अनुमान लगाने में मदद करें। एक अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धि में, प्रोफेसर समर्थ पटवर्धन और उनके पीएचडी छात्र डॉ. सौमित्र नांदे ने एक डीप लर्निंग मॉडल विकसित किया है।

## बिजनेस न्यूज

### मानसरोवर यूनिवर्सिटी में 'वैदिक बनाम पश्चिमी संस्कृति' पर विशेष व्याख्यान



**भोपाल।** मानसरोवर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा परिसर के ऑडिटोरियम में एक विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य विषय 'वैदिक संस्कृति बनाम पश्चिमी संस्कृति, जीवन, स्थिरता और सचेत जीवन की समझ' रहा, जिसमें प्रमुख वक्ता द्वारा युवाओं से संवाद और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता इस्कॉन के जीबीसी मंत्री गौ-संरक्षण एवं कृषि कालकंठ दास (कार्लोस क्विरोस) और इस्कॉन मंदिर कोलार के अध्यक्ष रसानंद दास रहे। उन्होंने आधुनिक विश्व में कालजयी वैदिक ज्ञान की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कैसे वैदिक जीवन शैली न केवल आध्यात्मिक शांति प्रदान करती है, बल्कि पर्यावरण की स्थिरता और सचेत जीवन जीने के लिए भी अनिवार्य है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता सहित मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के प्रो चांसलर डॉ. अरुण कुमार पाण्डेय, मानसरोवर आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुराग सिंह राजपूत, श्री साईं इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक रिसर्च एंड मेडिसिन की प्राचार्य डॉ. मनीषा राठी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन मानसरोवर समूह की कुलाधिपति श्रीमती मंजुला तिवारी और प्रति कुलाधिपति इंजी गौरव तिवारी ने की। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के छात्र, शोधार्थी और शिक्षक उपस्थित रहे।

### जेएनसीटी प्रो.यूनिवर्सिटी में गुरु द्रोणाचार्य शिक्षक सम्मान आयोजित




**भोपाल।** जेएनसीटी प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, एलएनसीटी ग्रुप द्वारा गुरु द्रोणाचार्य शिक्षक सम्मान समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज निर्माण में शिक्षकों के अतुलनीय योगदान को सम्मानित करना रहा। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी शिशुपाल सिंह जाटव और विकासखंड अधिकारी चंद्रकांत त्यागी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर 75 से अधिक शिक्षकों को एलएनसीटी ग्रुप द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में एलएनसीटी ग्रुप से सौरभ जैन मुकेश ठाकुर एवं अनुराग चौकसे ने मंच संचालन किया। जेएनसीटी प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के रजिस्टर डॉक्टर मोहित पंड्या एवं एडमिशन डायरेक्ट अरुण कुमार पटेल के द्वारा ग्रुप के बारे में सभी शिक्षकों को अवगत कराया गया एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। समारोह का उद्देश्य शिक्षकों के उस सतत योगदान को सम्मान देना था, जो वे शिक्षा के माध्यम से समाज को सशक्त बनाने में निरंतर लगे हुए हैं।

### राधारमण ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस परिसर में वार्षिकोत्सव 'विहान 2026' संपन्न



**भोपाल।** राधारमण ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, रातीबड़ परिसर में आयोजित वार्षिकोत्सव "विहान 2026" के अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं उत्साहपूर्वक संपन्न हुईं। टग ऑफ वॉर प्रतियोगिता में छात्र एवं छात्रा दोनों वर्गों में राधारमण आयुर्वेद कॉलेज की टीम विजेता रही।आर्म रेसलिंग में छात्र वर्ग में शुभम सोलंकी एवं छात्रा वर्ग में वैष्णवी ताम्रकार विजेता रहे। कैरम प्रतियोगिता में कड़े मुकाबलों के बाद छात्र वर्ग में समीर खान (आयुर्वेद) एवं छात्रा वर्ग में अवनी तिवारी (आयुर्वेद) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि उपविजेता क्रमशः मोहम्मद अहसान एवं वैष्णवी ताम्रकार (आयुर्वेद) रहे। इस अवसर पर राधारमण ग्रुप के अध्यक्ष इंजी. संजीव राधारमण सक्सेना ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में टीम भावना, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। आगामी दिनों में खो-खो, गली क्रिकेट एवं शतरंज सहित अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

### वीआईटी भोपाल ने तालाब संरक्षण के लिए जागरुकता पदयात्रा निकाली



**भोपाल।** वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी के आर्किटेक्चर विभाग एवं एंटीक आर्केड क्लब द्वारा बड़ा तालाब के आसपास जागरूकता पदयात्रा आयोजित की गई। कार्यक्रम में मनोज कुर्मी, सुपरिटेंडिंग आर्कियोलॉजिस्ट, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई), भोपाल सिटीजंस फोरम के संयोजक सुरेंद्र तिवारी, सिटीजंस फोरम के सदस्य कमल राठी, गांधी भवन ट्रस्ट से जुड़े प्रतिनिधि, पर्यावरण, जल विज्ञान एवं भू-विज्ञान के विशेषज्ञ, मीडिया प्रतिनिधि तथा विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम वीआईटी के चांसलर डॉ. जी. विश्वनाथन, वाइस प्रेसिडेंट शंकर विश्वनाथन, ट्रस्टी रमणी बालासुंदरम, असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट कादम्बरी एस विश्वनाथन, वाइस चांसलर डॉ. सतीश मोढ़, प्रो वाइस चांसलर डॉ. टीबी श्रीधरन तथा एक्टिंग रजिस्ट्रार केके नायर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. शीतल शर्मा ने बताया कि यह जागरूकता पदयात्रा प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है। इसका उद्देश्य नागरिकों को भोपाल की इस अमूल्य प्राकृतिक धरोहर के संरक्षण के प्रति जागरूक करना है।

### टाटा ईवी ने फियरलेस प्लस क्यूडब्ल्यूडी75 को हैरियर ईवी में लांच किया

**मुंबई।** टाटा ईवी ने हैरियर ईवी का नया फियरलेस प्लस क्यूडब्ल्यूडी75 वेरिएंट 26.49 लाख में लांच किया है। 75 किलो वाटहार्स बैटरी से लैस यह इलेक्ट्रिक एसयूवी 622 किमी (सर्टिफाइड) की रेंज और 0-100 किमी/घंटा की रफ्तार सिर्फ 6.3 सेकंड में पकड़ती है। इसमें ऑल-व्हील ड्राइव, 6 ड्राइविंग मोड और सीवीड ग्रीन कलर का विकल्प मिलता है। कंपनी के चीफ कमर्शियल ऑफिसर विवेक श्रीवत्स ने कहा कि हैरियर ईवी को हमारे ग्राहकों से कितना प्यार मिला है। सिर्फ 6 महीनों में 13,000 से ज़्यादा हैरियर ईवी डिलीवर होने के साथ, इसकी क्षमता और संभावनाओं में ग्राहकों ने ज़बरदस्त दिलचस्पी दिखाई है।

### सिग्निफाई के ईकोलिंक फैन की नई रेंज पेश




**नई दिल्ली।** सिग्निफाई ने भारत में ईकोलिंक ब्रांड के तहत सीलिंग फैन की एक नई और उन्नत रेंज पेश की है, जो गर्मियों के मौसम के लिए खास तौर पर तैयार की गई है। ये पंखे अपनी हाई स्पीड, ऊर्जा दक्षता और प्रीमियम डिजाइन के लिए जाने जाते हैं। इस रेंज में स्मार्ट कूलिंग, एनर्जी एफिशियंसी और क्रिकेट के जुनून का बेहतरीन तालमेल है। यह भारतीय ग्राहकों को भरोसेमंद और एनर्जी एफिशियंट कूलिंग सॉल्यूशन प्रदान करने की ईकोलिंक की प्रतिबद्धता को बल प्रदान करती है। सिग्निफाई, ग्रेटर इंडिया के सीईओ एवं एमडी, सुमित जोशी ने कहाकि सिग्निफाई में हम ग्राहकों को लगातार उपयोगी और कारगर इनोवेशन प्रदान करने के तरीके खोजते हैं। हमारे एक्सक्लुसिव राजस्थान रॉयल्स लिमिटेड एडिशन फैन हमारे इसी उद्देश्य को पूरा करते हैं। इनमें क्रिकेट फैंस के जुनून के साथ एनर्जी एफिशियंसी और विश्वसनीयता की सिग्निफाई की प्रतिबद्धता को शामिल किया गया है, जिससे एक ठोस जुड़ाव उत्पन्न होता है।


एनएचपीसी NHPC **एन एच पी सी लिमिटेड**
(भारत सरकार का एक नवरत्न उद्यम)

एनएचपीसी कार्यालय परिसर, सेक्टर-33, फरीदाबाद-121003 (हरियाणा)
CIN : L40101HR1975GOI032564

**अनुसूची**

[केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (कारोबार का संचालन) विनियम, 2023 के विनियम 23 के खंड (7) के अनुसरण में प्रकाशित किया जाना है]

1. उपर्युक्त याचिकाकर्ता ने **सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना (2000 मे.वा.)** के लिए टैरिफ निर्धारण हेतु केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग, नई दिल्ली के समक्ष याचिका दायर की है।
2. जनरेटिंग स्टेशन के लाभार्थी निम्नलिखित हैं:

| | | | |
|---|---|---|---|
| i) | उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड, उ. प्र. | xi) | महाराष्ट्र स्टेट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (एमएसईडीसीएल), महाराष्ट्र |
| ii) | हरियाणा पावर परचेज सेंटर , हरियाणा | xii) | पावर डिपार्टमेंट, गोवा सरकार, गोवा |
| iii) | चंडीगढ़ पावर डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (सीपीडीएल), चंडीगढ़ | xiii) | मणिपुर स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, मणिपुर |
| iv) | जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (जेवीवीएनएल), राजस्थान | xiv) | पावर डिपार्टमेंट, नागालैंड |
| v) | अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड राजस्थान | xv) | असम पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, असम |
| vi) | जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, राजस्थान | xvi) | त्रिपुरा, स्टेट इलेक्ट्रिसिटी कारपोरेशन लिमिटेड (टीएसईसीएल), त्रिपुरा |
| vii) | पंजाब स्टेट पावर कारपोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल), पंजाब | xvii) | पावर एण्ड इलेक्ट्रिसिटी डिपार्टमेंट, मिजोरम |
| viii) | छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, छत्तीसगढ़ | xviii) | पावर डिपार्टमेंट, अरुणाचल प्रदेश |
| ix) | गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (जीयूवीएनएल), | xix) | मेघालय पावर डिस्ट्रीब्यूशन कारपोरेशन लिमिटेड,मेघालय |
| x) | म.प्र. पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (एमपीपीएमसीएल), मध्य प्रदेश | | |

3. जनरेटिंग स्टेशन की क्षमता : 2000 मे.वा. (8 x 250 मे.वा.)
4. परियोजना की अनुमोदित पूंजीगत लागत : 6285.33 करोड़ रुपए (दिसंबर 2002 के मूल्य स्तर पर)

पूंजीगत लागत को अनुमोदित करने वाला प्राधिकरण : सीसीईए

टिप्पणी : 29948.22 करोड़ रुपए की संशोधित लागत एनएचपीसी लिमिटेड के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदन की प्रक्रिया में है।

5. वाणिज्यिक प्रचालन की अनुसूचित तारीख : 08.09.2010
6. वाणिज्यिक प्रचालन की वास्तविक तारीख :

| | |
|---|---|
| **वास्तविक:** | |
| यूनिट #2 : 23.12.2025 | यूनिट #3 : 01.02.2026 |
| **संभावित :** | |
| यूनिट #1 : 20.03.2026 | यूनिट #6 : 30.06.2026 |
| यूनिट #4 : 31.03.2026 | यूनिट #7 : 31.12.2026 |
| यूनिट #5 : 30.06.2026 | यूनिट #8 : 31.12.2026 |
| पावर स्टेशन : 31.12.2026 (संभावित) | |

7. वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख को पूंजीगत लागत (एनआईडीसी को छोड़कर) : 29190.17 करोड़ रुपए (अनुमानित)
8. टैरिफ के ब्योरे:

| क्र. सं. | हाइड्रो पावर जनरेटिंग स्टेशन | पिछले वर्ष के लिए टैरिफ | वर्ष-वार टैरिफ जिसके निर्धारण किए जाने की माँग की गई है | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | वित्तीय वर्ष 2024-25 | वित्तीय वर्ष 2025-26 | वित्तीय वर्ष 2026-27 | वित्तीय वर्ष 2027-28 | वित्तीय वर्ष 2028-29 |
| 1. | वार्षिक नियत प्रभार (रुपये करोड़ में) | लागू नहीं | - | 842.87 | 4849.24 | 5816.11 | 5801.36 |
| 2. | प्राथमिक ऊर्जा प्रभार | प्राथमिक ऊर्जा प्रभार वार्षिक नियत प्रभार का हिस्सा है और यह वार्षिक नियत प्रभार का 50% है। | | | | | |

9. टैरिफ निर्धारण के लिए की गई याचिका की एक प्रति वेबसाइट http://www.nhpcindia.com पर पोस्ट की गई है।
10. याचिका में निहित टैरिफ निर्धारण हेतु प्रस्तावों पर सुझाव या आपत्तियां, यदि कोई हो तो लाभार्थियों सहित किसी भी व्यक्ति द्वारा इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर याचिकाकर्ता को उसकी एक प्रति प्रेषित करने के साथ आयोग के ई-फाइलिंग पोर्टल पर दाखिल की जा सकती है।

स्थान : फरीदाबाद
तारीख : 18.03.2026

(मोहम्मद फ़ारुक़)
महाप्रबंधक (वाणिज्यिक) वाणिज्यिक विभाग

## चिंतन

# धर्मांतरण रोकने में अहम साबित होगा सुप्रीम कोर्ट का फैसला

सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि जो व्यक्ति हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म के अलावा किसी अन्य धर्म को मानता है, वह अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं हो सकता यानी वह अनुसूचित जाति के लोगों को मिलने वाले लाभ व विशेषाधिकारों का पात्र नहीं हो सकता। न्यायमूर्ति पी. के. मिश्रा की अध्यक्षता वाली दो-न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि किसी अन्य धर्म में धर्मांतरण करने पर अनुसूचित जाति का दर्जा समाप्त हो जाता है। पीठ ने संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950 के प्रावधानों का हवाला देते हुए आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय का 30 अप्रैल 2025 का आदेश को बरकरार रखा और कहा कि यह स्थिति स्पष्ट है। यह फैसला भारतीय सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य में दूरगामी प्रभाव डाल सकता है। यह निर्णय मूलतः उस संवैधानिक ढांचे की पुनर्पुष्टि है, जो अनुसूचित जातियों को ऐतिहासिक-सामाजिक भेदभाव के आधार पर संरक्षण देता है। अदालत का तर्क यह है कि जाति-आधारित उत्पीड़न मुख्यतः उन धर्मों की सामाजिक संरचना से जुड़ा है, जहां जाति व्यवस्था मौजूद है। इसलिए यदि कोई व्यक्ति ईसाई या इस्लाम जैसे धर्म को अपनाता है, जहां सैद्धांतिक रूप से जाति व्यवस्था नहीं मानी जाती तो उसे अनुसूचित जाति के विशेष अधिकारों जैसे आरक्षण व कानूनी संरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिए। इस फैसले का पहला बड़ा प्रभाव आरक्षण व्यवस्था पर पड़ेगा। ऐसे लोग जिन्होंने धर्म परिवर्तन किया है लेकिन अभी तक एससी प्रमाणपत्र रखते हैं, अब कानूनी रूप से उन लाभों के पात्र नहीं रहेंगे। इससे शिक्षा, सरकारी नौकरियों और राजनीतिक प्रतिनिधित्व में उनकी स्थिति प्रभावित हो सकती है। यह प्रशासनिक स्तर पर भी चुनौती पैदा करेगा, क्योंकि कई मामलों में धर्म परिवर्तन के बाद भी जाति प्रमाणपत्र रद्द नहीं किए जाते। दूसरा महत्वपूर्ण प्रभाव अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के उपयोग पर पड़ेगा। इससे ऐसे मामलों में कमी आ सकती है, जहां आरोप लगाया जाता रहा है कि कानून का दुरुपयोग हुआ। हालांकि इसके साथ ही यह चिंता भी उठेगी कि धर्म परिवर्तन कर चुके दलितों के साथ होने वाले भेदभाव को अब किस कानूनी ढांचे में संबोधित किया जाएगा। तीसरा पहलू सामाजिक और राजनीतिक बहस का है। लंबे समय से यह मुद्दा उठता रहा है कि धर्म परिवर्तन के बावजूद सामाजिक भेदभाव समाप्त नहीं होता। ऐसे में यह निर्णय इस बहस को और तेज कर सकता है कि क्या एससी दर्जा केवल धर्म से जुड़ा होना चाहिए या सामाजिक वास्तविकताओं के आधार पर तय होना चाहिए। यह फैसला केवल एक कानूनी व्याख्या नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। यह सरकार और समाज दोनों के सामने यह चुनौती रखता है कि वे धर्म परिवर्तन कर चुके दलितों के अधिकारों और सुरक्षा के लिए एक संतुलित और समावेशी नीति तैयार करें, ताकि समानता और न्याय के संवैधानिक आदर्शों को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके। हालांकि यह फैसला भविष्य में धर्मांतरण पर रोक लगाने में भी मील का पत्थर साबित हो सकता है। अनेक बार ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां पर प्रलोभन देकर अनुसूचित जाति के लोगों का धर्मांतरण कराने का आरोप लगा है। इस फैसले से एससी वर्ग के लोग धर्मांतरण करने से बचेंगे।



सीएम का जन्मदिन
हरि अग्रहरि

# चरैवेति दर्शन के 'अनन्य साधक'

मुख्यमंत्री बनने के बाद डॉ. मोहन यादव ने बारंबार दोहराया कि मध्यप्रदेश को कृषि, शिक्षा, उद्योग और रोजगार के क्षेत्र में आगे ले जाना प्राथमिकता है। उन्होंने युवाओं के लिए रोजगार, निवेश और बुनियादी ढांचे के विकास को राज्य की प्रगति का आधार बताया। इसलिए हम पाते हैं कि किसानों, युवाओं और कर्मचारियों के लिए कई फैसले लिए गए। औद्योगिक विकास की गति को तेज करने डॉ. यादव ने रात-दिन एक कर दिए। उन्होंने हर क्षेत्र में निवेश संभावनाओं पर काम करते हुए रीजनल इन्वेस्टर्स समिट आयोजनों की शुरूआत की।

'चरैवेति' का अर्थ है चलते रहो, चलते रहो। यह भारतीय संस्कृति का प्रेरक दर्शन है, जो आशावादी दृष्टिकोण के साथ निरंतर सक्रिय रहने और बिना थके-रुके लक्ष्य की ओर बढ़ने की प्रेरणा देता है। 'चरैवेति दर्शन' के अनुसार जीवन में रुकना मृत्यु के समान है और चलना ही जीवन है। 'चरैवेति' दर्शन कर्मयोग से जुड़ा है। डॉ. मोहन यादव 'चरैवेति' दर्शन को ही प्रेरणा मानकर आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री का पद संभालते ही वे बिना रुके अपने कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ रहे हैं, जिससे उनके व्यक्तित्व की कई विशेषताएं जनमानस के समक्ष रेखांकित हुई हैं। आज जब पूरा प्रदेश मुख्यमंत्री डॉ. यादव के यशस्वी जीवन की शुभकामनाएं प्रेषित कर रहा है और वे राष्ट्र निर्माण में जुटे हैं। हर पल विकास योजनाओं की चर्चा करते हैं। विशेषज्ञों से संवाद करते हैं। पिछले दो सालों में ही मध्यप्रदेश ने विकास के नए-नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। विकास की ऐसी परियोजनाएं धरातल पर उतरी हैं, जो कई वर्षों से लंबित थी। यह डॉ. मोहन यादव के अथक परिश्रम का परिणाम हैं। सुबह योग के साथ दिन की शुरूआत और दिन भर बिना रूके जनहित कार्यों के संपादन उनकी सामान्य दिनचर्या है। राष्ट्र प्रथम का ध्येय उनकी कार्यप्रणाली का मूल तत्व है। डॉ. मोहन यादव का राजनीतिक जीवन इस बात का उदाहरण है कि संगठन से निकलकर लगातार मेहनत और प्रतिबद्धता के बल पर शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचा जा सकता है। उज्जैन से छात्र राजनीति और संगठनात्मक कार्य से शुरू हुआ उनका सफर विधायक, मंत्री और फिर मुख्यमंत्री तक पहुंचा। वे हमेशा आत्मविश्वास से भरे नेता रहे। उनका ध्यान सिर्फ विकास की राजनीति पर रहा है। उनका आत्मविश्वास उनकी शिक्षा-दीक्षा के कारण कई गुना बढ़ जाता है। डॉ. मोहन यादव के व्यक्तित्व में संगठन, शिक्षा, वैचारिक पृष्ठभूमि और प्रशासनिक शैली से बने नेतृत्व जैसे तत्व प्रमुखता से अनुभव किए जा सकते हैं। डॉ. मोहन यादव को भी ऐसे ही नेताओं में गिना जाता है, जिन्होंने संगठन, शिक्षा और प्रशासन क्षेत्रों के अनुभव के आधार पर राजनीति में अपनी पहचान बनाई। अपनी उत्तम शैक्षणिक पृष्ठभूमि से डॉ. मोहन यादव सार्वजनिक भाषणों और नीतिगत निर्णयों में शिक्षा, संस्कृति, इतिहास और भारतीय ज्ञान परंपरा जैसे विषयों का उल्लेख बार-बार आता है।

डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक गरिमा को नई आभा प्रदान की। आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक जनजागरण के उद्देश्य से क्षिप्रा परिक्रमा, श्रीकृष्ण-सुदामा सांदीपनि यात्रा और श्री महाकालेश्वर से श्री बोरेश्वर महादेव (दंगवाड़ा) यात्रा जैसे आयोजनों ने उज्जैन को भारत की आध्यात्मिक राजधानी के रूप में और सुदृढ़ किया। इन सभी पहलों के माध्यम से डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन को आस्था, संस्कृति, विज्ञान और राष्ट्रचेतना का समन्वित केंद्र बनाने की दिशा में दूरदर्शी नेतृत्व प्रस्तुत किया है। डॉ. यादव ने शहरों में गीता भवन बनाने का एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। ऐसा देश में पहली बार हुआ है। बहुत जल्द गीता भवनों में वैचारिक आयोजन, बौद्धिक वर्ग की विचार गोष्ठियां, पुस्तकालयों, वाचनालयों का




संचालन और आध्यात्मि कार्यक्रमों की शुरूआत होगी। उनकी आध्यात्मिसक पहल का परिणाम है कि समाज और सरकार मिलकर पर्व और त्योहार मना रहे हैं। दशहरे पर शस्त्र पूजन की परंपरा फिर जीवित हुई। इंदौर, उज्जैन में होली के अवसर पर गेर का आयोजन हो, चाहे अन्य जिलों में रंग पंचमी का अवसर। सभी पर्व सार्वजनिक रूप से उल्लास के साथ बनाए गए। उज्जैन की गौरवशाली सांस्कृतिक, वैज्ञानिक और आध्यात्मिक परंपरा को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ऐतिहासिक पहल प्रारंभ की हैं। उज्जैन में महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के माध्यम से भारतीय इतिहास, कालगणना और सांस्कृतिक चेतना के पुनरुत्थान को संस्थागत स्वरूप मिला। वर्ष 2024 में विश्व की पहली विक्रमादित्य वैदिक घड़ी की स्थापना कर भारतीय समय-बोध और वैदिक खगोल परंपरा को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित किया गया।

मध्यप्रदेश में एक गहन आध्यात्मितक बोध रखने वाले मुख्यमंत्री के रूप में भगवान महाकाल के अनन्य भक्त डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था को नया रूप दिया है। आधुनिकता और परंपरा और आध्यात्मिकता को एक साथ लाने की शुरूआत की है। उन्होंने मध्यप्रदेश में धार्मिक स्थलों के विकास को आर्थिक विकास से जोड़ने की नीति अपनाई। प्रदेश की गोशालाओं को 'गो मंदिर' के रूप में विकसित करने, उनके बेहतर प्रबंधन, आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ाया दिया जा रहा है। गोशालाओं को स्थानीय निकायों के माध्यम से व्यवस्थित रूप से संचालित करने की पहल हो रही है। जैविक खेती और गोबर से बने उत्पादों को भी आर्थिक गतिविधि से जोड़ने की योजना है।

मुख्यमंत्री बनने के बाद डॉ. मोहन यादव ने बारंबार दोहराया कि मध्यप्रदेश को कृषि, शिक्षा, उद्योग और रोजगार के क्षेत्र में आगे ले जाना प्राथमिकता है। उन्होंने युवाओं के लिए रोजगार, निवेश और बुनियादी ढांचे के विकास को राज्य की प्रगति का आधार बताया। इसलिए हम पाते हैं कि किसानों, युवाओं और कर्मचारियों के लिए कई फैसले लिए गए।

औद्योगिक विकास की गति को तेज करने डॉ. यादव ने रात-दिन एक कर दिए। उन्होने हर क्षेत्र में निवेश संभावनाओं पर काम करते हुए रीजनल इन्वेस्टर्स समिट आयोजनों की शुरूआत की। उनकी सोच स्पष्ट है कि प्रत्येक रीजन की अपनी विशेषताएं हैं और उसी के अनुरूप निवेश आना चाहिए। इस उददेश्य को लेकन उन्होंने वर्ष 2025 को उद्योग एवं रोजगार निर्माण वर्ष घोषित किया, जिससे पूरे वर्ष संबंधित गतिविधियों को प्राथमिकता मिले। वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष घोषित किया गया है। यह विकास की नई कार्यशैली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी (जीवायएएन) के सम्मान का मंत्र दिया है। मध्यप्रदेश को देश का ग्रोथ इंजन बनाने में डॉ. मोहन यादव ने कोई कसर नहीं छोड़ी। जनता के साथ मिलकर असंभव को संभव कर दिखाया है। गरीब, युवा, अन्नदाता तथा नारी को केंद्र में रखकर प्रारंभ की गई यात्रा को उन्होंने अब और अधिक विस्तार दिया है। अब इंडस्ट्रिलाइजेशन और इंफ्रास्ट्रक्चर को भी शामिल किया है। ज्ञान (जीवायएएन) से यात्रा का शुभारंभ कर 'ज्ञानी' (जीवायएएन-2) की ओर कारवां बढ़ा दिया है।

(लेखक हरिभूमि समाचार पत्र, भोपाल में वरिष्ठ पत्रकार हैं)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

सीएम का जन्मदिन
आशीष उषा अग्रवाल



# मोदी के मन में मोहन 'भाव' नहीं... सजीव 'वास्तविकता'

भारतीय लोकतंत्र में नेतृत्व की वास्तविक कसौटी केवल सत्ता प्राप्ति नहीं, बल्कि जनविश्वास को बनाए रखते हुए विकास को धरातल पर उतारना है। वर्ष 2023 के मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने जनता के बीच जिस भाव के साथ संवाद स्थापित किया, वह था- मोदी जी के मन में मध्यप्रदेश और मध्यप्रदेश के मन में मोदी। यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि विश्वास, जुड़ाव और विकास की सशक्त अभिव्यक्ति थी, जिसने आमजन और नेतृत्व के बीच एक मजबूत एवं सकारात्मक संबंध स्थापित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लड़ा गया यह चुनाव जनता की आकांक्षाओं, स्थिर शासन और निरंतर प्रगति के प्रति उनके विश्वास का प्रतीक बनकर उभरा। इसी विश्वास की मजबूत नींव पर जब डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, तब उनके सामने केवल प्रशासन संचालन की चुनौती नहीं थी, बल्कि इस विजन को प्रभावी रूप से प्रदेश में लागू करने का संकल्प भी था। डॉ. मोहन यादव ने प्रारंभ से ही यह स्पष्ट कर दिया कि उनकी सरकार का उद्देश्य केवल योजनाओं की घोषणा करना नहीं, बल्कि उन्हें समयबद्ध और परिणामोन्मुख तरीके से लागू करना है। 'विजन' और 'इंटेंशन' के इस संतुलन ने उनके नेतृत्व को एक विशिष्ट पहचान दी है। आज, लगभग सवा दो वर्षों के कार्यकाल और मुख्यमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर जब हम इस यात्रा का अवलोकन करते हैं, तो स्पष्ट होता है कि यह सोच केवल शब्दों तक सीमित नहीं रही, बल्कि जमीनी स्तर पर साकार हुई है। शासन ने महिलाओं, किसानों, युवाओं और ग्राम स्तरीय व्यवस्था को सशक्त बनाने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है। शासन के प्रति एक नई कार्यसंस्कृति विकसित हुई है, जिसमें गति, पारदर्शिता और जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। यही कारण है कि सरकार के निर्णयों का सकारात्मक प्रभाव सीधे जनता के जीवन में दिखाई देने लगा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच सशक्त समन्वय इस विकास यात्रा की सबसे बड़ी शक्ति है। मुख्यमंत्री द्वारा प्राप्त मार्गदर्शन को त्वरित रूप से क्रियान्वित करना इस नेतृत्व की कार्यक्षमता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

प्रधानमंत्री का विकास दृष्टिकोण चार प्रमुख स्तंभों- गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति- पर आधारित है। मध्यप्रदेश में इन चारों क्षेत्रों में संतुलित और प्रभावी कार्य हुआ है। 'ज्ञान से आगे, ज्ञानी' की अवधारणा को अपनाते हुए शिक्षा को व्यवहारिक कौशल से जोड़ा जा रहा है, जिससे हर नागरिक सशक्त बन सके। युवाओं के लिए रोजगार, स्वरोजगार और कौशल विकास के अवसरों का विस्तार किया गया है, जिससे वे आत्मनिर्भर बनकर प्रदेश की आर्थिक प्रगति में सहभागी बन रहे हैं। कृषि क्षेत्र में भी प्रदेश ने नई दिशा में कदम बढ़ाए हैं। समर्थन मूल्य में वृद्धि, बोनस तथा आधुनिक तकनीकों को प्रोत्साहन देने जैसे निर्णयों ने किसानों की स्थिति को सुदृढ़ किया है। 'कृषि वर्ष' की अवधारणा इस बात का प्रमाण है कि सरकार किसानों को विकास का केंद्र मानती है। नारी सशक्तिकरण के क्षेत्र में 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' जैसे अभियान सरकार की प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हैं। 'लाड़ली बहना' योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर सहयोग दिया जा रहा है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) और रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव (आरआईसी) जैसे आयोजनों ने प्रदेश को निवेश के लिए एक आकर्षक और विश्वसनीय गंतव्य के रूप में स्थापित किया है। इन पहलों के माध्यम से 32 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनमें से लगभग 8 लाख करोड़ के प्रोजेक्ट धरातल पर लागू हो चुके हैं। इससे लगभग 21 लाख से अधिक रोजगार सृजित होने की संभावना है। आईटी, अक्षय ऊर्जा, वस्त्र उद्योग और खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में बढ़ते निवेश से स्थानीय युवाओं के लिए व्यापक अवसर निर्मित हुए हैं। पीएम मित्र पार्क जैसे प्रकल्प विकास के नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। पीएम मोदी के मन में मप्र सदैव विशेष स्थान रखता रहा है, किंतु मोहन सरकार के प्रभावी कार्यों ने इस विश्वास को और अधिक सुदृढ़ किया है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि 'मोदी के मन में मोहन' अब केवल एक भाव नहीं, बल्कि एक सजीव वास्तविकता बन चुका है। प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की कार्यकुशलता ने मिलकर मध्यप्रदेश के लिए एक ऐसा विकास मॉडल प्रस्तुत किया है, जो विश्वास, पारदर्शिता और परिणामोन्मुख शासन का प्रतीक है।

(लेखक भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी हैं)


## धन्वंतरि का ध्यान कर स्वास्थ्य के प्रति सचेष्ट रहें



संकलित
दर्शन

धन त्रयोदशी या धनतेरस पर्व की विशेषता यही है कि उस दिन आप यह मानें कि आप जो चाहते हैं, वह धन आपके पास है। केवल सोना-चांदी ही धन नहीं है, ज्ञान भी धन है। यह सबसे बड़ा धन है। आपको अपने ज्ञान को संजोना चाहिए और प्रचुरता का अनुभव करना चाहिए। जीवन में धन्यभागी अनुभव करना, कृतज्ञता का अनुभव करना सबसे बड़ा धन है, जिनमें कृतज्ञता का अभाव होता है, वे धनी नहीं होते हैं। स्वास्थ्य भी धन है। स्वास्थ्य यदि ठीक नहीं, तो भौतिक धन का क्या उपयोग हो सकता है। धन त्रयोदशी देवताओं के वैद्य भगवान धन्वंतरि की जयंती भी है। कहा जाता है कि वह समुद्र मंथन में अमृत का कलश लेकर प्रकट हुए थे। अतः धन त्रयोदशी पर धन्वंतरि का ध्यान कर अपने स्वास्थ्य के प्रति भी सचेष्ट रहें। योग व ध्यान करें। आपके पास जो मानव शरीर है, यह भी तो ईश्वर का दिया बड़ा उपहार है। यह भी धन है। हमारी चेतना में ऐसा गुण है कि जो बीज आप बोते हैं, वही प्रकट होता है। यदि आप यह सोचें कि वर्तमान में मेरे पास पर्याप्त धन है, तब आप धन के पीछे पागल नहीं होते। जब आप सोचते हैं कि मेरे पास पर्याप्त धन है, चेतना में धैर्य आता है, हिम्मत आती है। कहा गया है, उद्योगिनं पुरुषसिंहमुपैति लक्ष्मीः, जिसका अर्थ है, जो मेहनत करता है और शेर जैसा निर्भय होकर चलता है, लक्ष्मी भी उसी के पास आती हैं। धनतेरस के दिन अपनी चेतना से 'अभाव के भाव' को उखाड़ कर फेंक दीजिए। अपने मन से, 'मैं विपन्न हूं, मैं भिखारी हूं' ये सब बातें हटा दीजिए।

## कभी भी अपने पद और धन का घमंड न करें



संकलित
प्रेरणा

देवताओं के कोषाध्यक्ष को एक दिन अपने पद और धन का घमंड हो गया है। इसी घमंड में वे शिव जी के पास पहुंच गए और शिव जी को सपरिवार अपने महल में खाने के लिए निमंत्रण दिया। शिवजी ने कहा कि मैं तो कहीं आता-जाता नहीं हूं, आप एक काम करें, गणेश को अपने साथ ले जाएं। खाने का निमंत्रण पाकर गणेश जी कुबेर के महल पहुंच गए। कुबेर ने उनके लिए बहुत सारा खाना बनवाया। गणेश जी खाने बैठे तो वे खाए जा रहे थे, थोड़ी ही देर में कुबेर की रसोई का पूरा खाना खत्म हो गया। गणेश जी ने और खाना मांगा। कुबेर ये देखकर घबरा गए। गणेश जी बार-बार खाना मांग रहे थे। कुबेर ने गणेश जी के सामने हाथ जोड़ लिए और कहा कि अब तो मेरे घर का सारा खाना खत्म हो गया है। गणेश जी ने कहा कि लेकिन मेरी भूख तो अभी शांत ही नहीं हुई है। मुझे अपने रसोईघर में ले चलो। कुबेर गणेश जी को रसोईघर में ले गए तो वहां रखी सभी चीजें गणेश खा गए। उन्होंने शिव जी को पूरी बात बता दी। शिव जी ने गणेश जी से कहा कि जाओ, माता पार्वती को बुलाकर लाओ। मां पार्वती को देखकर गणेश ने कहा कि मां, कुबेर देव के खाने से मेरी भूख शांत नहीं हुई है। पार्वती अपने रसोईघर में गईं और खाना बनाकर ले आईं। उन्होंने जैसे ही गणेश जी को अपने हाथ से खाना खिलाया तो गणेश तृप्त हो गए। मां और खिलाने लगी तो गणेश जी ने कहा, मां मेरा पेट भर गया है। ये सब देखकर कुबेर देव का घमंड टूट गया और उन्हें अपनी गलती समझ आ गई। कुबेर ने सभी से क्षमा मांगी।

## शोभायात्रा में उमड़े लोग



**शिमला।** मंगलवार को शिमला में चल रहे नवरात्रि उत्सव के दौरान राम नवमी से पहले 'शोभा यात्रा' जुलूस में लोग भाग लेते हुए।

## आज की पाती

### मोदी ने तोड़ा चामलिंग का रिकॉर्ड

भारत की लोकतांत्रिक यात्रा में कुछ ऐसे क्षण आते हैं जो इतिहास का स्थायी हिस्सा बन जाते हैं। ऐसा ही एक महत्वपूर्ण पड़ाव तब सामने आया जब नरेंद्र मोदी देश में सबसे लंबे समय तक सरकार के प्रमुख रहने वाले नेता बन गए। मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री दोनों पदों को मिलाकर 8931 दिनों तक शासन का नेतृत्व करना केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि भारतीय राजनीति के बदलते स्वरूप का भी संकेत है। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने पवन कुमार चामलिंग के लंबे समय तक बने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया, जो स्वयं स्थिर शासन और विकास के प्रतीक माने जाते रहे हैं। नरेंद्र मोदी का यह सफर साधारण परिस्थितियों से शुरू होकर असाधारण ऊंचाइयों तक पहुंचने की कहानी है।

*- विनती, सोनीपत*

## करंट अफेयर

### दक्षिण अफ्रीका के एक प्रांत में हिंदू संगठन की सराहना


दक्षिण अफ्रीका के गौटेंग प्रांत के प्रमुख के कार्यालय ने देश में सामाजिक सामंजस्य व मानवतावाद को बढ़ावा देने में प्रमुख हिंदू संगठन 'एसए हिंदूज' की भूमिका की सराहना की। जोहानिसबर्ग के लीनासिया में आयोजित संगठन के 10वें वार्षिकोत्सव समारोह के मौके पर उसकी यह सराहना की गई। गौटेंग के प्रमुख पनयाजा लेसुफी का प्रतिनिधित्व करने वाले एक प्रतिनिधिमंडल ने 'एसए हिंदूज' की संस्थापक पंडिता लूसी की भूमिका की भी प्रशंसा की और बताया कि उनकी योजनाएं प्रशासन की योजनाओं से मेल खाती हैं। लेसुफी खुद इस समारोह में शामिल नहीं हो सके। प्रतिनिधिमंडल के सदस्य उनाथी एमफेंडु ने कहा, 'हम यह भी देख रहे हैं कि देश में भ्रष्टाचार के मुद्दों का हल कैसे निकाला जा सकता है, और पंडिता लूसी भी इसी तरह काम कर रही हैं। यही कारण है कि हम यहां उन्हें अपना समर्थन देने आए हैं।' उन्होंने 'एसए हिंदूज' की ओर से जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए उठाए गए कई कदमों का उल्लेख किया, जिनमें खाद्य सामग्री वितरण और सामाजिक एवं कल्याण से जुड़ी सहायता शामिल हैं।



## ऑफ बीट

### मनुष्य मृत्यु के बाद के जीवन से आकर्षित रहा

जैसे-जैसे हैलोवीन करीब आता है, हम भूतों, राक्षसों और पिशाचों के बारे में सोचना शुरू कर देते हैं। लेकिन मृत्यु के बाद के जीवन और दूसरी दुनिया के प्रति आकर्षण कोई नई बात नहीं है: दुनिया भर की भूत की कहानियां साबित करती हैं कि यह प्रागैतिहासिक काल से मानव अनुभव का हिस्सा रहा है। 5,000 साल पहले लेखन के आविष्कार से पहले भी, मनुष्यों को उन सामानों के साथ दफनाया जाता था जो उनके बाद के जीवन में उपयोगी हो सकते थे, जैसे पीने के बर्तन या हथियार। यद्यपि प्रागैतिहासिक कब्र के सामान के अर्थ के बारे में कुछ बहस है, मेसोपोटामिया के भूत विशेषज्ञ इरविंग फिंकेल दृढ़ता से तर्क देते हैं कि वे एक विश्वास को प्रतिबिंबित करते हैं कि मृत व्यक्ति का कुछ हिस्सा अगले जीवन में बना रहेगा। मेसोपोटामिया, एक ऐतिहासिक क्षेत्र जो मोटे तौर पर आधुनिक इराक के क्षेत्र में स्थित है, दुनिया के कुछ महान साम्राज्यों का घर था। प्राचीन मेसोपोटामिया के भूत और राक्षस शायद आज डरावनी फिल्मों में अपनी उपस्थिति के कारण सबसे ज्यादा जाने जाते हैं। घोस्टबस्टर्स ( में, सिगोरनी वीवर्स के दाना को ज़ूल अपने कब्जे में कर लेता है, जो काल्पनिक देवता गोज़र का एक सेवक है, जिसे फिल्म की पृष्ठभूमि में सुमेरियों द्वारा एक देवता के रूप में पूजा जाता था।



## ट्रेंड

### स्थापना दिवस की बधाई



असम राइफल्स के वीर जवानों, उनके परिवारों को स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। वे पूर्वोत्तर के दुर्गम इलाकों में हमारी सीमाओं की रक्षा करते हैं, मानवीय सहायता के माध्यम से समुदायों में विश्वास कायम करते हैं।

**- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### नारी सशक्तिकरण



प्रत्येक जिले में गर्ल्स हॉस्टल की व्यवस्था का महत्वपूर्ण प्रावधान नारी सशक्तिकरण को नई दिशा प्रदान करेगा और बेटियों को सुरक्षित व बेहतर शैक्षणिक अवसर उपलब्ध कराएगा। विभिन्न योजनाओं तथा वित्तीय समावेशन के ये प्रावधान उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में सशक्त करेंगे।

**-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय महिला विकास मंत्री**

### रानी हाट



दिल्ली में "रानी हाट" स्थापित किए जाएंगे, जहां हमारी बहनें अपने हुनर, अपने उत्पाद और अपने उद्यम को एक सशक्त पहचान दे सकेंगी। सेल्फ हेल्प ग्रुप्स के माध्यम से हर बहन को आत्मनिर्भर बनाने, हर हाथ को सशक्त करने और हर परिवार को संबल देने का यह प्रयास है।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### हॉकी एशियन चैंपियनशिप



पंजाब में पहली बार हॉकी एशियन चैंपियनशिप होने जा रही है। इस उपलब्धि के पीछे पंजाब सरकार और सीएम भगवंत मान की कड़ी मेहनत है और इसी मेहनत के दम पर पंजाब अब हर क्षेत्र में अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ रहा है।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

नगर निगम में जल सुनवाई के हाल बेहाल... कर्मचारी दो घंटे रजिस्टर लेकर अकेले बैठे रहे

# शहरभर के 85 वार्डों में न कोई सैंपल लेकर पहुंचा न कोई शिकायत हुई दर्ज

मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेशभर के नगरीय निकायों में मंगलवार को दो घंटे होती है सुनवाई

हरिभूमि पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम में मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रति मंगलवार को शुरू की गई जल सुनवाई के प्रति अब लोगों को रुझान खत्म हो रहा है। मंगलवार को शहर के वार्डों में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक हुई 85 वार्डों में हुई जल सुनवाई में हालात यह रहे कि कहीं कर्मचारी दो घंटे रजिस्टर लेकर अकेले बैठे रहे तो कहीं केवल टेबल ही लगी मिली और कर्मचारी गायब मिले। पूछने पर बताया कि कई दिनों से कोई भी व्यक्ति सैंपल लेकर नहीं आ रहा है। अगर सैंपल लेकर कोई आएगा तो उसे लेकर जांच के लिए भेजा जाएगा। शहरभर के 85 वार्डों में न तो कोई सैंपल लेकर पहुंचा न ही कोई पानी से संबंधित शिकायत दर्ज हुई।

हरिभूमि की टीम मंगलवार को जोन-16 के तीन वार्डों वार्ड नंबर-72, 73 और 74 में जल सुनवाई में स्थिति देखने पहुंची तो वार्ड-72 में एक कर्मचारी टेबल पर रजिस्टर लेकर बैठे मिले। उनसे पूछा कि कोई व्यक्ति सैंपल लेकर आया तो उनका जवाब था कोई नहीं, जबकि वार्ड नंबर-73 और 74 में भी यही स्थिति रही। वार्ड-74 में तो केवल टेबल ही लगी थी और कर्मचारी नदारद। वार्ड के अन्य कर्मचारियों से जब सैंपल की संख्या पूछी तो बताया कि कोई आया ही नहीं। यह सुनवाई शहर के 85 वार्डों में आयोजित हुई।

नगम निगम आयुक्त संस्कृति जैन का कहना है कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर जल सुनवाई सभी वार्डों में हर मंगलवार को आयोजित की जा रही है। इसमें शहर का कोई भी व्यक्ति पानी के सैंपल देकर जांच करवा सकता है। यहां पानी के सैंपल लेने और जांच रिपोर्ट मिलने की सुविधा है।


वार्ड 72 में खाली बैठे कर्मचारी।


वार्ड 73 में लोगों का इंतजार करते कर्मचारी।

### नियमित कार्रवाई के दौरान 183 पानी के सैंपल

निगम के जलकार्य विभाग के अमले ने नियमित कार्यवाई के तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 183 पानी के सैंपल एकत्र किए और 41 स्थानों पर लीकेज सुधारे व 5 शिकायतों का निराकरण भी किया। निगम अमला अब तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 14045 पानी के सैंपल एकत्र कर जांच करवा चुका है।

बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा-युवतियां हुईं शामिल

# चैत्र नवरात्रि पर निकली विशाल चुनरी यात्रा, भक्तिमय हुआ पूरा माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

भोपाल चैत्र नवरात्रि पर बैरागढ़ में विराट सेवा संस्थान द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य चुनरी यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा और युवतियां शामिल हुईं।

चुनरी यात्रा से पूरे नगर में भक्तिमय माहौल देखने को मिला। संस्थान के अध्यक्ष रामू केवट ने बताया कि चुनरी यात्रा संकट मोचन हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए नगर भ्रमण करती हुई सीहोर नाका स्थित माता मंदिर पहुंची, जहां यात्रा का समापन किया गया। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने माता रानी के जयकारे लगाए और पूरे मार्ग में भक्तिमय वातावरण बना रहा। इस अवसर पर राम बंसल, प्रदीप मेवाड़ा, बंटी मोरकल, शुभम केवट, संतोष रजक, दीपक मेहरा व किशन अच्छानी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।


बैरागढ़ में विराट सेवा संस्थान ने विशाल चुनरी यात्रा में बड़ी संख्या में शामिल हुए लोग।

## खबर संक्षेप




### प्रमोद कुमार सिंह होंगे अब डीपीआई संचालक

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा विभाग ने लोक शिक्षण संचालनालय की व्यवस्था में बड़ा बदलाव करते हुए डीपीआई संचालक की जिम्मेदारी अब प्रमोद कुमार सिंह को सौंपी है। प्रमोद कुमार सिंह इसके साथ ही पदेन उप सचिव मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग भी रहेंगे। वहीं डीपीआई संचालक डी.एस कुशवाह को राज्य शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान (सीमेट) संचालक की जिम्मेदारी दी गई है। इस सबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेश जारी किए हैं।

### चौदह साल के फरार इनामी वांरटी गिरफ्तार

**भोपाल।** एमपी नगर पुलिस ने पिछले चौदह साल से फरार चल रहे बीस हजार रुपए के इनामी वारंटी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार फरार आरोपी राजीव त्रिपाठी (58) निवासी लखनऊ के खिलाफ जिला न्यायालय भोपाल द्वारा 13 स्थाई वारंट जारी किए गए थे।

### 4 अफसरों को दो-दो महीने का कारावास

**भोपाल।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने स्वास्थ्य विभाग के एक रिटायर्ड, एक तत्कालीन और दो मौजूदा अफसरों को दो-दो महीने के कारावास की सजा सुनाई है। जस्टिस प्रणय वर्मा की सिंगल बेंच ने यह आदेश स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के नियमितीकरण संबंधी मामले में पूर्व में पारित आदेश का पालन न करने पर दिया है। हालांकि, सजा के आदेश को तीन सप्ताह स्थगित रखा जाएगा।

### हिंदू उत्सव समिति 63 साल से मना रही दुर्गा उत्सव

**औबेदुल्लागंज।** हिन्दू उत्सव समिति नगर में 63 साल से दुर्गा और गणेशोत्सव मना रही है। तब से ही नगर में उत्साह का माहौल बना हुआ है। इसके बार हर साल ये आयोजन उत्साह के साथ होते हैं और नगर के रहवासी बढ़चढ़कर इसमें हिस्सा लेते हैं। नगर के वरिष्ठ द्विज चौरासिया ने बताया हिंदू उत्सव समिति 1962-63 में बनी थी। तब स्टेशन रोड पर बैठक हुई थी, जिसमें स्व. डॉ आरएस चौरासिया, दुर्गा प्रसाद मित्तल, डॉ जीडी बंसल, भैया लाल साहू ,जेके मित्तल, प्रेम नारायण तिवारी, राधेश्याम गुप्ता मामा, टेऊमल, चिरौंजी हम्माल, पुरुषोतम पहलवान, सुंदर हम्माल, जसवंत यादव, तेज बहादुर जैन, भीमसेन खन्ना आदि ने श्री दुर्गा उत्सव और श्री गणेश उत्सव मनाने के लिए झांकियां लगाई। इसके अलावा जो स्टेशन रोड पर कार्यक्रम होते थे उनमें लोग स्वयं मां की प्रतिमाएं बनाते और झांकियां सजाते थे। उन्होंने बताया कि तब धर्मिक उत्सव आत्मीयता से होते थे।

टीला जमालपुरा क्षेत्र में मामूली विवाद खूनी झगड़े में बदला

# पानी पीने को लेकर विवाद, सिर में चाकू घोंपा, युवक की हालत गंभीर

पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के टीला जमालपुरा इलाके में मामूली विवाद खूनी झगड़े में बदल गया। यहां पानी पीने को लेकर हुए विवाद में एक युवक ने दूसरे के सिर में चाकू घोंप दिया।

पुलिस के अनुसार 26 वर्षीय दानिश बैग कबाड़ का काम करता है। रविवार को वह शाहजहांनाबाद थाने के सामने पानी की टंकी पर पानी पी रहा था। तभी उसका परिचित भट्टू उर्फ उवेश वहां पहुंचा और उसे पानी पीने से मना करने लगा। बताया जा रहा है कि आरोपी ने कहा कि उसे चर्म रोग है, इसलिए वह पानी न पिए। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि गुस्से में आकर आरोपी ने दानिश के सिर में चाकू घोंप दिया और मौके से फरार हो गया। घटना के बाद पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। घायल युवक का अस्पताल में इलाज जारी है।


फाइल फोटो

### दोस्ती बनी दुश्मनी- कैफे संचालक पर दोस्तों का चाकू से हमला, हालत गंभीर

**वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार**

गांधीनगर इलाके में दोस्ती उस वक्त खून-खराबे में बदल गई जब एक कैफे संचालक पर उसके ही दोस्तों ने चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक 29 वर्षीय आर्यन ने नया कैफे शुरू किया था। रविवार रात उसके दोस्त तनु और रवि कैफे पर आए थे। खाने-पीने के बाद जब वे जाने लगे तो संचालक ने उनसे उधार के पैसे मांगे। इसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई, जो कुछ देर बाद शांत हो गई, लेकिन मामला यहीं खत्म नहीं हुआ। थोड़ी देर बाद आरोपियों ने अपने साथी को कैफे पर भेजा, जहां उसने आर्यन पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### अवैध शराब से लदी कार समेत एक आरोपी गिरफ्तार

निशातपुरा पुलिस ने अवैध शराब से लदी एक कार समेत एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार निशातपुरा की मोबाइल पेट्रोलिंग टीम को इलाका भ्रमण के दौरान सूचना मिली कि एक व्यक्ति सफेद रंग की कार में अवैध शराब लेकर आयशा मस्जिद के पास किसी का इंतजार कर रहा है।

सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर कार चालक को दबोच लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम अखिलेश कुमार आर्य निवासी रायसेन को हिरासत में लिया। तलाशी लेने पर कार की डिग्गी में रखी 6 पेटी अवैध शराब रखी मिली, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है। वह उक्त शराब कहां से लेकर आया था और कहां पर सप्लाई करने वाला था, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है।

### बड़े तालाब में मिली युवक की लाश

राजधानी के वीआईपी रोड स्थित बड़े तालाब में सोमवार सुबह एक युवक की लाश मिलने से हड़कंप मच गया। राहगीरों ने पानी में शव उतराता देखा, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस और गोताखोरों की टीम ने शव को बाहर निकाला। शुरुआती जांच में सामने आया है कि युवक ने खुद तालाब में छलांग लगाई थी, हालांकि मौत की असली वजह अभी साफ नहीं हो सकी है। मृतक की उम्र करीब 45 साल बताई जा रही है, लेकिन उसकी पहचान अब तक नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आसपास के थानों में गुमशुदगी के रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि पहचान के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि मामला आत्महत्या का है या इसके पीछे कोई और वजह है।

### शादी का झांसा देकर युवती से किया दुष्कर्म

**भोपाल।** हबीबगंज पुलिस ने एक युवती की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का मामला दर्ज किया है। आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार मूलतः खंडवा निवासी 32 वर्षीय युवती एमपी नगर इलाके में रहती है और प्राइवेट काम करती है। खंडवा के ही रहने वाले अमित नामक युवक से उसकी पहचान हुई थी। अमित भी भोपाल में रहकर प्राइवेट काम करता है। दोनों के बीच जल्द ही दोस्ती हो गई तो अमित ने युवती के सामने शादी का प्रस्ताव रखा। युवती शादी के लिए तैयार हो गई तो करीब एक साल पहले वह उसे घुमाने के बहाने हबीबगंज इलाके में लेकर गया, जहां उसने युवती के साथ दुष्कर्म किया। उसके बाद से वह लगातार उसका शारीरिक शोषण करता रहा। पिछले दिनों युवती को पता चला कि अमित पहले से शादीशुदा है, तो युवती ने शादी के लिए बोला, अमित ने शादी करने से इंकार कर दिया। परेशान होकर पीड़िता ने कैस दर्ज कराया।

## 25 किलो 900 ग्राम डोडाचूरा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

आरोपियों पर पहले से ही थाने में दर्ज है कई मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

थाना प्रभारी गौहरगंज उप निरीक्षक विनोद परमार एवं उनकी टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए सोमवार को दो आरोपियों को अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति तारानगर ओवरब्रिज, गौहरगंज के पास बैग में अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा रखकर बिक्री के लिए खड़े हैं।

सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और दोनों संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा लिया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से बैग में पन्नी में छिपाकर रखा कुल 25 किलो 900 ग्राम डोडाचुरा जिसकी कीमत लगभग 60,000 रुपए बताई गई, बरामद कर जब्त किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम अजय पिता किशोर सिंह रायसिख (30), निवासी ग्राम रमगड़ा, थाना बाड़ी, जिला रायसेन, ब्रजेश पिता दलवीर सिंह रायसिख (19), निवासी ग्राम रमगड़ा, थाना बाड़ी, जिला रायसेन होना बताया। आरोपी अजय रायसिख के विरुद्ध थाना बाड़ी में मारपीट एवं अड़ीबाजी तथा थाना सुल्तानपुर एवं सतलापुर में बाइक चोरी के प्रकरण दर्ज हैं। आरोपी ब्रजेश रायसिख के विरुद्ध वन विभाग की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला थाना बाड़ी में पंजीबद्ध है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी गौहरगंजश उप निरीक्षक विनोद परमार के साथ सहायक उप निरीक्षक रमेश इवने, प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र परमार, विनय दुबे, दुर्गेश सिंह राजपूत, आरक्षक दिलीप चौरे, गौरव परमार, नीरज धुर्वे एवं सैनिक ओमप्रकाश का सराहनीय योगदान रहा।



## घर की नौकरानी निकली चोर, उड़ाए 2 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार इलाके में एक पेट्रोल पंप संचालिका के घर में हुई लाखों की चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस वारदात को अंजाम किसी बाहरी बदमाश ने नहीं, बल्कि घर में काम करने वाली नौकरानी ने ही दिया था। पुलिस के मुताबिक, संचालिका ने बैंक बंद होने के कारण करीब 2 लाख 6 हजार रुपए घर की अलमारी में रखे थे। अगले दिन जब उन्होंने पैसे चेक किए तो रकम गायब मिली। घर में न तो ताले टूटे थे और न ही जबरन घुसने के कोई निशान मिले। शक के आधार पर पुलिस ने नौकरानी को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की, जिसमें वह टूट गई और चोरी करना कबूल कर लिया। आरोपी के कब्जे से पूरी रकम बरामद कर ली गई है। फिलहाल पुलिस उससे यह भी पूछताछ कर रही है कि उसने पहले भी ऐसी वारदातें की हैं या नहीं।



### केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने विधायक सुरेंद्र पटवा की माता को दी श्रद्धांजलि

**औबेदुल्लागंज।** विधायक सुरेंद्र पटवा के भोपाल निवास पर उनकी माताजी स्व. पारस कुंवर बाई पटवा के देवलोकगमन के उपरांत वरिष्ठ भाजपा नेता एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की एवं पटवा एवं उनके परिवार जनों से से बातचीत की।

### भजनगढ़ गुरुद्वारा में अखंड पाठ साहिब 27 मार्च से

**औबेदुल्लागंज।** संत संतोख सिंह भजनगढ़ गुरुद्वारा में 27 मार्च से 14 अप्रैल वैशाखी तक अखंड पाठ साहिब चलेगा। औबेदुल्लागंज खालसा पंथ के 327 वें वर्ष पर अर्जुन नगर वार्ड 10 के संत संतोख सिंह भजनगढ़ गुरुद्वारा में 27 मार्च शुक्रवार सुबह 10 बजे से श्री अखंड पाठ साहिब लड़ीवार प्रारंभ होगा, जो की 14 अप्रैल मंगलवार वेशाखी तक लगातार चलेगा। 14 अप्रैल को सुबह 10 बजे श्री अखंड पाठ साहिब की समाप्ती के बाद 11 बजे दीवान सजेगा, फिर कथा कीर्तन के बाद 1:50 बजे से गुरु का अटूट लंगर चलेगा। वैशाखी पर्व के अवसर पर गुरुद्वारा में भोपाल से कुलविंदर सिंह, बुरहानपुर से करण सिंह रागी जत्था मंडलों के द्वारा संगीतमय भजन कीर्तनों की प्रस्तुति भी दी जाएगी। वहीं प्रसिद्ध कथाकार जगजीत सिंह (जीते भैया) के द्वारा बैसाखी पर्व की कथा का प्रवचन दिया जाएगा। नगर के सिख समाज ने सभी धर्म प्रेमी बंधुओं से निवेदन किया है कि कार्यक्रम में पधारकर धर्म लाभ लें।




शहीद दिवस पर मध्य प्रदेश प्रेस क्लब का आयोजन

## गीत-संगीत की सुरमयी धारा ने पूरे वातावरण को राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश प्रेस क्लब द्वारा आयोजित रंग दे बसंती चोला कार्यक्रम में शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की शहादत को याद किया गया। कार्यक्रम में प्रस्तुत गीत-संगीत की सुरमयी धारा ने पूरे वातावरण को राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी के कुलगुरु डॉ. विजय कुमार अग्रवाल रहे, जबकि अध्यक्षता मध्य प्रदेश प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ. नवीन आनंद जोशी ने की।

विशेष अतिथियों में असिस्टेंट कमांडेंट जीपी सिंह, गैलेंट्री अवॉर्ड विजेता धीरेंद्र सिंह एवं नरेंद्र कुमार, डॉ. रत्नेश जैन (डीन, स्टूडेंट वेलफेयर), डॉ. सुनील पाटिल (परीक्षा नियंत्रक), डॉ. गगन शर्मा एवं डॉ. बलजीत शर्मा की उपस्थिति रही। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. नवीन आनंद जोशी ने कहा कि आजादी का मूल्य उन वीर सपूतों के त्याग और बलिदान से निर्धारित होता है, जिन्होंने राष्ट्र के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश प्रेस क्लब पत्रकारिता के विकास के साथ-साथ सामाजिक सरोकार और राष्ट्रप्रेम से जुड़े ऐसे आयोजनों को निरंतर आगे बढ़ाता रहेगा। मुख्य अतिथि डॉ. विजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि विश्व में भारत की प्रतिष्ठा उसके महान सपूतों के कारण है। इस अवसर पर शहीद परिवारों के सदस्यों का सम्मान किया गया तथा विभिन्न सुरक्षा बलों के जवानों को उनके उत्कृष्ट योगदान हेतु स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### तामोट में सरकारी जमीन पर कब्जा कर बेच रहे प्लॉट

**तामोट।** राजस्व और पंचायत की शासकीय जमीन पर अतिक्रमण करके 5-5 लाख रुपए में प्लॉट बेचे जा रहे हैं। वहीं आश्चर्य है कि सरकारी जमीन पर बोर करा कर पानी भी बेचा जा रहा है। वर्तमान समय में तामोट में कोई भी ऐसा नेता नहीं है जो तामोट में हो रहे अतिक्रमण रुकवा सके।

तामोट का तालाब हो या मेंन रोड, चारों तरफ अतिक्रमण का कारोबार चल रहा है। तामोट में सभी प्रभावशाली लोग अतिक्रमण होते देख रहे हैं, मगर कोई अतिक्रमण रुकवाने के लिए आगे नहीं आ रहा है, जिससे तामोट अतिक्रमण का गांव माना जा रहा है। वहीं स्थानीय तालाब के किनारे भी कई लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026

कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति और भविष्य की रणनीति के बारे में दी जानकारी

## प्रशिक्षण शिविर में वक्ताओं ने कहा- संगठन की असली ताकत जमीनी कार्यकर्ताओं में निहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

भाजपा द्वारा चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत औबेदुल्लागंज मंडल में संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया।

प्रथम सत्र का उद्घाटन जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, महामंत्री डॉ. दीपेश पाल, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, महामंत्री माधव यादव, गजेंद्र नागर और नप अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे ने किया। दूसरे सत्र का उद्घाटन जिला भाजपा उपाध्यक्ष ओपी मीणा, वरिष्ठ नेता अरविंद जैन, डॉ. कैलाश विनय, जीवन सिंह पाल, कन्हैया नंदवंशी, रामेश्वर नागर, डॉ. भुपेंद्र नागर, नप अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे ने किया। तीसरे सत्र के उद्घाटन में कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से में भाग लिया। इस शिविर में कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति और भविष्य की रणनीति के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को सक्रियता, अनुशासन और जनसेवा के मूल मंत्रों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि संगठन की असली ताकत जमीनी कार्यकर्ताओं में होती है और उनकी मेहनत से ही पार्टी का विस्तार संभव है। प्रशिक्षण सत्र के दौरान कार्यकर्ताओं को संगठन के सिद्धांतों को व्यवहार में उतारने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने की रणनीति समझाई गई। वक्ताओं ने कहा कि हर कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है और जनसेवा के माध्यम से ही जनता का विश्वास जीता जा सकता है। शिविर में भाजपा के इतिहास, विकास यात्रा और संगठनात्मक ढांचे पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यकर्ताओं को उनकी जिम्मेदारियों और दायित्वों के प्रति जागरूक किया गया, ताकि वे अपने-अपने क्षेत्रों में प्रभावी भूमिका निभा सकें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। सभी ने संगठन के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त करते हुए आने वाले समय में और अधिक ऊर्जा के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।






कलेक्टोरेट में जनसुनवाई, मिलीं 150 शिकायतें

## अधिकारियों ने सुनी समस्याएं मौके पर किया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देशन में सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी, एडीएम सुमित पांडेय, अंकुर मेश्राम ने मंगलवार को जिले से जनसुनवाई में आए लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान कई समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया गया। जनसुनवाई में आए लोगों से 150 आवेदन प्राप्त हुए। इस मौके पर एसडीएम एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी, एडीएम पांडेय, मेश्राम ने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक से उनकी समस्याओं पर चर्चा की और उन्हें उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशील रूख अपनाते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवेदकों की समस्याओं पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिए।



**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 6138 | | |
| दिन: | 357 | 59 | 577 |
| रात: | 340 | 75 | 447 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 670 | 30 | 136 |
| रात: | 690 | 56 | 466 |

*मध्य प्रदेश प्रेस क्लब व रॉयल प्रेस क्लब की फूलों की होली*

# गुलाब की पंखुड़ियों और चंदन की सुगंध से महके दो आयोजन

## मध्यप्रदेश प्रेस क्लब में आत्मीय मिलन के रंग बिखरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में मध्य प्रदेश प्रेस क्लब और रॉयल प्रेस क्लब के फूलों की होली के दो अलग-अलग आयोजन हुए। इसमें पत्रकारिता, प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने मिलकर होली खेली।

फूलों की पंखुड़ियों, चंदन की सुगंध और आत्मीय मिलन के रंगों से सजे यह आयोजन न केवल होली के उल्लास का प्रतीक बना, बल्कि पत्रकारिता और समाज के विभिन्न वर्गों के बीच संवाद, सौहार्द और सांस्कृतिक एकता का भी प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत कर गया। मध्य प्रदेश प्रेस क्लब के अध्यक्ष और इस आयोजन के सूत्रधार डॉ. नवीन आनंद जोशी ने बताया कि लगभग 24 वर्षों से लगातार आयोजित हो रहा यह अनूठा होली मिलन समारोह अब प्रदेशभर में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। पत्रकारों के अलावा इस यादगार आयोजन के साक्षी बनने वालों में जनसंपर्क विभाग के अपर संचालक जीएस वाधवा, संजय जैन, आरआर पटेल, क्रांतिदीप अलूने, अवनीश सोमकुंवर, संदीप कपूर, केके जोशी, सुनील वर्मा, अंकुश मिश्रा, राजेश पांडे, रायसेन में पदस्थ सहायक संचालक अनुभा सिंह, अवंतिका जायसवाल, अरविंद सावनेर, अनिल शर्मा, उद्योग विभाग से तरुण कटारे, ऊर्जा विकास निगम के संदीप सरन सहित अतिथि उपस्थित रहे।

» ***24 वर्षों से लगातार आयोजित हो रहा यह अनूठा होली मिलन समारोह***

» ***जनसंपर्क विभाग के अपर संचालक जीएस वाधवा भी समारोह में हुए शामिल***



आयोजन में वरिष्ठों पर फूलों की वर्षा करते पदाधिकारी।

## रॉयल प्रेस क्लब में फूलों की होती रही बारिश

» ***भाजपा मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल और हरिभूमि समाचार-पत्र के संपादक प्रमोद भारद्वाज ने दीप प्रज्वलित किया***

भोपाल के नाइन मसाला रेस्टोरेंट में रॉयल प्रेस क्लब का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान पत्रकारों के साथ भाजपा, कांग्रेस के नेताओं और अधिकारियो ने फूलों की होली खेलकर एक दूसरे को बधाई दी।

गौरतलब है कि रॉयल प्रेस क्लब विगत 9 वर्षों से इस तरह के मिलन आयोजन कर रहा है। साल में चार आयोजन प्रेस क्लब की ओर से किए जाते है। नववर्ष, होली, दीपावली और पत्रकार सम्मान समारोह शामिल हैं। क्लब के प्रमुख पंकज भदौरिया ने बताया कि आयोजन का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ।

भाजपा मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल और हरिभूमि समाचार पत्र के संपादक प्रमोद भारद्वाज ने दीप प्रज्वलित किया। इसके उपरांत फूलों की होली खेली गई। इस आयोजन में विनोद तिवारी, आरपी श्रीवास्तव, आशीष शुक्ला, वीपीएस भदौरिया, मनोज सैनी, रिजवान अहमद सिद्दीकी, मनोज वर्मा, सुशील यादव, शैफाली पांडे, दीप्ति चौरसिया, हेमंत चतुर्वेदी, एडिशनल डायरेक्टर जनसंपर्क जीएस वाधवा, अजय त्रिपाठी, वत्सल श्रीवास्तव, मनीष मुदगल, उमेश यादव, राजेश सक्सेना, सुनील दत्त तिवारी, भाजपा नेता दुर्गेश केसवानी, कांग्रेस प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।





होली मिलन समारोह का शुभारंभ करते भाजपा मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल और हरिभूमि समाचार-पत्र के संपादक प्रमोद भारद्वाज। वहीं दूसरे चित्र में फूलों की होली खेलते हुए राजधानी के पत्रकार।

### रंग श्री लिटिल बैले में दो दिवसीय रंगभूति नाट्य महोत्सव शुरू

# जादू, प्रेम और भ्रम की दुनिया 'ए मिडसमर नाइट्स ड्रीम', गीतों ने लोगों को लुभाया

*प्रेम, भ्रम और कल्पना की दुनिया पर आधारित है नाटक*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रंग श्री लिटिल बैले में 'गुंजन थिएटर' द्वारा आयोजित दो दिवसीय द्वितीय रंगभूति नाट्य महोत्सव के पहले दिन विश्वप्रसिद्ध नाटककार विलियम शेक्सपियर के कालजयी नाटक 'ए मिडसमर नाइट्स ड्रीम' का मंचन किया गया। 'नया थिएटर' की ओर से प्रस्तुत इस नाटक में परिकल्पना एवं निर्देशन प्रख्यात रंगकर्मी हबीब तनवीर ने की, जबकि इसका पुनः निर्देशन रामचंद्र सिंह द्वारा किया गया।




'ए मिडसमर नाइट्स ड्रीम नाटक का मंचन करते कलाकार।

### मेल-मिलाप के साथ हुआ नाटक का अंत

परियों, प्रेमियों और हास्य पात्रों की रोचक कहानी पर आधारित इस नाट्य प्रस्तुति में प्रेम, ईर्ष्या, गलतफहमियों और जादुई हास्य घटनाओं को बेहद ही उम्दा ढंग से दर्शाया गया, लेकिन कहानी का अंत मेल-मिलाप और सुखद अंत से होता है। प्रेम, भ्रम और कल्पना की दुनिया पर आधारित इस नाट्य प्रस्तुति में मंचन के दौरान रंग-बिरंगे परिधान, आकर्षक प्रकाश व्यवस्था के साथ कर्ण प्रिय संगीत दर्शकों को एक स्वप्निल वातावरण में ले जाता है। कलाकारों की जीवंत अभिनय शैली और संवाद अदायगी नाटक को ओर अधिक प्रभावशाली बनाती है।

### नाटक की कहानी

कहानी एथेंस के चार युवाओं हर्मिया, लाइसेंडर, डेमेट्रियस और हेलेना के इर्द-गिर्द घूमती है, जो प्रेम संबंधों की उलझनों के कारण जंगल में पहुंच जाते हैं। इसी जंगल में परियों का राजा ओबेरॉन और रानी टाइटेनिया भी रहते हैं, जिनके बीच विवाद चल रहा होता है। ओबेरॉन अपने सेवक पक्क की मदद से एक जादुई फूल का रस इस्तेमाल करता है, जिससे लोगों के प्रेम संबंधों में भ्रम और उलझन पैदा हो जाती है। इस जादू के कारण पात्रों के बीच प्रेम के समीकरण बदल जाते हैं, जिससे हास्यपूर्ण और अजीब परिस्थितियां उत्पन्न होती हैं। साथ ही कुछ कारीगरों का समूह भी एक नाटक की तैयारी करता है, जो कहानी में हास्य का तड़का लगाता है। अंततः सभी गलतफहमियां दूर हो जाती हैं, सही जोड़े मिल जाते हैं और नाटक सुखद अंत के साथ समाप्त होता है। यह नाटक प्रेम की अनिश्चितता, कल्पना की शक्ति और मानवीय भावनाओं की सुंदरता को दर्शाता है

### दुष्यंत संग्रहालय में समर नाट्य उत्सव में नाटक 'भोर का गीत' का मंचन

# पर्यावरण चेतना के सवालों की अनोखी यात्रा है 'भोर का गीत'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दुष्यंत संग्रहालय में आयोजित समर नाट्य उत्सव के तीसरे दिन मंगलवार को नाटक भोर का गीत का मंचन किया गया। मंचित नाटक दर्शकों को एक संवेदनशील और विचारोत्तेजक अनुभव प्रदान कर गया। स्व. समरसेन गुप्ता की स्मृति में आयोजित इस चार दिवसीय समारोह का संयोजन काबीला सोसाइटी फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स द्वारा किया जा रहा है।

नाटक भोर का गीत एकल नाट्य प्रस्तुति होते हुए भी अपनी संरचना और प्रस्तुति में बहुस्तरीय प्रभाव छोड़ता है। इसे दीपक नेमा ने लिखा, निर्देशित और संगीतबद्ध किया है। जबकि मंच पर उज्ज्वल सिन्हा ने अपने प्रभावशाली अभिनय से इसे जीवंत बनाया।

### पर्यावरण परिवर्तन को समझने का प्रयास

नाटक की सबसे बड़ी विशेषता इसका विषय है पर्यावरण परिवर्तन को बच्चों की दृष्टि से समझने का प्रयास। भोर का गीत कल्पनाओं की दुनिया में प्रवेश कराता है, जहां एक बच्चे के मन में उठते अनगिनत प्रश्न, उसके अनुभव और प्रकृति के साथ उसका संबंध एक काव्यात्मक शैली में सामने आते हैं। दीपक नेमा ने गीतों और संवादों के माध्यम से एक ऐसी संरचना गढ़ी है, जो न केवल मनोरंजक है, बल्कि गहरी सामाजिक और पर्यावरणीय चेतना भी उत्पन्न करती है।



## आईसेक्ट ग्रुप ऑफ यूनिवर्सिटीज को आई-स्टीम ने किया सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आईसेक्ट ग्रुप ऑफ यूनिवर्सिटीज (एजीयू) को आई-स्टीम (इंडियन साइंस टेक्नोलॉजी एंड इंजीनियरिंग फैसिलिटीज मैप) के अंतर्गत प्रशस्ति प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान डॉ. परविंदर मैनी, वैज्ञानिक सचिव, प्रिंसिपल साइंटिफिक एडवाइजर कार्यालय, भारत सरकार द्वारा प्रदान किया गया।

यह सम्मान प्रो. (डॉ.) रचना चतुर्वेदी, निदेशक रिसर्च, आईसेक्ट ग्रुप ऑफ यूनिवर्सिटीज द्वारा संस्थान की ओर से प्राप्त किया गया। आईसेक्ट ग्रुप ऑफ यूनिवर्सिटीज को यह मान्यता आई-स्टीम के ओपन दी लैब नेशनल चैलेंज के अंतर्गत उसके संस्थागत योगदान के लिए प्रदान की गई है।

### एमएलबी कॉलेज में 'साहित्यिक अंताक्षरी' का आयोजन

# साहित्यिक सुरों में सजी अंताक्षरी, गूंजे कालजयी कवियों के स्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून, पानी गए न ऊबरै, मोती, मानुस, चून। कूलन में केलिन कछारन में कुंजन में, क्यारिन में कलित कलीन कलि कज है.... भूषण, सूरदास, तुलसी, केशव, पद्माकर, घनानंद बिहारी, मैथिलीशरण गुप्त, महादेवी वर्मा जैसे कालजयी कवियों की कविताओं पर आधारित अंताक्षरी प्रतियोगिता ने श्रोताओं को साहित्य की पुरातन शैली का दर्शन कराया। जहां छः राउंड में भक्ति काल, रीतिकाल, छायावाद और राष्ट्रप्रेम की रचनाओं के आधार पर छात्राओं ने प्रस्तुति दी। निराला सृजन पीठ द्वारा अनूठी 'साहित्यिक अंताक्षरी' का आयोजन एमएलबी कॉलेज में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. अजय अग्रवाल थे।



समारोह में रचना पाठ करती छात्रा।

### एमएलबी कॉलेज रहा प्रथम

पहला राउंड सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की कविताओं पर आधारित रहा, जिसमें प्रथम स्थान एमएलबी कॉलेज ने प्राप्त किया तो वहीं दूसरे स्थान पर नूतन महाविद्यालय व तीसरे स्थान पर उत्कृष्ट महाविद्यालय रहा।

### विद्यार्थियों ने किया रचना पाठ

- साजि चतुरंग सैन अंग में उमंग धरि, सरजा सिवाजी जंग जीतन चलत हैं।
- मेरी भव बाधा हरो, राधा नागरि सोइ। जा तन की झाईं परैं, स्याम हरित दुति होइ।
- वर दे, वीणावादिनी वर दे! प्रिय स्वतंत्र-रव अमृत-मंत्र नव भारत में भर दे!
- होगी जय, होगी जय, हे पुरुषोत्तम नवीन! कह महाशक्ति राम के वदन में हुईं लीन।

### छः राउंड में आयोजित हुई प्रतियोगिता

छः राउंड में प्रतियोगिता आयोजित हुई। एम एल बी, नूतन, हमीदिया, भेल, आनंद विहार, उत्कृष्ट महाविद्यालय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय के रूप में आठ महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने सहभागिता की, प्रत्येक दल में तीन प्रतिभागियों ने अपनी सुरीली आवाज में साहित्य से सजी अंताक्षरी को नए आयाम दिए। जिसमें दलों के नाम भी प्रसिद्ध कवियों के नाम पर आधारित थे निराला दल, सुभद्रा कुमारी चौहान दल, महादेवी दल, जयशंकर प्रसाद दल, मैथिलीशरण गुप्त दल, दिनकर दल, केशवदास दल, भूषण दल थे।



प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

### नूतन कॉलेज में आयोजित हुआ वार्षिक उत्सव

# असफलता से सीख लेकर आगे बढ़ना ही सफलता का मंत्रः शुक्ल


नूतन कॉलेज में आयोजित वार्षिक समारोह में पहुंचे उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल मंगलवार को सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वार्षिक उत्सव समारोह स्वयंप्रभा-2026 में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए उन्होंने कहा कि ट्राय फॉर द बेस्ट, प्रीपेयर फॉर द वर्स्ट और समझाया कि असफलता से घबराने के बजाय उससे सीख लेकर आगे बढ़ना ही सफलता का मूल मंत्र है। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं के उदाहरण देते हुए बताया कि निरंतर प्रयास, आत्मविश्लेषण और धैर्य से ही लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

### 28 मार्च, 'गीत गुंजन' की संगीतमय संध्या में शहर के दिग्गज देंगे प्रस्तुति

# एक से बढ़कर एक 'धुरंधरों' से सजेगी गुंजन फाउंडेशन


दीपक असाई
रिटायर्ड सलाहकार, मप्र नीति आयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जहां एक ओर धुरंधर राजधानी के सिनेमाघरों में धूम मचा रही है तो वहीं दूसरी ओर धुरंधर आवाज के मालिक राजधानी के गायक अपनी आवाज का जादू बिखेरने तैयार बैठे हैं, जी हां हम बात कर रहे हैं 'गीत गुंजन' संगीतमयी संध्या की, जिसका आयोजन 28 मार्च को रविन्द्र भवन में होने जा रहा है। इस संगीतमय संध्या में शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सक, इंजीनियर, बिजनेसमैन और आईएएस-आईपीएस अधिकारी, सीए सहित ऐसी ही बड़ी बड़ी हस्तियां अपनी गायन प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करने को तैयार हैं और इसके लिए यह सभी कई घंटों की प्रेक्टिस भी कर रहे हैं।

*28 मार्च को रवींद्र भवन में आयोजित संगीतमय संध्या में शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सक, इंजीनियर, बिजनेसमैन और आईएएस-आईपीएस अधिकारी, सीए सहित कई बड़ी हस्तियां देंगी गीतों की प्रस्तुति।*


अपने गुरु कैलाश यादव के साथ संस्था 'गीत गुंजन' के सदस्य।

### कई सालों से ले रहे गायिकी का प्रशिक्षण

गुंजन फाउंडेशन की अध्यक्ष रजनी यादव ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी गीत गुंजन को और अधिक यादगार बनाने के लिए कलाकारों ने विशेष तैयारी की है। जिन्हें प्रशिक्षित किया है प्रसिद्ध गायक अनूप जलोटा के शिष्य एवं म्यूजिक गुरु कैलाश यादव ने। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में अपनी प्रस्तुति देने वाले कलाकार कई सालों से मुझसे संगीत की शिक्षा ले रहे हैं, जिसमें जगुआर के डीलर मुरलीधर, रिटायर्ड चीफ इंजीनियर अश्विनी कुमार उपमन्यु, दीपक असाई, सीए रोशन मूंदड़ा, मृदुल खरे, डॉ. वीणा श्रीवास्तव, रेणु मोरंदानी, डॉ. संध्या गदरे, मयंक सत्संगी, रजनीश शिंदे, डॉ. शैलेंद्र तिवारी और उदर रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय कुमार के साथ ही रीटा देराश्री, मधु तिवारी आदि अपनी मधुर प्रस्तुतियां देंगी।


अनुराग सेठ


रोशन मूंदड़ा,सीए


मयंक सत्संगी

## 'उर्दू ड्रामा फेस्टिवल' आज से जनजातीय संग्रहालय में

**भोपाल।** मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी द्वारा 'उर्दू ड्रामा फेस्टिवल' का आयोजन 25 से 28 मार्च को प्रतिदिन सायं 7 बजे से जनजातीय संग्रहालय में किया जाएगा। उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ नुसरत मेहदी ने कहा कि इस बार उर्दू ड्रामा फेस्टिवल चार दिन का होगा, जिसमें पहले दिन 25 मार्च को सागर गुंचा नटरंग कल्चरल एवं वेलफेयर सोसायटी द्वारा 'नजीरनामा' का मंचन होगा। इस नाटक का लेखन, निर्देशन एवं परिकल्पना बिशना चौहान द्वारा किया गया है एवं संगीत होगा श्रुति धर्मेश का। दूसरे दिन 26 मार्च, को अदाकार, भोपाल द्वारा नाटक 'जल कुकड़े' का मंचन होगा, जिसके लेखक हैं रफी शब्बीर, डिजाइन एवं निर्देशन है फर्रुख शेर खान का। तीसरे दिन 27 मार्च को भोपाल थियेटर्स, भोपाल की प्रस्तुति 'छोटी बड़ी बातें-9' के अंतर्गत लघु नाटकों 'आखिर तुम्हें आना है जरा देर लगेगी', 'अटेची कैस' एवं 'कुछ तो कहिये' का मंचन होगा। इसके निर्देशक हैं प्रख्यात अभिनेता एवं कलाकार राजीव वर्मा एवं लेखक हैं रिशा गुप्ता, रजिया सज्जाद जहीर एवं राजेन्द्र कुमार शर्मा और संगीत रहेगा उमेश तरकसवार का।

## बिहार के 19 सांसद, 89 विधायक, 25 विधान पार्षद एवं 136 पूर्व विधायकों को काम पर लगाया

# भाजपा ने बिहार के सांसद-विधायकों को मैदान में उतारा, 'एक हफ्ता, एक क्षेत्र' का टास्क पूरा करने को कहा, सीएम ममता भी पीछे नहीं

एजेंसी ▶▶ पटना / नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल और असम विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा रणनीति को धार देने में जुट गई है। बिहार भाजपा के सांसद और विधायक दूसरे राज्यों में जा रहे हैं। इसको लेकर प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी की अध्यक्षता में सभी विधायकों एवं सांसदों की आभासी बैठक हुई।

सांसदों एवं विधायकों को खासतौर पर पश्चिम बंगाल के साथ असम के अलग-अलग जिलों में कम से कम एक सप्ताह समय देने का टास्क दिया गया है। इन्हें बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त करने, स्थानीय कार्यकर्ताओं से समन्वय स्थापित करने एवं चुनावी माहौल को भाजपा के पक्ष में बनाने जैसे काम दिए गए हैं। इन्हें अपने कामकाज का लिखित विवरण भी देना होगा। बिहार के 19 सांसद, 89 विधायक, 25 विधान पार्षद एवं 136 पूर्व विधायकों को इसमें लगाया गया है।सांसदों-विधायकों के अलावा शेष जनप्रतिनिधियों को भी अनिवार्य रूप से प्रवास का दायित्व दिया गया है। पार्टी प्रवास कार्यक्रम का थर्ड पार्टी मानीटरिंग साथ ही दायित्व का लेखा-जोखा मंगाएगी।

*पश्चिम बंगाल और असम विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अपनी रणनीति को धार देना शुरू कर दिया है। बिहार भाजपा के सांसद और विधायक दूसरे राज्यों में जा रहे हैं। इसको लेकर प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी की अध्यक्षता में सभी विधायकों एवं सांसदों की आभासी बैठक हुई।सांसदों एवं विधायकों को खासतौर पर बंगाल के साथ असम में कम से कम एक सप्ताह समय देने का टास्क दिया गया है।*

**पश्चिम बंगाल में ज्यादा जोर दिया**

5 राज्यों में विधानसभा चुनाव और उप चुनावों पर सभी पार्टियां दिखाने लगी दमखम


भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी करेंगे नेतृत्व

**प्रदर्शन की समीक्षा की जाएगी**

इन नेताओं के प्रदर्शन की नियमित समीक्षा भी की जाएगी। उन्हें बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करने, जनसंपर्क अभियान चलाने और स्थानीय मुद्दों को समझकर उसके अनुसार रणनीति बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

### एआईएडीएमके का घोषणा पत्रः राशन कार्ड वाली महिलाओं को फ्रिज, 10 हजार रु. देंगे



तमिलनाडु विधानसभा चुनाव से पहले एआईएडीएमके ने अपना घोषणा पत्र जारी कर बड़ा चुनावी दांव खेला है। पार्टी ने आम जनता, खासकर महिलाओं और मध्यम वर्ग को ध्यान में रखते हुए कई बड़े वादे किए हैं। मुफ्त फ्रिज, नकद सहायता और राशन में अतिरिक्त सुविधाओं जैसे ऐलानों के जरिए पार्टी ने सीधे वोटरों को साधने की रणनीति बनाई है। एआईएडीएमके के महासचिव एडप्पडी पलानीस्वामी ने घोषणा पत्र जारी करते हुए बताया कि इसमें कुल 297 वादे शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह घोषणा पत्र समाज के हर वर्ग से सुझाव लेकर तैयार किया गया है। इसमें महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को ध्यान में रखते हुए राहत देने पर जोर दिया गया है। पार्टी ने हर परिवार को 10 हजार की आर्थिक सहायता देने का वादा किया है ताकि टैक्स और बढ़ती कीमतों का बोझ कम हो सके।

### समन्वय की जिम्मेदारी

इन्हें स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वे स्थानीय संगठन के साथ समन्वय स्थापित करें, बूथ कमेटियों को सक्रिय बनाएं और चुनावी माहौल को भाजपा के पक्ष में तैयार करें।भाजपा नेतृत्व का यह कदम इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि पश्चिम बंगाल में पार्टी को कड़ी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ता है। ऐसे में बाहरी राज्यों के अनुभवी नेताओं को मैदान में उतारकर पार्टी अपनी रणनीतिक बढ़त बनाने की कोशिश कर रही है।बिहार के नेता पहले भी अन्य राज्यों के चुनावों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं और संगठन को मजबूत करने में उनकी भूमिका प्रभावी मानी जाती है।

पर्यवेक्षकों ने निगरानी का दिया सुझाव

## तमिलनाडु में चुनाव में होने वाली गड़बड़ी रोकेगा ड्रोन



तमिलनाडु में विधानसभा चुनावों की तारीखें पास आते ही चुनाव पर्यवेक्षकों ने वोट के बदले नकद भुगतान की प्रथाओं के खिलाफ निगरानी तेज करने के लिए ड्रोन तैनात करने की सिफारिश की है, विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में जहां निगरानी एक चुनौती बनी हुई है।यह सुझाव विशेष पर्यवेक्षक के नेतृत्व में हुई एक समीक्षा बैठक के दौरान सामने आया, जिसमें चेन्नई, तिरुवल्लूर, चेंगलपट्टू और कांचीपुरम सहित प्रमुख जिलों के सामान्य और व्यय पर्यवेक्षकों को एक साथ लाया गया था।

### तमिलनाडु बना संवेदनशील राज्य

तमिलनाडु को व्यय-संवेदनशील राज्य के रूप में वर्गीकृत किया गया है, जिसके चलते प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में सामान्य और व्यय पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई है। प्रवर्तन एजेंसियों ने पूरे राज्य में जांच तेज कर दी है। हवाई दस्ते और स्थिर निगरानी टीमों ने अब तक लगभग 151 करोड़ नकदी और कीमती सामान जब्त किया है।

## केरल विधानसभा चुनाव

### पेरावूर सीट पर होगा कड़ा सियासी मुकाबला

केरल के कन्नूर जिले की पेरावूर विधानसभा सीट पर सियासी जंग तेज हो गई है। यह क्षेत्र ज्यादातर खेती पर निर्भर लोगों का इलाका है और अपेक्षाकृत शांत माना जाता है, लेकिन पहाड़ी इलाके और यहां समय-समय पर जानवरों और इंसानों के संघर्ष की घटनाओं के कारण इसे चुनौतीपूर्ण माना जाता है। इस सीट पर सीबीआई एम ने केरल की चर्चित नेता और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री केके शैलजा को उम्मीदवार बनाया है।

## भाजपा के सबसे बड़े गढ़ से शुरू करेंगी चुनावी अभियान

**ममता का बड़ा ऐलान**



सीएम ममता बेनर्जी पश्चिम बंगाल चुनाव प्रचार में अब उतरने जा रही हैं। ममता का चुनावी प्रचार अभियान उत्तर बंगाल से शुरू होकर पूरे बंगाल तक चलेगा। बेनर्जी ने इस बार उत्तरी बंगाल से चुनाव प्रचार करने का फैसला किया है। पिछले दो चुनावों में भाजपा को इस इलाके में जबरदस्त सफलता मिली थी। ममता पहले चरण में उत्तरी बंगाल और दूसरे चरण में वह दक्षिण बंगाल का रुख करेंगी।

## बेनर्जी ने भाजपा पर चुनाव आयोग में दबाव का आरोप लगाया



कोलकाता एयरपोर्ट पर बयान देते हुए ममता ने कहा कि केरल भाजपा इकाई के चुनाव आयोग पत्र पर लगी मुहर साफ दिखाती है कि चुनाव आयोग को पीछे से कौन चला रहा है। ममता बनर्जी ने कहा कि यह केवल प्रशासनिक या तकनीकी गलती नहीं है, बल्कि इसमें राजनीतिक साजिश है। उनका आरोप है कि भाजपा चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप कर रही है और चुनाव आयोग को प्रभावित करने की कोशिश कर रही है। इसके पहले भी एसआईआर को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। इस अर्जी पर शीर्ष अदाल में सुनवाई भी चल रही है।

## खबर संक्षेप

### सीएम नीतीश बने जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष



**पटना।** बिहार के सीएम नीतीश कुमार मंगलवार को एक बार फिर निर्विरोध रूप से जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए। नामांकन वापसी की समयसीमा समाप्त होने के बाद उनके अलावा किसी का नामांकन नहीं आया। वे अकेल मैदान में रहे। राष्ट्रीय सचिव मोहम्मद निसार ने बताया कि उन्हें निर्विरोध अध्यक्ष घोषित कर दिया गया।

### लालू की एफआईआर रद्द करने की याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में राजद के प्रमुख लालू प्रसाद यादव को दिल्ली उच्च न्यायालय से बड़ा झटका लगा है। अदालत ने सीबीआई की एफआईआर और आरोपपत्र को रद्द करने की लालू की अर्जी को खारिज कर दिया है। यह घोटाला पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर स्थित जोन में हुआ था।

### दिल्ली बजटः महिलाओं को मिलेंगे 2500 रुपए



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में 1,03,700 करोड़ का बजट पेश हुआ। बजट में महिला सशक्तिकरण पर भी जोर दिखा। महिलाओं के कौशल को बाजार से जोड़ने का सेतु बनाया जाएगा। इसके लिए 10 करोड़ का आवंटन किया गया है। इसके साथ ही विद्यार्थियों को लैप टाप और साइकिलें दी जाएगी

### पंजाब में वित्तमंत्री चीमा संभालेंगे परिवहन



**अमृतसर।** पंजाब सरकार ने कैबिनेट मंत्रियों के पोर्टफोलियो में फेरबदल किया है। पूर्व मंत्री लालजीत भुल्लर के इस्तीफे और गिरफ्तारी के बाद उनके दोनों विभाग दूसरे मंत्रियों को दिए गए हैं। वित्त मंत्री हरपाल चीमा को ट्रांसपोर्ट विभाग दिया गया है। वहीं जेल विभाग की जिम्मेदारी डॉ. रवजोत को दी गई है।

### सरकार की ओर से संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने दी जानकारी

# देशभर में एलपीजी की डिलिवरी सामान्य पीएनजी कनेक्शन बढ़ाने के दिए निर्देश

*पश्चिम एशिया संकट के बीच देश के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा*



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच सरकार ने अंतर मंत्रालयी प्रेसवार्ता के दौरान देश में पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति स्थिति पर महत्वपूर्ण जानकारी दी है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एलपीजी, पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता को लेकर उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया है। साथ ही, सिटी गैस वितरण संस्थाओं को पीएनजी कनेक्शन के विस्तार के लिए निर्देश भी जारी किए गए हैं।

संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति के कारण एलपीजी की आपूर्ति प्रभावित हुई है। हालांकि, बड़ी संख्या में कार्गो लाइन में लगे हुए हैं। देश भर के एलपीजी वितरकों के पास किसी भी तरह की कमी की सूचना नहीं मिली है। उपभोक्ताओं में कमी की आशंका के कारण देशभर में घरेलू गैस सिलेंडर की मांग अचानक काफी बढ़ गई थी। आम दिनों की अपेक्षा मांग करीब डेढ़ गुना तक पहुंच गई थी, जिसने किल्लत को और बड़ा दिया था।

- *मंत्रालय ने उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया*
- *लोगों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी*




### पीएनजी कनेक्शन का विस्तार करने पर दिया जोर

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनआरजीबी) ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। इस आदेश में सभी सिटी गैस वितरण संस्थाओं को निर्देश दिए गए हैं। उन्हें आवासीय स्कूलों, कॉलेजों और छात्रावासों को पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराने होंगे। इसके अतिरिक्त, सामुदायिक रसोई और आंगनवाड़ी रसोई को भी पांच दिनों के भीतर कनेक्शन देने को कहा गया है। यह निर्देश उन सभी स्थानों पर लागू होगा जहां पाइपलाइन का बुनियादी ढांचा पास में उपलब्ध है।

### सभी भारतीय लोग और हमारे जहाज सुरक्षित

प्रेस वार्ता के दौरान पोत व परिवहन मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश सिन्हा ने कहा कि खाड़ी क्षेत्र में सभी भारतीय जहाज और नाविक सुरक्षित हैं। पिछले 24 घंटों में कोई समुद्री घटना दर्ज नहीं की गई है। कल देर शाम, भारतीय ध्वज वाले दो एलपीजी वाहक जहाज, पाइन गैस और जग वसंत, दोनों एलपीजी से भरे हुए हैं। दोनों जहाज सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर भारत की ओर बढ़ रहे हैं। पाइन गैस 45,000 मीट्रिक टन एलपीजी ले जा रहा है और संभवतः 27 मार्च की सुबह न्यू मैंगलोर बंदरगाह पर पहुंचेगा। दूसरा एलपीजी वाहक जहाज, जग वसंत, लगभग 47,600 मीट्रिक टन एलपीजी ले जा रहा है और कांडला की ओर बढ़ रहा है, जिसके 26 मार्च को पहुंचने का अनुमान है। इस प्रकार, फारस की खाड़ी से इन दो जहाजों के प्रस्थान के साथ, अब फारस की खाड़ी में 540 भारतीय नाविकों को ले जाने वाले 20 भारतीय ध्वज वाले जहाज हैं। किसी भी बंदरगाह पर भीड़भाड़ की कोई सूचना नहीं है।

### पिछले दिनों कुछ घबराहट में बुकिंग देखी गई

संयुक्त सचिव सुजाता ने यह भी बताया कि पिछले दिनों कुछ घबराहट में बुकिंग देखी गई थी। लेकिन एलपीजी की डिलिवरी सामान्य बनी हुई है। मंत्रालय ने आश्वस्त किया है कि पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति भी पर्याप्त मात्रा में हो रही है। सभी घरेलू उपभोक्ताओं को एलपीजी सिलेंडर नियमित रूप से दिए जा रहे हैं। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए पीएनजी की आपूर्ति शत प्रतिशत सुनिश्चित की गई है।


### आमलोग अफवाहों पर ध्यान न दें

संयुक्त सचिव शर्मा ने स्पष्ट किया कि सभी खुदरा दुकानों पर सामान्य परिचालन जारी है। उन्होंने दोहराया कि ईंधन स्टेशनों पर पर्याप्त पेट्रोल और डीजल उपलब्ध है। उन्होंने आम जनता से अफवाहों पर विश्वास न करने की अपील की। साथ ही, घबराहट में खरीदारी से बचने का आग्रह किया। यह सुनिश्चित किया गया है कि ईंधन की कोई कमी नहीं है।

### राज्यसभा में पीएम मोदी ने कहा

## युद्ध ने वैश्विक संकट खड़ा किया लंबे समय तक रहेगा इसका असर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



पीएम नरेंद्र मोदी पश्चिम एशिया संकट को लेकर राज्यसभा में कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध और उससे बनी परिस्थितियों से हम सभी परिचित हैं। मैं संसद के उच्च सदन और देशवासियों के सामने इन विकट परिस्थितियों पर सरकार का पक्ष रखने के लिए पेश हुआ हूं। इस युद्ध ने पूरे विश्व में ऊर्जा संकट पैदा कर दिया है। भारत के लिए भी ये स्थिति चिंताजनक है। पीएम मोदी ने कहा कि इस युद्ध से हमारे व्यापार के रास्ते प्रभावित हो रहे हैं।

पेट्रोल-डीजल, गैस और उर्वरकों जैसे जरूरी सामानों की नियमित आपूर्ति प्रभावित हो रही है। खाड़ी देशों में करीब एक करोड़ भारतीय रह रहे हैं। यह भारत के लिए बड़ी चिंता है। होर्मुज में भारत के कई जहाज फंसे हैं, उनमें बड़ी संख्या में चालक दल के भारतीय सदस्य हैं। ऐसी विकट परिस्थिति में आवश्यक है कि भारत की उच्च सदन से शांति और संवाद की एकजुट आवाज पूरे विश्व में जाए।

### भारत 41 देशों से तेल व गैस का आयात कर रहा

पीएम मोदी ने कहा कि कोई भी संकट हमारे हौसलों और प्रयासों की परीक्षा लेता है। देश ऐसे संकटों का बेहतर तरीके से सामना कर सके, इसके लिए बीते 11 वर्षों में लगातार प्रयास किए गए हैं। एनर्जी आयात का विविधीकरण किया गया है। पहले गैस और कच्चा तेल 27 देशों से आयात किया जाता था आज भारत 41 देशों से तेल और गैस आयात करता है।

### कूटनीतिक माध्यम से हो शांति बहाली

पीएम मोदी ने हमारा लक्ष्य संवाद कूटनीति के माध्यम से क्षेत्र में शांति की बहाली का है। हमने होर्मुज को खोलने के लिए बात की है। जहाजों पर हमला और होर्मुज स्ट्रेट बाधित किया जाना अस्वीकार्य है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि फ़ारसी खाड़ी से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते भारतीय टैंकरों के सुरक्षित गुजरने के लिए कोई भुगतान नहीं किया जा रहा है और न ही इस रास्ते से गुजरने के लिए ईरान से किसी अनुमति की जरूरत है।

### भ्रम फैलाने का प्रयास किया: खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि संकट को लेकर प्रधानमंत्री का भाषण भ्रम फैलाने का प्रयास था। प्रधानमंत्री का बयान बहुत देर में आया है। इससे सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने पूछा कि क्या प्रधानमंत्री अब यह सुझाव दे रहे हैं कि 140 करोड़ भारतीयों को एक बार फिर अपने ही दम पर अपना गुजारा करना होगा।

## सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल में व्यवस्था पर की सख्त टिप्पणी

# अन्य राज्यों में आराम से हो गया एसआईआर, बंगाल में दिक्कत क्यों?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में चल रहे वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को लेकर राज्य सरकार की आपत्तियों पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की है। राज्य सरकार ने अपील की कि वोटिंग से कुछ पहले तक लिस्ट को सही करने का काम चलता रहे, इस पर मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि एसआईआर को लेकर सिर्फ बंगाल में दिक्कतें हैं, बाकी राज्यों में तो आराम से हो गया। बंगाल की तरफ से सीनियर एडवोकेट श्याम दीवान ने कहा कि पहले दौर के मतदान के लिए नामांकन की अंतिम तारीख 6 अप्रैल है। उसके बाद वोटर लिस्ट में बदलाव नहीं हो सकता। अभी हटाए गए लाखों लोगों के दावों पर फैसला नहीं हो सका।



### आयोग ने दिक्कतों की जानकारी दी, अब 1 अप्रैल को सुनवाई

ईसी की तरफ से सीनियर एडवोकेट डीएस नायडू ने कहा कि जो व्यवहारिक दिक्कतें आ रही हैं, उन पर हम एक रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में दे रहे है। हम अनुरोध करेंगे कि आप इसे देखें। कोर्ट ने कहा कि वह 1 अप्रैल को मामले की अगली सुनवाई करेगा। आयोग इन लोगों के दावों और आपत्तियों की जांच कर रहा है।

### कल्याण ने तबादलों पर भी उठाए सवाल

सीजेआई ने उनकी इस अपील पर कहा कि दूसरे राज्यों में एसआईआर आराम से हो गया। पश्चिम बंगाल में ही इतनी दिक्कत हो रही हैं। दूसरे राज्यों में बंगाल से ज्यादा लोगों के नाम लिस्ट से कटे हैं। इस दौरान तृणमूल कांग्रेस के सांसद और सीनियर एडवोकेट कल्याण बेनर्जी भी कोर्ट में मौजूद थे। सीजेआई की टिप्पणी पर उन्होंने कहा कि कहीं और इस तरह की तार्किक विसंगतियों की वोटर लिस्ट जारी नहीं हुई है और न ही रात को तीन बजे मुख्य सचिव के तबादले का नोटिफिकेशन जारी किया गया।

**सिब्बल को चेतावनी**

### ईडी-ईडी की रट न लगाएं मुश्किल में पड़ जाएंगे

सुनवाई में कपिल सिब्बल ने ईडी की याचिका की वैधता पर ही सवाल खड़े कर किए। उन्होंने कहा कि



यह याचिका एक डिप्टी डायरेक्टर के जरिए दायर की गई है जो घटना के समय मौके पर मौजूद ही नहीं थे। ऐसे में यह याचिका सुनवाई योग्य कैसे हो सकती है? सुनवाई में चर्चित पल तब आया जब कोर्ट ने सिब्बल को सीधे चेतावनी दी कि ईडी- ईडी की रट मत लगाइए। मुद्दे पर आइए, अन्यथा मुश्किल में पड़ जाएंगे।

### तकनीक और स्वास्थ्य विज्ञान का मिलन

## ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर के इलाज में मदद करेगा एआई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सहित दुनिया भर में महिलाओं के लिए ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर एक बड़ी समस्या बने हुए हैं। समय पर पहचान की कमी और जांच संसाधनों के अभाव के कारण महिलाओं में पनपने वाले इस कैंसर के इलाज में देरी हो जाती है।


अब तकनीक और स्वास्थ्य विज्ञान के मिलन से एक नई उम्मीद जगी है। आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस (एआई) की बढ़ती भूमिका अब कैंसर के शुरुआती निदान और सटीक उपचार में क्रांतिकारी



बदलाव लाने की तैयारी में है। गूगल के हेल्थ ऑफिसर के ने बताया कि एआई की मदद से मैमोग्राफी और स्क्रीनिंग की प्रक्रिया को न केवल तेज़ किया जा सकता है। ये साझेदारी खासतौर पर उन क्षेत्रों में गेम-चेंजर साबित हो सकती है। डॉ. कैरन डी साल्वो ने बताया कि टेक्नोलॉजी के जरिए हेल्थकेयर को बेहतर बनाया जा सकता है।

**ट्रंप के ईरान से शांति वार्ता के दावे के बीच जारी है जंग**

# ईरान ने इजराइल और अरब देशों को मिसाइलों से निशाना बनाया



एजेंसी ▶▶ तेहरान/ तेल अवीव

ईरान ने मंगलवार तड़के इजराइल और खाड़ी के अरब देशों को निशाना बनाकर लगातार हमले करना जारी रखा और इस दौरान उसकी एक मिसाइल तेल अवीव के मध्य में स्थित सड़क पर गिरी। इजराइल के तेल अवीव में 100 किलोग्राम आयुध ले जाने में सक्षम एक मिसाइल इजराइली रक्षा प्रणाली को भेदते हुए शहर के मध्य में एक सड़क पर जा गिरी। इससे पास की एक इमारत की खिड़कियां टूट गईं और धुआं उठने लगा। मिसाइल गिरने के कुछ मिनट बाद घटनास्थल पर पहुंचने के बाद बचाव कार्य में जुटे कर्मी योएल मोशे ने बताया कि हमने तबाही, धुआं और अफरा-तफरी देखी। उन्होंने कहा कि 4 लोग मामूली रूप से घायल हुए हैं।

हालांकि, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका युद्ध समाप्त करने के लिए इस्लामिक गणराज्य ईरान के साथ बातचीत कर रहा है। ट्रंप ने ईरान को दी गई वह समय सीमा भी आगे बढ़ा दी जिसके तहत होर्मुज जलडमरूमध्य को जहाजों के लिए नहीं खोलने पर ईरान के बिजली संयंत्रों को हवाई हमलों में निशाना बनाने की चेतावनी दी गई है। ईरान ने फारस की खाड़ी को खुले महासागर से जोड़ने वाले इस जलडमरूमध्य से कुछ जहाजों को गुजरने की अनुमति दी है, लेकिन कहा है कि वह अमेरिका, इजराइल या उसके सहयोगियों से जुड़े जहाजों को निशाना बनाना जारी रखेगा। इस बीच ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि संघर्ष में मरने वाले उसके नागरिकों की संख्या बढ़कर 1,500 से अधिक हो गई है। वहीं, कुवैत में, हवाई रक्षा प्रणाली के छर्रों से बिजली की लाइनें क्षतिग्रस्त हो गईं, जिससे कई घंटों तक आंशिक बिजली कटौती हुई। बहरीन में मिसाइल को लेकर अलर्ट सायरन बजे और सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने तेल समृद्ध पूर्वी प्रांत को निशाना बना रहे 19 ईरानी ड्रोन को नष्ट कर दिया।

## ईरान का दावा- होर्मुज में शत्रु जहाजों को निशाना बनाना जारी रखेंगे

## ईरान का कुवैत, बहरीन और सऊदी अरब में तेल समृद्ध क्षेत्रों में हमला

## भारत-अमेरिका ने ऊर्जा सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं पर ध्यान केंद्रित किया



ईरान का इजराइल की राजधानी तेल अवीव पर मिसाइल से हमला

### बागेर बने सुरक्षा परिषद के सचिव

ईरान ने इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के एक पूर्व कमांडर को देश की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद का नया सचिव नामित किया।



पूर्व कमांडर ने इजराइल-अमेरिका के हवाई हमले में मारे गए अली लारीजानी की जगह ली है। नए सचिव की पहचान मोहम्मद बागेर जोलघाद्र के रूप में की है। जोलघाद्र रिवोल्यूशनरी गार्ड में ब्रिगेडियर जनरल के पद तक पहुंचे थे। वह ईरान की कार्ययोजना परिषद के सचिव के रूप में कार्य कर रहे थे।

### संघर्ष से मानवता पर असर: यूएन

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा स्वास्थ्य कर्मियों, स्वास्थ्य सुविधाओं



और एम्बुलेंस पर लगातार हमले चिंता का विषय हैं। डब्ल्यूएचओ के अनुसार 64 स्वास्थ्य केंद्रों पर हमले हुए हैं, जिसमें 51 लोग मारे गए और 91 घायल हुए। 1.2 लाख से अधिक लोग विस्थापित हो चुके हैं और 130,000 से अधिक लोग 600 से अधिक सामूहिक केंद्रों में शरण ली।

### सऊदी ने ट्रंप से कहा- ईरान पर हमले जारी रखें

सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने ट्रंप से कहा है कि ईरान के खिलाफ जंग जारी रखी जाए। उनके मुताबिक, यह मिडिल ईस्ट को बदलने का एक बड़ा मौका है। क्राउन प्रिंस ने पिछले हफ्ते ट्रंप से बातचीत की थी और कहा था कि अमेरिका को ईरान की मौजूदा सरकार को खत्म कर देना चाहिए। उनका मानना है कि ईरान खाड़ी देशों के लिए लंबे समय का खतरा है और इस खतरे को सिर्फ शासन बदलकर ही खत्म किया जा सकता है। हालांकि सऊदी सरकार ने इन रिपोर्ट्स को खारिज किया है। उसने कहा कि सऊदी अरब हमेशा इस संघर्ष का शांतिपूर्ण समाधान चाहता है और उसकी नीति में कोई बदलाव नहीं आया है।

### फिलीपींस ने राष्ट्रीय ऊर्जा आपातकाल घोषित किया

मिडिल ईस्ट में जारी जंग का असर अब एशिया तक पहुंचने लगा है। फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस ने देश में राष्ट्रीय ऊर्जा आपातकाल घोषित कर दिया है। राष्ट्रपति ने एक आदेश जारी करते हुए कहा कि मिडिल ईस्ट में चल रहे संघर्ष के कारण देश की ईंधन सप्लाई और ऊर्जा स्थिरता पर गंभीर खतरा पैदा हो गया है।

### अभी और हमले होंगे बोले पीएम नेतन्याहू

इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि अमेरिका द्वारा युद्धविराम पर विचार करने के बावजूद ईरान और लेबनान पर इजराइल हमले जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि अभी और हमले होंगे। इससे पहले इजराइल ने बेरूत के दक्षिणी



उपनगरों पर बमबारी की। इजराइल ने इस हमले पर कहा कि वह ईरान से जुड़े आतंकवादी संगठन हिजबुल्ला द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले बुनियादी ढांचे को निशाना बना रहा था। लेबनान की राजधानी के दक्षिण-पूर्व में स्थित एक आवासीय अपार्टमेंट पर हुए हमले में लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार कम से कम दो लोग मारे गए। वहीं ईरानी हमले में इजराइल में 15 लोग मारे गए हैं जबकि 13 अमेरिकी सैन्य कर्मी भी मारे गए हैं।

### लेबनान ने ईरान के राजदूत को देश छोड़ने का आदेश दिया

लेबनान सरकार ने मंगलवार को ईरान के राजदूत को देश छोड़ने का आदेश दिया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि युद्ध प्रभावित इस देश में तेहरान के राजनयिक प्रतिनिधि को रविवार तक देश छोड़ना होगा और उन्हें अवांछित व्यक्ति घोषित कर दिया गया है। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता डेनिस रहमे ने बताया कि ईरान के दूतावास में अब भी एक दूतावास प्रभारी मौजूद रहेगा, जो उसके राजनयिक मिशन का नेतृत्व करेगा। लेबनानी सरकार ईरान की आलोचना करती रही है और उसके रिवोल्यूशनरी गार्ड पर लेबनान में हिजबुल्ला चरमपंथी समूह के साथ मिलकर काम करने और देश को इजराइल के साथ एक और युद्ध में घसीटने का आरोप लगाती है। लेबनानी अधिकारियों ने कहा है कि इजराइली हमलों में अब तक लेबनान में 1,000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और लगभग 10 लाख लोग विस्थापित हो गए हैं।

**ट्रंप ने चौंकाया, कहा**

### ईरान पर हमले का सुझाव सबसे पहले रक्षा मंत्री ने दिया

*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि पश्चिम एशिया के मुद्दे पर करीबी सहयोगियों के साथ चर्चा के दौरान ईरान पर हमला करने का सुझाव सबसे पहले रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने दिया था। ट्रंप ने यह बात सोमवार को टेनेसी में*



*आयोजित 'मेम्फिस सेफ टास्क फोर्स' गोलमेज बैठक में कही। ट्रंप ने कहा कि पीट, मुझे लगता है कि आपने सबसे पहले कहा कि हमें कदम उठाना चाहिए, क्योंकि उन्हें परमाणु हथियार हासिल करने नहीं दिया जा सकता। उन्होंने हेगसेथ की टिप्पणी पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दिखाई।*

**ईरान का दावा**

### दो ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हवाई हमले किए गए

ईरान ने बताया कि देश के दो ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हवाई हमले किए गए हैं। एक हमले में इस्फ़हान में प्राकृतिक गैस के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया, जबकि दूसरे हमले में खुर्रमशहर बिजली संयंत्र के लिए बनी गैस पाइपलाइन को निशाना बनाया गया। सोमवार को इस क्षेत्र में हुए हमलों की



जिम्मेदारी न तो इजराइल ने ली है और न ही अमेरिका ने, हालांकि दोनों देश अपने हमलों को हमेशा स्वीकार नहीं करते हैं। यह भी स्पष्ट नहीं हो पाया कि क्या इन स्थलों को विशेष रूप से निशाना बनाया गया या क्षेत्र में अन्य स्थलों पर हुए हमलों में इन्हें नुकसान पहुंचा है।

### जयशंकर ने मार्को रूबियो से फोन पर की बात



पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने अमेरिका के विदेश मंत्री से फोन पर बात की। इस दौरान पश्चिम एशिया संघर्ष और ऊर्जा सुरक्षा पर चर्चा हुई। जयशंकर ने पोस्ट कर बताया कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो के साथ फोन पर विस्तार से बातचीत की। बातचीत का मुख्य विषय पश्चिम एशिया का संघर्ष और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर उसका प्रभाव था। जयशंकर ने कहा कि दोनों पक्षों ने विशेष रूप से ऊर्जा सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं पर भी ध्यान केंद्रित किया और एक-दूसरे के संपर्क में बने रहने पर सहमति जताई। जयशंकर ने भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली से भी मुलाकात की और बढ़ते तनाव पर चर्चा की।

### राजनाथ सिंह की अगुवाई में हुई उच्चस्तरीय बैठक



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सैन्य नेतृत्व को पश्चिम एशिया संघर्ष का अध्ययन करने का निर्देश दिया ताकि भारत की सैन्य तैयारियों को मजबूत किया जा सके और महत्वपूर्ण आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित किया जा सके। सिंह और अधिकारियों ने रक्षा उपकरणों की खरीद और उत्पादन के संदर्भ में पश्चिम एशिया संघर्ष और भारत पर इसके संभावित प्रभाव पर विचार-विमर्श किया। बैठक में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह, थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और डीआरडीओ के चेयरमैन समीर कामत समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### 7750 भारतीयों की हुई कतर एयरवेस से वापसी

कतर एयरवेज ने 20 से 22 मार्च के बीच भारत के विभिन्न शहरों के लिए कई उड़ानें संचालित कीं। कतर एयरवेज ने बीते दो दिनों में भारत के विभिन्न गंतव्यों के लिए 25 उड़ानें संचालित कीं। इस दौरान लगभग 7,750 भारतीय नागरिकों ने यात्रा की। वहीं, एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने मिलकर मंगलवार को पश्चिम एशिया क्षेत्र से आने-जाने वाली 24 निर्धारित और गैर-निर्धारित उड़ानें संचालित कीं। दोनों एयरलाइंस की भारत और जेद्दाह के बीच कुल 10 उड़ानें शामिल रहीं। इनमें से एयर इंडिया दिल्ली से एक और मुंबई से दो वापसी उड़ानें संचालित की, जबकि एयर इंडिया एक्सप्रेस हैदराबाद और कोझिकोड से एक-एक उड़ान संचालित की।

### ब्रिटेन का युद्धपोत पूर्वी भूमध्य सागर में पहुंचा

ब्रिटिश रक्षा मंत्रालय ने बताया कि ब्रिटेन का एचएमएस ड्रैगन अब पूर्वी भूमध्य सागर में पहुंच चुका है और यह साइप्रस की सुरक्षा प्रणाली में संचालनात्मक एकीकरण शुरू करने के लिए तैयार है। युद्धपोत 11 मार्च को ब्रिटेन से रवाना हुआ था और इसे हाल ही में ईरानी ड्रोन हमले से प्रभावित साइप्रस के ब्रिटिश हवाई अड्डे की रक्षा का काम सौंपा गया है। मंत्रालय ने कहा रॉयल एयर फोर्स के टाइफून और एफ-35 जेट विमानों ने साइप्रस, जॉर्डन, कतर और बहरीन में अपनी रक्षात्मक उड़ान जारी रखी।

---

## खबर संक्षेप

### आसिया को यूएपीए में उम्रकैद की सजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कश्मीरी अलगाववादी आसिया अंद्राबी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। यह सजा उन्हें गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज एक गंभीर मामले में दी गई है। अदालत ने अपने फैसले में आसिया अंद्राबी को दोषी ठहराया। उन पर भारत विरोधी और अलगाववादी गतिविधियों को बढ़ावा देने का आरोप था।



### गैंगस्टर रोहित गोदारा ने कनाडा में की फायरिंग

**ओटावा।** कनाडा के ब्रम्पटन में लगातार एक बार फिर फायरिंग हुई है। फायरिंग की जिम्मेदारी कुख्यात गैंगस्टर रोहित गोदारा और गोल्डी बरार गैंग ने ली है। पिछले दो दिनों के अंदर रोहित गोदारा गैंग ने कनाडा में दूसरी वारदात को अंजाम दिया। यह गोलीबारी विपिन चौसर नाम के एक शख्स के घर पर हुई है। गैंग ने फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है।



### सेन फ्रांसिस्को में एआई रोकने को लेकर प्रदर्शन

**सेन फ्रांसिस्को।** सैन फ्रांसिस्को में 'स्टॉप दि एआई रेस' ग्रुप के प्रदर्शनकारियों ने एंथ्रोपिक, ओपनएआई और एक्सएआई जैसी दिग्गज कंपनियों के दफ्तरों के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने बेहद एडवांस एआई के विकास पर तुरंत रोक लगाने की मांग की। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे माइकल ट्राजी ने कहा कि उनका मकसद सशर्त रोक के लिए राजी करना है।



**शॉर्ट सर्विस मामले में सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला**

# 20 वर्ष से पूर्व सेवामुक्त स्थायी कमीशन से वंचित महिला पूर्ण पेंशन लाभ की 'हकदार'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण निर्णय में व्यवस्था दी कि मनमाने मूल्यांकन के चलते स्थायी कमीशन से वंचित की गईं भारतीय सशस्त्र बलों की 'शॉर्ट सर्विस कमीशन' प्राप्त महिला अधिकारी पूर्ण पेंशन लाभ की हकदार हैं। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने फैसला सुनाया कि इन अधिकारियों के संबंध में पेंशन के लिए आवश्यक न्यूनतम 20 वर्ष की अर्हता सेवा पूरी कर ली गई मानी जाएगी, भले ही उन्हें इस अवधि से पहले सेवा से मुक्त कर दिया गया हो।

**कोर्ट ने विशेष संवैधानिक शक्तियों (अनुच्छेद 142) का इस्तेमाल किया**

**यह आदेश जेएजी और एईसी कैडर की महिला अधिकारियों पर लागू नहीं**

### एएफटी के फैसलों को दी थी चुनौती



यह निर्णय विंग कमांडर सुचेता एडन और अन्य द्वारा दायर याचिकाओं पर आया, जिनमें 2019 में नीतिगत बदलावों और पिछले सशस्त्र बल अधिकरण (एएफटी) के फैसलों के आधार पर स्थायी कमीशन न दिए जाने को चुनौती दी गई थी। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि महिला अधिकारियों के लिए वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) को अक्सर इस धारणा के तहत श्रेणी प्रदान की जाती है कि वे करियर में प्रगति या स्थायी कमीशन के लिए पात्र नहीं होंगी। इससे उनकी समग्र योग्यता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा।

### पूर्ण न्याय पाने का अधिकार

शीर्ष अदालत ने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 142 उच्चतम न्यायालय को पूर्ण न्याय करने के लिए कोई भी आदेश पारित करने का अधिकार देता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि पेंशन 20 साल की मानी गई सेवा के आधार पर तय की जाएगी, जो 1 नवंबर, 2025 से प्रभावी होगी।

### सेना में पुरुषों का एकाधिकार नहीं हो सकता

अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि सेना में केवल पुरुषों का एकाधिकार नहीं हो सकता। जस्टिस ने साफ किया कि पुरुष अधिकारी यह उम्मीद नहीं कर सकते कि भविष्य के सभी खाली पद केवल उनके लिए ही होंगे। कोर्ट के अनुसार, अवसरों की कमी और गलत तरीके से अयोग्य ठहराए जाने के कारण महिला अधिकारियों की योग्यता और उनके करियर की प्रगति पर बुरा असर पड़ा है।

### सेवा से मुक्त महिलाओं पर लागू होगा फैसला

यह फैसला उन महिला अधिकारियों के लिए एक बार का उपाय के रूप में आया है जो कानूनी लड़ाई के दौरान सेवा से मुक्त हो गई थीं। ध्यान देने वाली बात यह है कि यह आदेश जेएजी (जज एडवोकेट जनरल) और एईसी (आर्मी एजुकेशन कोर) कैडर की महिला अधिकारियों पर लागू नहीं होगा। साथ ही, कोर्ट ने भविष्य में निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए चयन के तरीकों और कट-ऑफ नियमों की समीक्षा करने का भी निर्देश दिया है।

**भारत-अमेरिका रिश्तों पर बोले कोल्बी**

## दोनों देशों के साझा हितों पर टिका खुला व्यापार व स्वतंत्रता के पक्ष में



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच भारत दौरे पर आएं अमेरिकी युद्ध नीति उप सचिव एल्ब्रिज कोल्बी ने दिल्ली में आयोजित एक विशेष सत्र में भारत-अमेरिका संबंधों को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि आज की दुनिया में विदेश नीति व्यावहारिक होनी चाहिए और उसका फोकस नतीजों पर होना चाहिए। उन्होंने भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की बात का जिक्र करते हुए कहा कि आज के हालात में देशों को लचीली और परिस्थिति के हिसाब से रणनीति अपनानी चाहिए। कोल्बी ने भारत फर्स्ट और इंडिया वे नीति की तारीफ की। उन्होंने कहा कि भारत फर्स्ट का मतलब है कि भारत अपनी विदेश नीति में सबसे पहले अपने राष्ट्रीय हितों को रखता है। इंडिया वे का मतलब है कि भारत अपने फैसले व्यावहारिक सोच और वास्तविक हालात को ध्यान में रखकर लेता है।

### दोनों देशों के हित बड़े मुद्दों पर एक

कोल्बी ने कहा कि भारत और अमेरिका के रिश्ते की सबसे बड़ी ताकत यह है कि यह केवल औपचारिकताओं पर आधारित नहीं है, बल्कि दोनों देशों के साझा हितों पर टिका है। कोल्बी ने कहा कि भारत और अमेरिका को हर मुद्दे पर सहमत होना जरूरी नहीं है। कोल्बी ने कहा कि सबसे जरूरी यह है कि दोनों देशों के हित और लक्ष्य बड़े मुद्दों पर एक जैसे होते जा रहे हैं। उन्होंने जोर दिया कि मतभेद होने के बावजूद रणनीतिक सहयोग मजबूत किया जा सकता है। दोनों देशों के रिश्ते दिखावे पर नहीं, बल्कि लंबे समय के साझा हितों पर आधारित हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि भारत और अमेरिका दोनों चाहते हैं कि भारत-प्रशांत क्षेत्र में कोई एक देश हावी न हो। साथ ही, दोनों देश खुला व्यापार और अपनी-अपनी स्वतंत्रता बनाए रखने के पक्ष में हैं।

**सीमा पर बढ़ी भारतीय सेना की ताकत**

## पिनाका रॉकेट लॉन्चर की नई रेजिमेंट शुरू, 7 ऑपरेशनल, एक और जल्द ही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना ने पिनाका मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चर का एक और रेजिमेंट शुरू किया है। इनको मिलाकर अभी भारतीय सेना के पास पिनाका मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चर के कुल सात रेजिमेंट ऑपरेशनल हो चुके हैं। संवेदनशील सीमावर्ती इलाकों में इस घातक रॉकेट लॉन्चर की तैनाती ने भारतीय सेना की मारक क्षमता को और भी ज्यादा घातक बना दिया है। भारतीय सेना पिनाका मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चर की तैनाती भारत-पाकिस्तान सीमा से लेकर वास्तविक नियंत्रण रेखा तक पर कर रही है। ऐसे अतिरिक्त आठ



पिनाका रॉकेट लॉन्चर

पिनाका रेजिमेंट और तैयार हो रहे हैं और इस साल के अंत तक उन्हें भी शुरू कर दिए जाने की संभावना है। एक पिनाका लॉन्चर रेजिमेंट में आम तौर पर तीन बैटरियां होती हैं। प्रत्येक बैटरी में 6 पिनाका लॉन्चर होते हैं। इस तरह से युद्ध के लिए एक रेजिमेंट में 18 पिनाका लॉन्चर शामिल होते हैं। इसके अलावा दो अतिरिक्त लॉन्चर ट्रेनिंग और युद्ध के समय रिप्लेसमेंट के लिए भी रखे जाते हैं।

**पीएमएलए के तहत साइबर अपराध के 257 केस सामने आए**

# 35925 करोड़ की 'आपराधिक आय' एकत्रित की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत साइबर अपराध से संबंधित लगभग 257 मामले सामने आए हैं। ईडी ने इन मामलों की जांच शुरू की है। इन केसों में मनी लॉंड्रिंग के जरिए 35925 करोड़ रुपए की 'आपराधिक आय' एकत्रित की गई है। प्रवर्तन निदेशालय और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों (एलईए) के बीच सूचना साझा करने/ प्रसारित करने की एक स्थापित व्यवस्था है। इसके परिणामस्वरूप 21,857 से अधिक आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है और साइबर जांच सहायता के लिए 149636 से अधिक अनुरोध प्राप्त हुए हैं। गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार ने लोकसभा में यह बात कही।

### राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल शुरू किया गया



बंदी संजय कुमार



साइबर अपराधी

गृह मंत्रालय ने देश में सभी प्रकार के साइबर अपराधों से समन्वित और व्यापक तरीके से निपटने के लिए एक संबद्ध कार्यालय के रूप में 'भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र' (आई4सी) की स्थापना की है। आई4सी के एक भाग के रूप में 'राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल' शुरू किया गया है। यहां पर जनता सभी प्रकार के साइबर अपराधों से संबंधित घटनाओं की रिपोर्ट कर सकती है। इसमें महिलाओं और बच्चों के खिलाफ साइबर अपराधों पर विशेष ध्यान दिया गया है। पोर्टल पर रिपोर्ट की गई साइबर अपराध की घटनाओं को एफआईआर में परिवर्तित किया जाता है।

### 8,690 करोड़ से अधिक की राशि बचाई

आई4सी के अंतर्गत 'नागरिक वित्तीय साइबर धोखाधड़ी रिपोर्टिंग और प्रबंधन प्रणाली' को वित्तीय धोखाधड़ी की तत्काल रिपोर्टिंग और जालसाजों द्वारा धन की हेराफेरी को रोकने के लिए वर्ष 2021 में शुरू किया गया था। इस प्रणाली के अनुसार, 31 जनवरी 2026 तक 24.65 लाख से अधिक शिकायतों में 8,690 करोड़ रुपए से अधिक की वित्तीय राशि बचाई जा चुकी है।

### 9518.91 करोड़ के लेन-देन अस्वीकृत

साइबर अपराधियों की पहचान करने वाले संदिग्धों का रजिस्टर आई4सी द्वारा बैंकों/ वित्तीय संस्थानों के सहयोग से 10 सितंबर 2024 को शुरू किया गया। 31 जनवरी 2026 तक, बैंकों से प्राप्त 23.05 लाख से अधिक संदिग्ध पहचानकर्ताओं का डेटा और 27.37 लाख लेयर 1 म्यूल खातों का डेटा संदिग्ध रजिस्टर में शामिल संस्थाओं के साथ साझा किया गया है। इसके चलते 9518.91 करोड़ रुपए के लेन-देन अस्वीकृत किए गए हैं।




# लोगों को बस बोलने का बहाना चाहिए होता है : राकेश बेदी

**मुंबई।** राकेश बेदी इन दिनों फिल्म 'धुरंधर 2' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। राकेश और उनकी सह-कलाकार सारा अर्जुन का एक वीडियो फिर से सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें वह सारा के कंधे पर किस करते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो पर अब राकेश ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।उन्होंने कहा, 'लोगों को बस बोलने का बहाना चाहिए होता है। कुछ लोग तो बस कहते रहते हैं। शुक्र है, कई लोगों ने मेरा बचाव भी किया। 71 साल के मशहूर अभिनेता राकेश बेदी इन दिनों अपनी फिल्म 'धुरंधर 2' की सफलता का आनंद ले रहे हैं। फिल्म ने अब तक 500 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। पिछले साल नवंबर में 'धुरंधर'के ट्रेलर लॉन्च के समय एक वीडियो वायरल हुआ था।

लाइफ Style

# अनीत

## रैंप वॉक और नए फैशन ने पिटवा दी भद



'सैयारा' फिल्म में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाने वाली अनीत पड्डा की रैंप वॉक पर लोग तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं। उनकी एक्टिंग की तो खूब तारीफ हुई, लेकिन रैंप वॉक और नए फैशन ने भद पिटवा दी।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'सैयारा' फिल्म से हर दिल पर छाने वाली एक्ट्रेस अनीत पड्डा भले ही कितनी भी टैलेंटेड क्यों न हों, लेकिन एक्टिंग के अलावा जब बात रैंप वॉक की आती है तो उनकी भद पिट जाती है। 'पेरो' के लिए शो का समापन करने वाली अनीत पड्डा अपनी रैंप वॉक के वीडियो वायरल होने के तुरंत बाद ऑनलाइन चर्चा का केंद्र बन गईं। हालांकि, यह युवा एक्ट्रेस के लिए फैशन जगत में एक बड़ा पल था, लेकिन ऑनलाइन उन्हें लेकर अलग ही बातें हो रही हैं। उनके रैंप वॉक को लेकर फिर से लोग काफी कुछ कह रहे हैं। कुछ ही घंटों में, शोस्टॉपर वॉक ट्रेंडिंग टॉपिक बन गई, खासकर रेडिट और इंस्टाग्राम पर। अनीत पड्डा ने लैक्मे की 'जेन जी' एंबेसडर के रूप में एक नीले और सफेद रंग के ड्रेस में रैंप वॉक किया, जो पेरो की सिग्नेचर स्टाइल को दिखाता है। इस लुक में टेक्सचर्ड एप्लिक वर्क वाली ड्रेस के ऊपर एक क्रॉप जैकेट पहनी गई थी, जो सॉफ्ट स्ट्रक्चर, बारीक डिटेलिंग से तैयार की गई थी। यह आउटफिट ग्लैमरस ड्रामा के बजाय युवा और थोड़ा चंचल अंदाज में था, जो लेबल की डिजाइन शैली से मैच कर रहा था। हालांकि, कई लोगों को यह स्टाइल उतना पसंद नहीं आया जितना सोचा गया था। साथ ही, अनीत की वॉक भी काफी ज्यादा बातों में रही। कई यूजर्स को लगा कि यह ड्रेस उनके शरीर पर जंच नहीं रही है, जबकि कुछ ने कपड़ों की बनावट और इसके मेल पर सवाल उठाए। एक कमेंट में लिखा था- वाह, यह बिल्कुल भी सही नहीं है। स्टाइलिंग बहुत अजीब है। चलने का तरीका भी अजीब है।



## देसी गर्ल का ब्लैक ड्रेस में दिखा स्वैग...

**मुंबई।** प्रियंका चोपड़ा ने मिलान में आयोजित एक इवेंट में शिरकत की। जहां पर प्रियंका के अलावा हॉलीवुड स्टार ऐनी हैथवे और दुआ लिपा के अलावा कई स्टार्स ने अपने लुक से सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में एक इवेंट में शिरकत की। इस दौरान प्रियंका ने ब्लैक स्ट्रैपलेस गाउन और स्लीक बन हेयरस्टाइल के साथ चमचाती ज्वेलरी में एक नया ट्रेंड सेट कर दिया है।

# रैपर बादशाह ने ईशा के साथ गुपचुप तरीके से रचाई शादी



*मुंबई। चर्चित सिंगर और रैपर बादशाह ने शादी रचा ली है। बादशाह की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। सिंगर ने ईशा रिखी के साथ गुपचुप तरीके से शादी रचाई है। यह बादशाह की दूसरी शादी है। इससे पहले उन्होंने जैस्मिन मसीह से शादी की थी। हालांकि, छह साल पहले दोनों का तलाक हो चुका है। अब ईशा के साथ उन्होंने जिंदगी का नया सफर शुरू किया है। बादशाह जहां म्यूजिक की दुनिया का बड़ा नाम हैं, वहीं उनकी दुल्हनिया ईशा रिखी का सिक्का अभिनय की दुनिया में चलता है। वे मॉडल और एक्ट्रेस हैं। ईशा रिखी का जन्म 9 सितंबर 1993 को चंडीगढ़ में हुआ था। उनकी स्कूलिंग चंडीगढ़ से ही हुई है। वहीं, से पंजाब यूनिवर्सिटी से बैचलर डिग्री हासिल की। 12वीं क्लास में ईशा ने मॉडलिंग शुरू कर दी थी। इसके बाद पंजाबी पंजाबी फिल्मों से करियर की शुरुआत की। पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में ईशा रिखी बड़ा नाम हैं। उन्होंने सिप्पी गिल के साथ पंजाबी फिल्म 'जट्ट बॉयज पुट जट्टान डे' (2013) से अपने करियर की शुरुआत की थी। ईशा पंजाबी एक्टर अमरिंदर गिल के साथ 'हैप्पी गो लकी' (2014) में नजर आ चुकी हैं। इसके अलावा उन्होंने कई अन्य चर्चित पंजाबी फिल्मों में काम किया है। ईशा रिखी मॉडल भी हैं। फिल्मों के अलावा वे कई विज्ञापनों में नजर आ चुकी हैं। ईशा अक्षय कुमार और सोनम कपूर के साथ विज्ञापन कर चुकी हैं। बॉलीवुड के शहंशाह अमिताभ बच्चन के साथ भी वे एक ज्वैलरी ब्रांड के विज्ञापन में नजर आ चुकी हैं। ईशा रिखी ने साल 2018 में फिल्म 'नवाबजादे' से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू किया।*


**कार्यालय थाना प्रभारी थाना मिसरोद नगरीय पुलिस भोपाल**

क्रमांक / था.प्र/मिसरोद/ भो/डी/329/2026 — दिनाँक 15/03/2026

**जाहिर सूचना**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख कर निवेदन है कि थाना मिसरोद पर दिनाँक 31/12/2025 को सूचक राघवेन्द्र मैना पिता स्व उदेश मैना उम्र 34 साल निवासी निर्मल स्टेट की झुग्गी भैरोपुर मिसरोद भोपाल कि सूचना पर थाना मिसरोद भोपाल मे मर्ग क्रमांक 103/25 धारा 194 बीएनएसएस का पंजीबध्द कर जाँच मे लिया गया। गुमशुदा मृतक के परिजनो की तलाश के संभव प्रयास किये जा रहे है।

जिसका हुलिया उंचाई 5 फीट 5 इंच व दुबला पतला है। रंग गेंहुआ, चेहरा लम्बा आखे सामान्य व बाल काले जो कद करीबन 5 फुट 5 इंच शरीर दुबला पतला रंग गोरा है जो फुल टी शर्ट व नीले रंग की जींस शरीर पर पहने है। जिसके सिर पर बाल बडे है व काले है दाडी नही है। मृतक के तलाश पता रसी के हर संबव प्रयास किये गये जो कोई जानकारी मही मिली जिस व्यक्ति को जानकारी गो थाना मिसरोद भोपाल आकर जानकारी देवे अथवा दुरभाष क्रमांक 7049104626 व जाँच कर्ता प्रआर 1485 नीरज चौबे 7987054642 पर तत्काल संपर्क करें।

थाना मिसरोद दुरभाष क्रमांक – 7049104626

प्रआर 1485 नीरज चौबे 7987054642

थाना प्रभारी
थाना मिसरोद भोपाल

जी - 27814/25 — स्वच्छता ही सेवा



**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**

**// आम सूचना //**

अशोका गार्डन हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भवन क्रमांक 58 ए-सेक्टर मण्डल द्वारा श्री सुरेन्द्र जैन आत्मज श्री शांति प्रसाद जैन के नाम पर हस्तान्तरण आदेश क्र. 5330-34 दिनांक 14/10/2015 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 28/06/2012 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। आवंटी द्वारा लीज नवीनीकरण दिनांक 07/03/2018 को उप पंजीयक कार्यालय में पंजीकृत करवा ली गई है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्री आशीष कुमार जैन आत्मज श्री कमल कुमार जैन एवं श्रीमती रीनू जैन पत्नी श्री मनीष जैन के संयुक्त नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 31/03/2018 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्री आशीष कुमार जैन आत्मज श्री कमल कुमार जैन एवं श्रीमती रीनू जैन पत्नी श्री मनीष जैन के संयुक्त नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2. भोपाल**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**
**जोन क्रं. - 08 , यांत्रिकी शाखा**
**// निविदा आमंत्रण सूचना पत्र //**

क्र. 172/यां/वि/2026 — भोपाल, दिनांक – 23.03.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण Website http://www.mptenders.gov.in पर है।

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (राशि रू लाख में) | निविदा क्रय करने की अंतिम दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD _477146_3 | Asphalting of Road from Shivaji Parisar to Zahid Khan house infront of Kundan Punabi House and Near by Places of W-29, Z-08, 2025204221 Third Call | 8,92,138/- | 30.03.2026 | 05:30 PM |

1. Interested bidders can view the NIT on website https://www.mptenders.gov.in/
2. Amendments to NIT, if any, would be publish websithttps://www.mptenders.gov.in/only, and not in newspaper.

नि.क्र. : 3358/025/026

कार्यपालन यंत्री (सिविल)
नगर पालिक निगम भोपाल


# पैपराजी ने बहन को समझ लिया बीबी



मुंबई। फरदीन खान का एक वीडियो इस वक्त काफी चर्चा में है जिसमें उनके साथ नजर आ रही लेडी को लोग उनकी पत्नी बता रहे हैं। सोमवार को मुंबई में एक अवॉर्ड फंक्शन में पपाराजी के सामने पोज़ देते हुए फरदीन खान ने फाइनली लोगों की कन्फ्यूजन को दूर किया। दोनों कैमरे पर काले रंग के लिबास में ट्विनिंग करते दिखे। साथ में पोज़ देते हुए लोगों ने जिन्हें फरदीन खान की पत्नी बताया, उनके बारे में एक्टर ने कहा- ये बहन है, बीवी नहीं है। दरअसल, इस मौके पर फरदीन अपनी बहन लैला खान के साथ नज़र आए। पैपराजी ने लैला को फरदीन की पत्नी समझ लिया। फरदीन एक वीडियो में उनकी इसी गलती को सुधारते दिख रहे हैं। वीडियो में फरदीन कहते दिख रहे हैं, 'ये बहन है मेरी, बीवी नहीं। बहुत सारे सोशल मीडिया हैंडल्स पर आप लोग लिखते हो ये मेरी बीवी है।' ये सुनकर उनकी बहन जोर से हंस पड़ती हैं और फरदीन भी हंसते हुए नजर आते हैं।

## सम्मान

# मुंबई में अमानते की सीईओ रत्नाभा शर्मा को मिला फेमिना गेम चेंजर अवॉर्ड 2026



**भोपाल/मुंबई।** भोपाल के प्रीमियम हॉस्पिटैलिटी ब्रांड अमानते के लिए यह गर्व का क्षण रहा, जब इसकी सीईओ रत्नाभा शर्मा को मुंबई में आयोजित एक भव्य समारोह में फेमिना गेम चेंजर अवॉर्ड 2026 से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान, नवाचारपूर्ण सोच और अमांते को एक विशिष्ट प्रीमियम सेलिब्रेशन डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करने के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम में यह सम्मान प्रसिद्ध अभिनेत्री शेफाली शाह द्वारा प्रदान किया गया। इस उपलब्धि के साथ अमानते ने न केवल भोपाल, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी मजबूत पहचान दर्ज कराई है।

इस अवसर पर रत्नाभा शर्मा ने कहा कि यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि पूरी अमानते टीम का है। हमारा उद्देश्य हमेशा से लोगों को एक ऐसा एक्सपीरिएंस देना रहा है जो यादगार हो। हम आने वाले समय में अमानते को देश के प्रमुख शहरों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अमानते भोपाल में एक प्रमुख प्रीमियम डाइनिंग और सेलिब्रेशन डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित हो चुका है, जहां ग्लोबल क्यूज़ीन, रूफटॉप एक्सपीरिएंस, क्लब और कस्टमाइज्ड सेलिब्रेशन की सुविधाएं उपलब्ध हैं। यह उपलब्धि न केवल ब्रांड की सफलता को दर्शाती है, बल्कि महिला नेतृत्व और उद्यमिता के क्षेत्र में भी एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करती है।


**कार्यालय कलेक्टर जिला-भोपाल एवं समुचित सरकार**
**मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग**

**क्र./952/भू-अर्जन/2026** — **भोपाल, दिनांक :18.03.2026**
**राजस्व प्रकरण क्रमांक : 27/अ-82/2025-26**

**प्रारंभिक अधिसूचना**

चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि नीचे दी गई अनुसूची क्रमांक (1) में जिला- भोपाल, तहसील- कोलार के ग्राम पिपलिया केशो की निजी भूमि के भू-अधिग्रहण हेतु कॉलम (6) में वर्णित भूमि, जिसका खसरा क्रमांक वार का विवरण, अनुसूची (2) के खाने (1) से (7) में वर्णित है, अनुसूची (1) के कॉलम (8) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है। अतः **भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा-11 की उपधारा (1)** के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि कोई भी व्यक्ति इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इस अधिनियम के अधीन कार्यवाहियों के पूरा हो जाने तक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई संव्यवहार नहीं करेगा, या कोई संव्यवहार नहीं कराएगा अथवा ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इस अध्याय के अधीन कार्यवाहियों के पूरा हो जाने के समय उस भूमि पर कोई विलंगम सृजित नहीं करेगा। राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची (1) के खाने (7) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के सम्बन्ध में धारा-12 द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने हेतु प्राधिकृत करता है।

यह कार्य भोपाल शहर में पश्चिमी भोपाल बायपास 4 लेन मार्ग के मय पेव्हड शोल्डर निर्माण के लिए है, जो मध्यप्रदेश शासन लोक निर्माण विभाग मंत्रालय, भोपाल से स्वीकृत है। अधिनियम की धारा 4 के अंतर्गत सामाजिक समाघात अध्ययन किया गया, सामाजिक समाघात अध्ययन रिपोर्ट का मूल्यांकन, भू-अर्जन अधिनियम की धारा 7 के तहत विशेषज्ञ समूह द्वारा कराया गया, जिसमें विशेषज्ञ समूह द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि उक्त परियोजना एक बृहद लोक प्रयोजन की परियोजना है, जिसका निर्माण होने से स्थानीय क्षेत्र का विकास होगा, यह परियोजना क्षेत्रीय विकास के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है। परियोजना निर्माण से क्षेत्र में सुलभ एवं सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित होगा एवं सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा जो कि लोकहित में है, अत: परियोजना से संभावित फायदे सामाजिक समाघातों की तुलना में बहुत अधिक है। परियोजना में किसी भी परिवार का विस्थापन होने की संभावना नहीं होने से अधिनियम की धारा 43 के तहत प्रशासक की नियुक्ति आवश्यक नहीं है।

**अनुसूची (1)**

| क्र. सं. | जिला | तहसील | ग्राम | कुल रकबा (हेक्टे. में) | भू-अर्जन का रकबा (हेक्टे. में) | धारा 12 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
| 1 | भोपाल | कोलार | पिपलिया केशो | 31.7530 हे. | 8.9514 हे. | संभागीय प्रबंधक संभाग भोपाल म.प्र. सड़क विकास निगम,भोपाल | पश्चिमी भोपाल बायपास 4 लेन मय पेव्हड शोल्डर मार्ग निर्माण कार्य ( लंबाई 35.61 कि.मी.) |

**अनुसूची (2)**
**ग्राम का नाम - पिपलिया केशो, तहसील- कोलार, जिला - भोपाल**

| क्र. सं. | भूमि स्वामी का नाम | खसरा क्रमांक | कुल रकबा (हेक्टे. में) | अर्जन हेतु प्रस्तावित रकबा (हेक्टे. में) | भूमि की प्रकृति | भूमि का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |
| 1. | राजमल पिता मिश्री लाल | 144 | 0.6500 | 0.0572 | निजी | सिंचित |
| 2. | गोविन्द सिंह पिता बटनलाल | 146 | 0.5500 | 0.1917 | निजी | सिंचित |
| 3. | नवीन मीना पिता स्व. श्री हरी सिंह मीना | 147/1 | 0.1600 | 0.1551 | निजी | असिंचित |
| 4. | जितेन्द्र मीना पिता स्व. श्री हरि सिंह मीना | 147/2 | 0.1500 | 0.0351 | निजी | असिंचित |
| 5. | शिवराज सिंह पिता राजमल | 149 | 0.9700 | 0.2687 | निजी | सिंचित |
| 6. | श्रीमती सौरम मीना पत्नी स्व. रघुवीर सिंह एवं दीपक रंजीत नीतू पुत्र पुत्रियां स्व. रघुवीर सिंह | 150/1 | 0.0700 | 0.1895 | निजी | असिंचित |
| 7. | प्रीतम सिंह मारन पुत्र ठाकुर प्रसाद मारन 1/5, छगनसिंह मारन पुत्र ठाकुर प्रसाद मारन 1/5, गुलाब सिंह मारन पुत्र ठाकुर प्रसाद मारन 1/5, दलसिंह मारन पुत्र ठाकुर प्रसाद मारन 1/5, जगदीश मारन पुत्र ठाकुर प्रसाद मारन 1/5 | 150/2 | 0.8100 | | निजी | सिंचित |
| 8. | सुमेर सिंह पिता बटन लाल | 151 | 0.4500 | 0.0920 | निजी | असिंचित |
| 9. | नवीन मीना पिता स्व. श्री हरी सिंह मीना | 152/1 | 0.1600 | 0.0956 | निजी | असिंचित |
| 10. | नवीन मीना पिता स्व. श्री हरी सिंह मीना | 141/1 | 0.4100 | 0.0264 | निजी | सिंचित |
| 11. | श्रीमती फूलवती पत्नी सुमेर सिंह मीना 1/2, श्रीमती विमलाबाई पत्नी हरीसिंह मीना 1/2 | 143 | 0.6600 | 0.1419 | निजी | सिंचित |
| 12. | भागीरथ पिता बालाप्रसाद (4750/8800), राज कुमार मीना पिता जगदीश मीना(4050/8800) | 131 | 0.8800 | 0.1111 | निजी | सिंचित |
| 13. | सिमरन सिंह गोरेवारा पिता श्री हरपाल सिंह गोरेवारा | 133/1 | 0.0250 | 0.2632 | निजी | असिंचित |
| 14. | चेतन पाटीदार पिता श्री रमेशचंद्र पाटीदार | 133/2 | 1.2150 | | निजी | असिंचित |
| 15. | रंजीत सिंह पुत्र सरदार अमरीक सिंह | 132 | 1.0400 | 0.6858 | निजी | असिंचित |
| 16. | रंजीत सिंह पुत्र सरदार अमरीक सिंह | 136 | 0.2000 | 0.0939 | निजी | असिंचित |
| 17. | श्रीमति सावित्री देवी पति गोरेलाल | 135/1 | 0.8000 | 0.4612 | निजी | असिंचित |
| 18. | श्रीमती सुरेन्दर कौर पति सरदार रंजीत सिंह | 135/2 | 0.4000 | | निजी | असिंचित |
| 19. | रंजीत सिंह पुत्र सरदार अमरीक सिंह | 139 | 0.3500 | 0.0451 | निजी | असिंचित |
| 20. | प्रीतम सिंह मारन पुत्र ठाकुर प्रसाद मारन 1/5, छगनसिंह मारन पुत्र ठाकुर प्रसाद मारन 1/5, गुलाब सिंह मारन पुत्र ठाकुर प्रसाद मारन 1/5, दलसिंह मारन पुत्र ठाकुर प्रसाद मारन 1/5, जगदीश मारन पुत्र ठाकुर प्रसाद मारन 1/5 | 153/1 | 0.7253 | 0.0303 | निजी | सिंचित |
| 21. | श्री अमित तिवारी पिता श्री ओमप्रकाश तिवारी | 153/2 | 0.2147 | | निजी | सिंचित |
| 22. | श्रीमती विमलाबाई पत्नी देशराज सिंह | 199 | 0.4200 | 0.2335 | निजी | सिंचित |
| 23. | श्री प्रशांत चित्रे पिता श्री रामचंद्र चित्रे (498/2300), श्रीमती विमलाबाई पत्नी देशराज सिंह (1802/2300) | 200/1 | 0.2300 | 0.4314 | निजी | सिंचित |
| 24. | श्री प्रशांत चित्रे पिता श्री रामचंद्र चित्रे (231/5700), श्रीमती विमलाबाई पत्नी देशराज सिंह (5469/5700) | 200/2 | 0.5700 | | निजी | सिंचित |
| 25. | मेहताब सिंह पिता जगन्नाथ पाटीदार | 218 | 0.4000 | 0.0002 | निजी | सिंचित |
| 26. | देवेश चौहान पिता श्री सीताराम ठाकुर | 208 | 0.5000 | 0.0744 | निजी | असिंचित |
| 27. | देवेश चौहान पिता श्री सीताराम ठाकुर | 207 | 0.1400 | 0.0609 | निजी | असिंचित |
| 28. | सीताराम ठाकुर पिता अच्छेलाल ठाकुर | 206/2 | 0.1010 | 0.1010 | निजी | असिंचित |
| 29. | लखनलाल मीना पुत्र बालाप्रसाद | 206/1 | 0.0290 | 0.0290 | निजी | असिंचित |
| 30. | श्रीमती विमलाबाई पत्नी देशराज सिंह | 205/1/1 | 0.1300 | 0.6129 | निजी | असिंचित |
| 31. | सीताराम ठाकुर पिता अच्चेलाल ठाकुर | 205/1/2 | 0.2000 | | निजी | असिंचित |
| 32. | श्रीमति कृष्णा चौहान पत्नी एस आर चौहान | 205/2 | 0.4200 | | निजी | असिंचित |
| 33. | देशराज सिंह पिता जगन्नाथ सिंह | 203 | 0.4500 | 0.0798 | निजी | सिंचित |
| 34. | प्रकाश पिता बद्रीप्रसाद मीना | 123/1 | 1.6000 | 0.1290 | निजी | सिंचित |
| 35. | उमेशसिंह पिता मन्नूलाल 1/2, बृजलाल पिता मन्नूलाल 1/2 | 123/2 | 0.0800 | | निजी | सिंचित |
| 36. | प्रकाश पिता बद्रीप्रसाद मीना | 123/3 | 0.2000 | | निजी | सिंचित |
| 37. | प्राण सिंह पिता विश्राम सिंह | 123/5 | 0.4000 | 0.0312 | निजी | सिंचित |
| 38. | प्रीतम सिंह पिता गंगाराम | 123/4 | 0.2900 | 0.0945 | निजी | सिंचित |
| 39. | राकेश मीना पिता राजमल मीना | 242 | 0.6600 | 0.2947 | निजी | असिंचित |
| 40. | राजेश मीना पिता राजमल मीना | 243 | 0.7200 | 0.3631 | निजी | सिंचित |
| 41. | विमल सिंह पुत्र देवी सिंह | 241 | 0.2600 | 0.2011 | निजी | असिंचित |
| 42. | दिनेन्द्र पाराशर पुत्र वंशीधर पाराशर (557/9410), राजमल पुत्र देवीसिंह(8853/9410) | 240/1/1 | 0.9410 | 0.0256 | निजी | असिंचित |
| 43. | संगीता पाराशर पत्नी दिनेन्द्र पाराशर | 240/1/2 | 0.0920 | | निजी | असिंचित |
| 44. | श्रीमती सविता सक्सेना पत्नी सुनील सक्सेना | 240/2 | 0.0320 | | निजी | असिंचित |
| 45. | राजदुलारी परिता पत्नी जयसिंह परिता जयसिंह आ हीरालाल | 240/3 | 0.0180 | | निजी | असिंचित |
| 46. | पुनीत पाठक पिता डी एस पाठक | 240/4 | 0.0370 | | निजी | असिंचित |
| 47. | श्यामबाई पुत्री इमरतलाल 1/5, गनेशीबाई बेवा इमरतलाल 1/5, शिवप्रसाद पुत्र इमरतलाल 1/5, रामकिशन पुत्र इमरतलाल 1/5, दौलतराम पुत्र इमरतलाल 1/5, | 248 | 1.2800 | 0.5006 | निजी | असिंचित |
| 48. | गोविन्द सिंह पिता बटनलाल | 264/1 | 1.2400 | 0.0191 | निजी | असिंचित |
| 49. | सुमेर सिंह पिता बटन लाल | 264/2 | 0.8100 | 0.5541 | निजी | असिंचित |
| 50. | सुमेर सिंह पिता बटन लाल | 266/1 | 1.4390 | 0.4440 | निजी | सिंचित |
| 51. | फरहा खान पत्नी खालिद खान | 266/2 | 0.1410 | | निजी | सिंचित |
| 52. | गजराज सिंह पिता राजमल | 260/2 | 1.5600 | 0.1333 | निजी | सिंचित |
| 53. | नवीन मीना पिता स्व. श्री हरी सिंह मीना | 263/1 | 1.1500 | 0.6607 | निजी | असिंचित |
| 54. | जितेन्द्र मीना पिता स्व. श्री हरि सिंह मीना | 263/2 | 0.5400 | 0.3590 | निजी | असिंचित |
| 55. | जितेन्द्र मीना पिता स्व. श्री हरि सिंह मीना | 265 | 0.2300 | 0.1651 | निजी | असिंचित |
| 56. | जितेन्द्र मीना पिता स्व. श्री हरि सिंह मीना | 267/1/1 | 0.3900 | 0.0704 | निजी | सिंचित |
| 57. | अनिल मीना पिता स्व. श्री हरी सिंह मीना | 267/1/2 | 0.9730 | | निजी | सिंचित |
| 58. | लखनलाल मीना पुत्र बालाप्रसाद | 291/1 | 1.6170 | 0.1883 | निजी | सिंचित |
| 59. | लखनलाल मीना पुत्र बालाप्रसाद | 291/2 | 0.1730 | | निजी | सिंचित |
| 60. | मुकेश कुमार पुत्र बालाप्रसाद | 292 | 0.4000 | 0.1507 | निजी | सिंचित |
| | | **कुल योग** | **31.7530** | **8.9514** | | |

अधिनियम की धारा-15 (1) के अधीन यथा उपबंधित **इस सूचना की तारीख से 60 (साठ) दिनों के भीतर** किसी भी इच्छुक व्यक्ति द्वारा भूमि अर्जन के संबंध में कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) तहसील कोलार जिला भोपाल के समक्ष में आक्षेपों यदि कोई हो तो फाइल किये जा सकेंगे। भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (रा.) तहसील कोलार जिला भोपाल कार्यालय में देखा जा सकता है।

**नोट :-** उपरोक्त भू-अर्जन हेतु प्रस्तावित भूमि के क्षेत्रफल में कमी या वृद्धि संभावित है।

**म.प्र. के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार**
**हस्ता./- (कौशलेन्द्र विक्रम सिंह)**
**कलेक्टर एवं पदेन सचिव**
**म.प्र. शासन, राजस्व विभाग, भोपाल (म.प्र.)**

म.प्र. माध्यम/125057/2026

# 15 हजार करोड़ में बिकी राजस्थान रॉयल्स, अमेरिकी बिजनेसमैन ने खरीदी टीम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इतिहास की सबसे बड़ी डील सामने आई है, जहां राजस्थान रॉयल्स को एक अमेरिकी बिजनेसमैन ने रिकॉर्ड कीमत में खरीद लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह सौदा करीब 15000 करोड़ रुपए से भी ज्यादा में हुआ है, जिसने क्रिकेट जगत में हलचल मचा दी है।

दरअसल, अमेरिका में बसे एंटरप्रेन्योर काल सोमानी ने एक बड़े निवेशक समूह (कंसोर्टियम) के साथ मिलकर राजस्थान रॉयल्स को लगभग 1.63 बिलियन डॉलर यानी करीब 15300 करोड़ रुपये में खरीद लिया है। बताया जा रहा है कि इस कंसोर्टियम को वॉलमार्ट फैमिली और हैम्प फैमिली का भी सपोर्ट है।

### आईपीएल की सबसे बड़ी डील


यह डील आईपीएल इतिहास की अब तक की सबसे बड़ी फ्रेंचाइजी डील मानी जा रही है। इससे पहले टोरेंट ग्रुप ने गुजरात टाइटंस में 67% हिस्सेदारी करीब 5025 करोड़ रुपए में खरीदी थी, जिसकी कुल वैल्यू लगभग 7500 करोड़ रुपए आंका गया था। ऐसे में राजस्थान रॉयल्स की यह डील उससे दोगुनी से भी ज्यादा साबित हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, यह सौदा आईपीएल 2026 सीजन के बाद लागू होगा। फिलहाल टीम की कमान ब्रिटिश-इंडियन बिजनेसमैन मनोज बदाले के पास है, जिनकी कंपनी इमर्जिंग मीडिया वेंचर्स के पास करीब 65% हिस्सेदारी है। इसके अलावा रेडबर्ड कैपिटल पार्टनर्स और लैकलन मर्डोक जैसे बड़े निवेशक भी इसमें शामिल हैं।




### मोटर सिटी गोल्फ क्लब के को-ओनर हैं सोमानी

काल सोमानी अमेरिका के एरिजोना स्थित स्कॉट्सडेल के रहने वाले एक सफल बिजनेसमैन हैं, जिन्हें टेक्नोलॉजी, डेटा प्राइवेसी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और स्पोर्ट्स टेक सेक्टर में 15 साल से ज्यादा का अनुभव है। स्पोर्ट्स में भी उनकी गहरी दिलचस्पी रही है। वे मोटर सिटी गोल्फ क्लब के को-ओनर हैं। खास बात यह है कि सोमानी पहले से ही 2021 से राजस्थान रॉयल्स से जुड़े हुए थे और अब उन्होंने पूरी हिस्सेदारी लेकर टीम की कमान संभालने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। इस डील से साफ है कि आईपीएल की ब्रांड वैल्यू लगातार नई ऊंचाइयों को छू रही है और आने वाले समय में इसमें और बड़े ग्लोबल निवेश देखने को मिल सकते हैं।

### आकाशदीप और एडवर्ड्स की जगह खेलेंगे दुबे और पेन

**नई दिल्ली।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने 28 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल से पहले चोटिल आकाश दीप और जैक एडवर्ड्स की जगह सौरभ दुबे और डेविड पेन को शामिल किया है। भारतीय तेज गेंदबाज आकाश दीप चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हैं। वह बेंगलुरु में उत्कृष्टता केंद्र में बीसीसीआई की मेडिकल टीम की देखरेख में रहेंगे। आईपीएल में कहा गया,'बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सौरभ केकेआर में आकाश की जगह लेंगे। वह 30 लाख रुपए में केकेआर से जुड़ेंगे।' विदर्भ के 28 वर्ष के सौरभ ने अभी आईपीएल में पदार्पण नहीं किया है । वह पहले एसआरएच का हिस्सा थे। इस बीच इंग्लैंड के तेज गेंदबाज पेन को एसआरएच ने जैक एडवर्ड्स की जगह लिया है, जो पैर की चोट के कारण बाहर हैं। उन्हें पहले एसआरएच ने तीन करोड़ रुपए में खरीदा था।

## खबर संक्षेप



### इंग्लैंड का कप्तान बनना बड़ा सम्मान : स्टोक्स

**लंदन।** इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने पिछले तीन महीने को अपनी कप्तानी का सबसे कठिन दौर बताया लेकिन यह भी दोहराया कि वह कोच ब्रेंडन मैकुलम के साथ मिलकर टीम को फिर से तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। स्टोक्स ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'इंग्लैंड का कप्तान बनना एक खिलाड़ी के लिए सबसे बड़ा सम्मान है और मैं इसे हलके में नहीं लेता। इसके अपने उतार चढ़ाव हैं। यह आपको मुस्कुराने के मौके देता है तो रूलाता भी है।' उन्होंने लिखा,' कई बार लगता है कि आपके जीवन में बस यही चीज बची है। पिछले तीन महीने कप्तानी के मेरे सफर का सबसे कठिन दौर रहा। इसने कई तरह से मेरी परीक्षा ली और मुझे यकीन है कि हर कप्तान के जीवन में ऐसा दौर आता है।' उन्होंने कहा कि वह मैकुलम और की के साथ मिलकर फिर टीम तैयार करेंगे।

### हांगकांग के खिलाफ भारतीय फुटबॉल टीम का ऐलान



**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया में जन्मे फॉरवर्ड रियान विलियम्स भारत के लिए पदार्पण कर सकते हैं, जिन्हें हांगकांग के खिलाफ 31 मार्च को कोच्चि में होने वाले एएफसी एशियाई कप 2027 क्वालीफायर के लिए 23 सदस्यीय भारतीय फुटबॉल टीम में जगह मिली है। फीफा से फुटबॉल संघ बदलने की मंजूरी मिलने के बाद 31 वर्ष के विलियम्स को सीनियर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के लिए खेलने का मौका मिल सकता है। वह बांग्लादेश के खिलाफ क्वालीफायर की तैयारी के लिए शिविर में थे लेकिन कागजी कार्रवाई पूरी नहीं होने के कारण वह खेल नहीं सके। एशियाई कप क्वालीफिकेशन की दौड़ से बाहर हो चुकी भारतीय टीम अपने अभियान का सकारात्मक अंत करना चाहेगी।

### थॉमस कप में भारत की अगुवाई करेंगे सेन



**नई दिल्ली।** लक्ष्य सेन अगले महीने होने वाले थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय पुरुष टीम की अगुवाई करेंगे जबकि पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधु और उन्नति हुड्डा उबर कप में भारतीय चुनौती पेश करेंगे। भारतीय बैडमिंटन संघ ने 2022 में थॉमस कप में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाली टीम के खिलाड़ियों को काफी हद तक बरकरार रखा है। उसने 24 अप्रैल से तीन मई तक डेनमार्क के होर्सेंस में होने वाली प्रतियोगिता के लिए सेन, किदांबी श्रीकांत, एचएस प्रणय तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी को टीम में बनाए रखा है। युवा शटलर आयुष शेट्टी को सीनियर स्तर पर लगातार अच्छे प्रदर्शन के बाद पहली बार टीम में जगह मिली है।

**मियामी ओपन : यानिक ने एकतरफा मुकाबले में मौटेट को 6-1, 6-4 से हराया**

# एटीपी मास्टर्स में लगातार 26 सेट जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने सिनर, तोड़ा जोकोविच का रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| मियामी

इटली के टेनिस खिलाड़ी यानिक सिनर ने मियामी ओपन में इतिहास रच दिया है। उन्होंने एकतरफा मुकाबले में कोरेंटिन मौटेट के खिलाफ 6-1, 6-4 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ सिनर ने एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर पर लगातार 26 सेट जीतने का रिकॉर्ड बनाया।

उन्होंने इस मामले में सर्बिया के दिग्गज खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को पीछे छोड़ दिया है। नोवाक जोकोविच के नाम एटीपी मास्टर्स 1000 में लगातार 24 सेट जीतने का रिकॉर्ड था। सिनर ने इससे पहले टूर्नामेंट के दूसरे राउंड में जीत दर्ज करते हुए जोकोविच के रिकॉर्ड की बराबरी की थी। मैच के बाद उन्होंने कहा कि वे अपनी फॉर्म से खुश हैं और हर मैच में ध्यान बनाए रखने की कोशिश कर रहे हैं।

### 13 मास्टर्स में 1000 मैच जीत चुके हैं सिनर

सिनर का यह सिलसिला पिछले नवंबर में पेरिस मास्टर्स से शुरू हुआ था, जहां उन्होंने बिना कोई सेट गंवाए खिताब जीता था। उन्होंने मार्च में भी शानदार फॉर्म को जारी रखा और पैरिबास ओपन में भी अपने दमदार प्रदर्शन को दोहराया। एटीपी की रिपोर्ट के मुताबिक, मियामी में अपनी दो जीत की वजह से सिनर अब लगातार 13 मास्टर्स 1000 मैच जीत चुके हैं।अब उनका अगला मुकाबला अमेरिका के युवा खिलाड़ी एलेक्स मिशेलसन से होगा, जिन्होंने एलेजांद्रो टैबिलो को हराकर अगले दौर में जगह बनाई है।




### 'सनशाइन डबल' हासिल करना लक्ष्य

सिनर का लक्ष्य 2017 में रोजर फेडरर के बाद 'सनशाइन डबल' हासिल करने वाले खिलाड़ी बनने का होगा। रैंकिंग की बात करें तो सिनर इस समय वर्ल्ड नंबर 1 की रेस में कार्लोस अल्काराज (स्पेनिश खिलाड़ी) के करीब पहुंचते जा रहे हैं। कार्लोस को रविवार को तीसरे राउंड में सेबेस्टियन कोर्डा के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था, जिसके बाद वह टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं।

### टियाफो ने मेंसिक को कड़े मुकाबले में हराया

एक अन्य मुकाबले में अमेरिका के फ्रांसेस टियाफो ने डिफेंडिंग चैंपियन जैकब मेंसिक को कड़े मैच में 7-6(4), 4-6, 7-6(11) से हराया। 28 साल के टियाफो मियामी में पांचवीं बार और 2022 के बाद पहली बार चौथे राउंड में पहुंचे हैं। दुनिया के 20वें नंबर के खिलाड़ी का अगला मैच फ्रांसीसी खिलाड़ी टेरेंस एटमेन से होगा, जिन्होंने कनाडाई टेनिस प्लेयर फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे को 6-3, 1-6, 6-3 से हराया था।

### पहले दौर में हारे युकी-वीनस



भारत के युकी भांबरी और न्यूजीलैंड के उनके जोड़ीदार माइकल वीनस मियामी ओपन के पहले दौर में जॉन पैट्रिक स्मिथ और सैंडर्स एरेंड्स से हारकर बाहर हो गए। युकी और वीनस को अंतिम 32 के मुकाबले में आस्ट्रेलिया के स्मिथ और नीदरलैंड के एरेंड्स ने एक घंटे 52 मिनट में 4-6, 7-5, 15-13 से हराया। इन दोनों जोड़ियों के बीच यह पहला ही मुकाबला था। युकी इस महीने की शुरुआत में आंद्रे गोरानसन के साथ इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में पहुंचे थे।

**आईपीएल में नया नियम**

# अब 10 ओवर के बाद आएगा मैच में रोमांच



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल का नया सीज़न 28 मार्च से शुरू होने वाला है। बस कुछ ही दिनों में, दो टीमें एक-दूसरे का सामना करेंगी। इसी बीच, बीसीसीआई ने एक नया नियम पेश किया है, जो काफी दिलचस्प है। खास बात यह है कि उम्मीद की जा रही है कि यह नया नियम पहले 10 ओवर पूरे होने के बाद मैच में उत्साह की एक नई लहर लाएगा।

### गेंद बदलने से जुड़े नियम

बीसीसीआई ने आईपीएल में गेंद बदलने को लेकर एक नया नियम लागू किया है, और इसमें हिस्सा लेने वाली टीमों को इसकी जानकारी पहले ही दे दी गई है। मैच के दौरान, अगर गेंद किसी ऐसी जगह चली जाती है जहाँ से उसे वापस नहीं लाया जा सकता—या अगर अंपायर को लगता है कि गेंद खराब हो गई है और उसे बदलने की ज़रूरत है तो इस बारे में आखिरी फैसला लेने का अधिकार सिर्फ़ अंपायर के पास होगा। अक्सर ऐसा होता है कि कोई बल्लेबाज़ छक्का मारता है और गेंद स्टेडियम से बाहर चली जाती है, जिसे बाद में कोई दर्शक अपने साथ ले जाता है, ऐसे मामलों में, यह नया नियम लागू होगा। नियमों के मुताबिक, बदली गई गेंद की खासियतें (स्पेसिफिकेशन्स) बिल्कुल वैसी ही होनी चाहिए जैसी पहले इस्तेमाल हो रही गेंद की थीं।

### दूसरी पारी में 10 ओवर पूरे होने के बाद गेंद बदलना

इसके अलावा, एक दूसरा नियम यह भी है कि दूसरी पारी के दौरान, गेंदबाज़ी करने वाली टीम अंपायर से गेंद बदलने का अनुरोध कर सकती है। हालांकि, यह अनुरोध सिर्फ़ 10 ओवर पूरे होने के बाद ही किया जा सकता है। मैच की दूसरी पारी में गेंदबाज़ी करने वाली टीम को 10वें ओवर के बाद किसी भी समय गेंद बदलने की इजाज़त है, लेकिन इस विकल्प का इस्तेमाल पूरी पारी में सिर्फ़ एक बार ही किया जा सकता है। हालांकि, यह ध्यान रखना ज़रूरी है कि यह खास नियम सिर्फ़ शाम के मैचों पर ही लागू होता है। इसलिए, जो मैच दोपहर 3:30 बजे (दिन के मैच) शुरू होने वाले हैं, उन पर गेंद बदलने का यह नियम लागू नहीं होगा। इस नियम की एक अहम बात यह है कि गेंद सिर्फ़ तभी बदली जा सकती है जब कोई ओवर पूरा हो चुका हो। चल रहे ओवर के बीच में गेंद नहीं बदली जा सकती।

**साउथ अफ्रीका टी20 सीरीज**

# भारतीय महिला टीम का ऐलान, अनुष्का का डेब्यू



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अनुष्का शर्मा को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 17 अप्रैल से शुरू हो रही पांच मैचों की टी20 क्रिकेट श्रृंखला के लिए पहली बार भारतीय महिला टीम में शामिल किया गया है। श्रृंखला के मैच डरबन, जोहानिसबर्ग और बेनोनी में होंगे। अनुष्का शर्मा को डब्ल्यूपीएल 2026 से पहले गुजरात जाइंट्स ने 45 लाख रुपए में खरीदा था । बाईस वर्ष की यह खिलाड़ी पिछले महीने बैंकॉक में राइजिंग स्टार्स एशिया कप में भारत ए टीम की सदस्य थी।

### स्नेह, अमनजोत, कमलिनी को नहीं मिला मौका

आस्ट्रेलिया को 2-1 से हराने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रही स्नेह राणा, अमनजोत कौर, कमलिनी और वैष्णवी शर्मा को दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिये टीम में जगह नहीं मिली है। तेज गेंदबाज काशवी गौतम को हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम में शामिल किया गया है। यह श्रृंखला जून जुलाई में ब्रिटेन में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए अहम है ।

### भारतीय टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रौड्रिग्स , दीप्ति शर्मा, रिचा घोष, अरूंधति रेड्डी, रेणुका ठाकुर, क्रांति गौड़, श्रीचरणी, श्रेयांका पाटिल, काशवी गौतम, भारती फुलमाली, उमा छेत्री, अनुष्का शर्मा ।

### भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला कल

माले। भारत की अंडर 20 पुरुष फुटबॉल टीम सैफ चैंपियनशिप में भाग लेने पहुंच गई है और पहले मैच में गुरुवार को पाकिस्तान से खेलेगी। इस मैच के बाद ग्रुप बी में भारतीय टीम का सामना 28 मार्च को बांग्लादेश से होगा। दोनों मैच नेशनल स्टेडियम में खेले जाएंगे। ग्रुप ए में मालदीव, श्रीलंका, नेपाल और भूटान की टीमें हैं। दोनों ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी, जो एक अप्रैल को होगा। फाइनल तीन अप्रैल को खेला जाएगा। भारत के अंडर 20 मुख्य कोच महेश गवली ने कहा,' यह काफी अहम और प्रतिष्ठित टूर्नामेंट है। सभी टीमें काफी प्रतिस्पर्धी है और हमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।'

### यश दयाल नहीं खेलेंगे आईपीएल आरसीबी से रहेगा अनुबंध बरकरार

**बेंगलुरु।** विवादों में घिरे तेज गेंदबाज यश दयाल आगामी आईपीएल सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम से नहीं जुड़ेंगे, लेकिन फ्रेंचाइजी के साथ उनका अनुबंध जारी रहेगा। यह जानकारी टीम के क्रिकेट निदेशक बोबाट ने दी। इस 28 वर्षीय खिलाड़ी पर कथित यौन शोषण के दो मामले दर्ज हैं। इसमें एक मामला नाबालिग से जुड़ा हुआ है। उन्होंने आरसीबी के लिए 2025 आईपीएल फाइनल में खेलने के बाद से कोई प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है। आरसीबी ने उस फाइनल में जीत दर्ज कर पहली बार खिताब अपने नाम किया था।



**हमने अब तक उनका पूरा समर्थन किया: बोबाट**

बोबाट ने कहा, मैं इस बात की पुष्टि कर सकता हूं कि यश टीम के साथ नहीं जुड़ेंगे। वे इस समय व्यक्तिगत परिस्थितियों से गुजर रहे हैं। हमने अब तक उनका पूरा समर्थन किया है और यह खिलाड़ियों को रिटेन या रिलीज करने के फैसले में भी दिखता है। उन्होंने कहा, हम उन्हें टीम में बनाए रखना चाहते थे और वे अनुबंध के तहत बने हुए हैं। निकट भविष्य में भी उनका अनुबंध जारी रहेगा। बोबाट ने बताया कि फ्रेंचाइजी ने उनके साथ संवाद बनाए रखा है। उन्होंने कहा, हम नियमित रूप से उनसे संपर्क में हैं।

# आरसीबी का भावुक फैसला, भगदड़ में जान गंवाने वाले की याद में पहनेंगे खास जर्सी

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाड़ी पिछले साल टीम की जीत के जश्न के दौरान भगदड़ में मारे गए 11 लोगों की याद में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र में मैच से पहले अभ्यास के दौरान 11 नंबर की जर्सी पहनेंगे। आरसीबी ने पिछले साल पहली बार आईपीएल ट्रॉफी जीती थी। इस जीत के जश्न के लिए चार जून को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में समारोह का आयोजन किया गया था। सुरक्षा की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण भगदड़ मच गई, जिसमें 11 लोगों की जान चली गई थी। इसके बाद आरसीबी को कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा था।




### 28 मार्च को सनराइजर्स के खिलाफ पहला मैच

आरसीबी के सीईओ राजेश मेनन ने कहा, ' मैच वाले दिन खिलाड़ी अभ्यास के दौरान 11 नंबर की जर्सी पहनेंगे। मैच के दौरान वे अपनी जर्सी नंबर में ही नजर आएंगे। अभ्यास के दौरान सभी खिलाड़ियों की पीठ पर जर्सी नंबर 11 लिखा होगा।' उन्होंने कहा, 'इसके अलावा उस दिन वे काले रंग के धूप के चश्मे भी पहनेंगे। हम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 11 स्थायी सीटें बनाने पर भी विचार कर रहे हैं।

### चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी ने किया 7 करोड़ रुपए का निवेश

*रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेश मेनन ने बताया कि फ्रेंचाइजी ने एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के अंदर और आसपास भीड़ प्रबंधन ढांचे को मजबूत करने के लिए करीब 7 करोड़ रुपए का निवेश किया है। यह कदम पिछले वर्ष चार जून 2025 को टीम के आईपीएल खिताब जश्न के दौरान स्टेडियम के पास हुई भगदड़ में 11 प्रशंसकों की मौत के बाद उठाया गया है। इस घटना के बाद आरसीबी और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) को सुरक्षा उपायों को सुदृढ़ करने के लिए बाध्य होना पड़ा था। मौजूदा आईपीएल सत्र में गत चैंपियन आरसीबी इस स्टेडियम में पांच मुकाबले खेलेगी, जिसकी शुरुआत शनिवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ उद्घाटन मैच से होगी।*

**आईसीसी महिला टी20 रैंकिंग: हरमनप्रीत 14वें और दीप्ति तीसरे नंबर पर पहुंची**

# स्मृति का जलवा बरकरार, हरमनप्रीत और दीप्ति को बढ़त

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में बल्लेबाजों की रैंकिंग में अपना दूसरा स्थान बरकरार रखा है जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर नवीनतम रैंकिंग में 14वें स्थान पर पहुंच गईं। मंधाना के अलावा आक्रामक बल्लेबाज शेफाली वर्मा शीर्ष 10 में शामिल दूसरी भारतीय खिलाड़ी है। उन्होंने अपना छठा स्थान बरकरार रखा है, जबकि जेमिमा रोड्रिग्स संयुक्त 11वें स्थान पर बनी हुई हैं।

गेंदबाजी विभाग में स्पिन ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा एक पायदान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गईं, जबकि तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर छठे स्थान पर बनी हुई हैं। तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी शीर्ष 10 से बाहर होकर 11वें स्थान पर खिसक गई है। दीप्ति ऑलराउंडरों की रैंकिंग में भी तीसरे नंबर पर पहुंच गई हैं।




### बल्लेबाजी रैंकिंग के शीर्ष 10 में शामिल जॉर्जिया

ऑस्ट्रेलिया की सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया वोल पहली बार बल्लेबाजी रैंकिंग के शीर्ष 10 में शामिल हुईं, जबकि न्यूजीलैंड की स्टार सोफी डिवाइन के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगातार दो अर्धशतकों ने उन्हें सूची में दो स्थान ऊपर18वें स्थान पर पहुंचने में मदद की। रवांडा की 15 वर्षीय फैनी उटागुशिमानिंदे टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपने पदार्पण मैच में (घाना के खिलाफ) शतक लगाने वाली दुनिया की पहली महिला खिलाड़ी बनी। यही नहीं वह पुरुष और महिला क्रिकेट में खेल के सबसे छोटे प्रारुप में शतक लगाने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी भी बनी। इससे उन्होंने 66वें स्थान पर रैंकिंग में प्रवेश किया है।


विकास की रफ्तार और संस्कृति का स्वाभिमान,
यही है आपके नेतृत्व की पहचान।
मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन जी यादव
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई
शुभकामनाएं
बाबा महाकाल आपको स्वस्थ, दीर्घायु जीवन के साथ मध्यप्रदेश को दोगुनी रफ्तार से प्रगतिपथ पर अग्रसर करने की शक्ति प्रदान करें, यही मंगलकामना है।
विक्रमादित्य द्वार
रामेश्वर शर्मा
विधायक-हुजूर भोपाल
मनोज कामवार
हेमंत बिरथरिया
वीरेंद्र मारण 'गोलू'
शादी लाल वर्मा
घनश्याम पाटीदार
कृष्णकांत पाल
विनय पाराशर
सौरभ बिरथरिया
मनोज नागर
आकाश नागर
रवि राजपूत
विवेक कुशवाह
निवेदक-
समस्त भाजपा कार्यकर्ता,
हुजूर विधानसभा, भोपाल




### ग्वालियर में माधवराव सिंधिया टूर्नामेंट में रोमांचक मुकाबला

# भोपाल ने जबलपुर को 229 रन से हराया

**भोपाल।** एमपीसीए द्वारा आयोजित ग्वालियर के माधवराव सिंधिया स्टेडियम में खेले जा रहे माधवराव सिंधिया कप- 2025-26 में मंगलवार को खेले गए मुकाबले में भोपाल ने जबलपुर को 229 रन से हराकर पॉइंट टेबल में 4 अंक अर्जित किए।


प्रारब्ध मिश्रा, जिन्होंने 5 विकेट लिए।

इससे पहले टॉस जबलपुर की टीम ने जीता और क्षेत्र रक्षण का फैसला लिया। भोपाल की टीम ने तय 50 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 358 रन बनाए। इनमें कनिष्क दुबे ने 12 चौके और दो छक्कों की मदद से शानदार शतकीय पारी खेलते हुए 84 गेंदों का उपयोग करते हुए 118 रन बनाए। वहीं तनिष्क यादव ने 83 गेंद खेलीं और शतक से चूकते हुए 97 रन के स्कोर पर आऊट हुए। तनिष्क ने भी 7 चौके और 4 छक्के जड़े। इनके साथ ही ओजस्व यादव ने 6 चौके और 3 छक्कों की सहायता से 62 रन बनाए। गेंदबाजी में जबलपुर के पारुष मंडल ने 59 रन देकर 4 विकेट झटके। वहीं, प्रकाश त्रिपाठी और रीतेश शाक्या ने एक एक विकेट लिया। जवाब में जबलपुर की टीम 27 ओवर में 151 रन ही बना सकी और यह मुकाबला 229 रन से हार गई। इनमें राहुल शर्मा ने 62, साहिल ठाकुर ने 23 और अथर्व यादव ने 27 रन बनाए। गेंदबाजी में भोपाल के प्रारब्ध मिश्रा ने 14 रन देकर 5 खिलाड़ियों को वापस पैवेलियन भेजा, वहीं अश्विन दास ने 16 रन देकर 2 और अनिमेष सिंह ने 25 रन देकर एक विकेट लिया। प्लेयर ऑफ द मैच भोपाल के कनिष्क दुबे रहे।

### केएआई सीनियर नेशनल कराटे चैंपियनशिप–2026 का सफल समापन

# भोपाल में कराटे खेल प्रतिभाओं का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केएआई सीनियर नेशनल कराटे चैंपियनशिप–2026 का समापन एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में मंगलवार को हो गया। इस दो दिनी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खेल भावना, अनुशासन और समर्पण का परिचय दिया।

कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया (केएआई) के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में लगभग 19 राज्यों के 450 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसने देश में कराटे की बढ़ती लोकप्रियता और स्तर को प्रदर्शित किया। समापन समारोह में अध्यक्ष, केएआई बैकुंठ सिंह, उपाध्यक्ष केएआई डॉ. पंकज शुक्ला, अध्यक्ष-साउथ वेस्ट कराटे एसोसिएशन व महासचिव केएआई योगेश कालरा एवं अध्यक्ष, एकेएएमपी जयदेव शर्मा उपस्थित रहे। खिलाड़ियों ने कुमिते एवं काता स्पर्धाओं में उच्च स्तरीय तकनीकी कौशल और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का प्रदर्शन किया।


कराटे में के विजेता प्रतिभागी को पुरस्कृत करते अतिथि।

**मुख्य परिणाम**

कुमिते (महिला +68 किग्रा)
- स्वर्ण – दीपसाइखा (हरियाणा)
- रजत–रिजा गुम्जा (अरुणाचल)
- कांस्य – डेज़ी (दिल्ली)

कुमिते (पुरुष 75–84 किग्रा)
- स्वर्ण – हर्ष चौहान (मध्यप्रदेश)
- रजत – विकास (चंडीगढ़)
- कांस्य – नसीब (हरियाणा)

सीनियर फीमेल इंडिविजुअल काता
- स्वर्ण – टी. अबिया (तमिलनाडु)
- रजत – तितास दास (प.बंगाल)
- कांस्य – काजल (पंजाब), लाल रिंजाली (मिजोरम)

सीनियर मेल इंडिविजुअल काता
- स्वर्ण–आदित्य (प बंगाल)
- रजत – पी. संतोष (तमिलनाडु)
- कांस्य– दिबाययान (बिहार),

### स्व. कैलाश नारायण सारंग स्मृति 9वां ऑल इंडिया मास्टर्स कप क्रिकेट टूर्नामेंट

# विभागीय ग्रुप में डीजीपी-11 ने जीएसटी को 131 रन से तो कॉर्पोरेट ग्रुप में सुपर हिटर्स ने शेडो हॉक्स को हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्व. कैलाश नारायण सारंग की स्मृति मे आयोजित 9वीं मास्टर्स कप क्रिकेट प्रतियोगिता में मंगलवार को विभागीय ग्रुप में डीजीपी 11 और जीएसटी के मध्य मैच खेला गया, जिसमें डीजीपी 11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 190 रन बनाए। इनमेंगौरव सिंह ने 64, विजय सिंह ने 39, भीम ने नाबाद 26, नागेंद्र सिंह ने 25 और विनय ने 16 रन का योगदान दिया। जीएसटी के गेंदबाज पारितोष शर्मा रोमी ने 42 रन देकर 3 विकेट, जबकि निलेश राहुल और प्रसन्न ने 1-1 विकेट लिए। जवाब में जीएसटी की टीम 18.4 ओवर मे 59 रन ही बना सकी और यह मैच हार गई।


पुरसकृत करते अतिथि।

**सुपर हिटर्स के अंकित ने खेली तूफानी पारी**

वही आज का दूसरा मैच कॉरपोरेट ग्रुप में शैडो हॉक्स और सुपरहिटर्स के बीच खेला गया, जिसमें शैडो हॉक्स ने 119 रन बनाए । जवाब में सुपर हिटर्स की टीम ने 12 ओवर मे 4 विकेट के नुकसान पर 122 रन बनाकर यह मैच 6 विकेट से जीत लिया। शैडो हॉक्स के आदित्य सिंह ने 2 विकेट लिए। अंकित लोधी को दोहरे प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया उन्हें सीनियर क्रिकेटर और कोच केडी गुप्ता ने पुरस्कृत किया।

### विधायक अंडर 12 बीडीसीए क्रिकेट टूर्नामेंट

# लीगसी ने एस अकादमी को 15 रन से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गौतम नगर मैदान पर विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी द्वारा आयोजित विधायक कप अंडर 12 बी डी सी ए क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को ऐस क्रिकेट अकादमी और लीगसी अकादमी के माध्यम मैच खेला गया। लीगसी अकादमी ने निर्धारित 30 ओवर मे 195 रन बनाए। इनमें प्रियांश ने 52 और परिनीति ने 50 रन का योगदान दिया। ।ऐस की और से लक्ष्य का पीछा करने उतरी और 180 रन ही बना सकी। इस तरह लीगसी अकादमी ने 15 रन से मैच जीत लिया। लीगसी के गेंदबाज राज और विवान ने दो दो विकेट लिए।



### राधारमण में वार्षिकोत्सव 'विहान 2026' के अंतर्गत खेल प्रतियोगिताएं आयोजित

# आर्म रेसलिंग में शुभम तो छात्रा वर्ग में वैष्णवी रहीं विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राधारमण ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, रातीबड़ परिसर में आयोजित वार्षिकोत्सव "विहान 2026" के अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं उत्साहपूर्वक संपन्न हुईं। टग ऑफ वॉर प्रतियोगिता में छात्र एवं छात्रा दोनों वर्गों में राधारमण आयुर्वेद कॉलेज की टीम विजेता रही। आर्म रेसलिंग में छात्र वर्ग में शुभम सोलंकी एवं छात्रा वर्ग में वैष्णवी ताम्रकार विजेता रहे। कैरम प्रतियोगिता में कड़े मुकाबलों के बाद छात्र वर्ग में समीर खान (आयुर्वेद) एवं छात्रा वर्ग में अवनी तिवारी (आयुर्वेद) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि उपविजेता क्रमशः मोहम्मद अहसान एवं वैष्णवी ताम्रकार (आयुर्वेद) रहे।इस अवसर पर राधारमण ग्रुप के अध्यक्ष इंजी. संजीव राधारमण सक्सेना ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में टीम भावना, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। आगामी दिनों में खो-खो, गली क्रिकेट एवं शतरंज सहित अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।






# Ex-showroom price of TVS XL100 Heavy Duty Kick Start variant in Madhya Pradesh. ^ 3 years warranty included. 5 years additional warranty can be purchased. *Finance at the sole discretion of the financier. + Based on internal test conditions. As compared to BS-IV models. T&C apply.

TVS 3 YEAR WARRANTY | TVS CREDIT | SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST

FOR ALL INSTITUTIONAL/BULK REQUIREMENTS PLEASE MAIL corporatecustomersupport@tvsmotor.co.in मुख्य अधिकृत विक्रेता – भोपाल : कोहिनूर टीवीएस, 7389901018, 7554245855, कोहिनूर टीवीएस, 7389924459, 7389924456, अट्रेक्टिव टीवीएस, इंद्रपुरी भोपाल, 8370003697, 8370002230, कोहिनूर टीवीएस, 9870326564, 9111018733, भोपाल टीवीएस, 0755–4948300, 9926526466, संकल्प टीवीएस, मो. 7898987990, 7898987984, सक्सेस टीवीएस, मो. 9826717528, 8889655523, रायसेन : सिद्धीसारथी टीवीएस, 9238234860, 9303816415, सीहोर : ममता टीवीएस, 9201826868, राजगढ़ : श्री सांवरिया टीवीएस, 9039551201, 7748099834, जीपीडी टीवीएस, 9753055245, 7974190962, मंगल टीवीएस, 9171112384, 9171112386, विदिशा : यूरेका टीवीएस, 07592–403859, 9806974281, तारणम् टीवीएस, 9243122422, 9827399444, अशोकनगर : श्री विनायक टीवीएस, 7879041038, 7999608681, गुना : वंदना टीवीएस, 9755364517, 7694000571, श्री हरिगिरधर टीवीएस, 9425710114, 9425710113, बैतूल : ओम शक्ति टीवीएस, 9340291652, 7049027410, नर्मदापुरम : श्री ओम शक्ति टीवीएस, 9340249811, 9329914754, इटारसी : आई लक्ष्मी टीवीएस, 9244377833, सारणी : लक्ष्मी टीवीएस, 9425366960, 8959091939, हरदा : श्री विद्यासागर टीवीएस, 7697255552, अधिकृत डीलर भोपाल : भानपुर 9981997535, 9981641501, 9713681500, करोंद 7772005953, हर्राखेड़ा 9893548735, ईंटखेड़ी 8120928303, फंदा 9806175382, नेहरूनगर 7723977850, 9893231841, बैरागढ़ 9827081627, 7987196944, बैरसिया 07565–292222, 7580876776, 9754784161, बंगरसिया 9131494312, 9826934463, देहगांव 9893932299, उदयपुरा 9893509802, सुल्तानपुर 8120053803, अधिकृत डीलर अशोकनगर : बहादुरपुर 9591155334, राजपुर 6266358545, ईसागढ़ 8878682065, 9425798779, मुंगावली 8839740541, 9806374388, अधिकृत डीलर गुना : आरोंन 8085808501, बमौरी 7987068010, फतेहगढ़ 6265242811, मक्सूदनगढ़ 9424849214, राघौगढ़ 9669843208, जामनेर 7770960853, अधिकृत डीलर रायसेन : गैरतगंज 9425653354, 7999934324, देहगांव 6264514663, मंडीदीप 9893016056, 9009085515, ओबेदुल्लागंज 7987999256, 9713470480, सिलवानी 6266504460, बैगमगंज 8770809631, बरेली 9009222227, उदयपुरा 9893509802, अधिकृत डीलर राजगढ़ : छापीहेड़ा, 8109238402, जीरापुर, 7581071198, 6166386978, खिलचीपुर 9893624685, कुरावर 9981241802, माचलपुर, 9685505767, सारंगपुर, 7000013615, 7000822287, तलेन 9926922770,अधिकृत डीलर विदिशा : गंज बासोदा 8989029329, 9584494644, गुलाबगंज 9993944799, 9993182352, ग्यारसपुर 9752535692, 6260403349, लटेरी 9074929908, शमशाबाद 9755106709, सिरोंज 8770963822, कुरवाई 9617457020, अधिकृत डीलर नर्मदापुरम : बाबई 7828641086, बनखेड़ी 8602257406, बुदनी 9827005454, डोलरिया 9977220337, पिपरिया 9329770107 , सिवनी मालवा 6264865638, शाहगंज 8461890106, सोहागपुर 7000862026, अधिकृत डीलर बैतूल : आमला 6261272636, आठनेर 9425623807, चिचोली 9179178890, चोपना 9977653785, घोड़ाडोंगरी 9407521428, भैंसदेही 9977711439, अधिकृत डीलर सीहोर : आष्टा 9977707427, चांदबड़ 8719082045, लाड़कुई 9229651220, नसरूल्लागंज 9977877877, श्यामपुर 9201826868, बिलकिसगंज 9783587709, श्यामपुर 7566784778, 9981241802, अधिकृत विक्रेता हरदा : टिमरनी 9755930630.

dentsu/har bho/03/26

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930